आज का मौसम
25.0⁰ अधिकतम तापमान
14.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.38
सूर्यास्त 06.10


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 07:09 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2082
रविवार, 1 मार्च 2026, वर्ष 6, अंक 5, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये



एनटीपीसी पर लगाया 10.86 लाख रुपये का जुर्माना

- 10




डीमैट अकाउंट खोलना क्यों जरूरी, किन बातों का रखें ध्यान

- 10



उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन बोले- भारत के विकास में स्नातकों की भूमिका अहम

- 11



जो जीतेगा, खेलेगा सेमीफाइनल वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत का मुकाबला आज

- 12



## स्टेट ब्रीफ

### 16-18 मार्च तक राज्य में मॉक ड्रिल

**देहरादून :** राज्य में आपदा प्रबंधन की तैयारियों को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से 16, 17 तथा 18 मार्च को राज्य के सभी जिलों में व्यापक स्तर पर मॉक ड्रिल होगी। यह अभ्यास अलग-अलग तहसीलों में कराया जाएगा, ताकि जिला मुख्यालय के साथ-साथ तहसील स्तर पर भी आपदा से निपटने की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके और स्थानीय स्तर पर प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत किया जा सके। शनिवार को सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने बैठक में मॉक ड्रिल की तैयारियों की समीक्षा की।

### हाईकोर्ट ने किया ट्रांसफर आदेश रद्द

**नैनीताल :** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने देहरादून के चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा निदेशालय में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के पद पर तैनात रजनी रावत के स्थानांतरण आदेश को रद्द कर दिया। रजनी रावत ने 13 फरवरी के स्थानांतरण आदेश को चुनौती दी थी जिसके आधार पर उन्हें चमोली जिला अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया था। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि स्थानांतरण आदेश प्रशासनिक आधार पर जारी किया गया है। याचिकाकर्ता को सुनवाई का अवसर दिए बिना और उचित जांच के बिना जारी किया गया।

# कानून व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : सीएम

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वानिकी प्रशिक्षण अकादमी सभागार बैठक को संबोधित

- कहा, एचएमटी फैक्ट्री की भूमि पर राज्य सरकार को हस्तांतरित
- सरकार इस भूमि से युवाओं को रोजगार देने के लिए प्रयासरत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कड़े लहजे में कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस, प्रशासन तथा सभी विभागों को आमजन के प्रति संवेदनशील, उत्तरदायी और परिणामोन्मुखी दृष्टिकोण अपनाने के निर्देश दिए। वानिकी प्रशिक्षण अकादमी सभागार की एक बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री अपनी बात रख रहे थे।

सीएम ने कहा कि रानीबाग स्थित एचएमटी फैक्ट्री की भूमि पर राज्य सरकार को हस्तांतरित हो गई है। अब सरकार इस भूमि से युवाओं को रोजगार देने के लिए प्रयासरत है। इसी क्रम में इस भूमि पर आईटी हब विकसित करने की योजना है, जिसकी कार्यवाही गतिमान है। इससे क्षेत्र में रोजगार सृजन एवं औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।



मेडिकल कालेज में विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।। ● अमृत विचार

### इन योजनाओं का किया लोकार्पण

शिप्रा नदी में 30 मीटर स्पान के मोटर पुल, राजकीय औद्योगिक संस्थान हल्द्वानी में टैक्नोलॉजी लैब, नलकूप निर्माण, कोटाबाग में महादेवपुरम व झलुवाझाला नलकूप, बैलपोखरा में नलकूप तथा बैलपड़ाव में सिचाई नलकूप, महिला महाविद्यालय में लैब, लालकुआ में नलकूपों पर स्टैबलाइजर एवं जलजीवन मिशन के अन्तर्गत 14 पेयजल योजनाओं में हरिपुर लच्छी, कालूपुर पोखरिया, जीतपुर रैक्वाल, देवलातल्ला, भवान सिंह नवाड़, बसन्तपुर, किशनपुर रैक्वाल, चोरगलिया आमखेडा जयराम परमा, हल्दूचौड जग्गी, भवानीपुर कृष्णा, पाडलीपुर, भगवानपुर दुर्गापुर, बकुटिया पेयजल योजना, पशु चिकित्सालय रामगढ़ में भवन निर्माण सहित 23 विकास का लोकार्पण किया गया।

### इन योजनाओं का किया शिलान्यास

कसियालेख-धारी मोटर मार्ग, रानीबाग-खुटानी, चाफी-पदमपुरी-धानाचुली, मोतियापाथर- शहरफाटक मार्ग सुधारीकरण, नैनीताल के अनावासीय भवन निर्माण, भेंटी दियारी खोली मोटर मार्ग, नशा मुक्ति केन्द्र पांडे नवाड़ मरम्मत कार्य, नवाबी रोड सीवरेज, 28 एमएलडी एसटीपी निर्माण, नरीमन तिराहे से गौलापुल तक सड़क मरम्मत, देवरामपुर गौलागेट सड़क सुधारीकरण, हल्दूचौड़ गौला रोड डीबीएमस, चांदनी चौक घुड़दौड़ा तक मार्ग सुधारीकरण, पीपल पोखरा में साईं शटरिंग, हिम्मतपुर बैजनाथ पीसी, वृन्दावन विहार एवं चांदनी चौक में पीसी नवनिर्माण, गुंसाईपुर में सड़क सुधारीकरण एवं पनचक्की- चौफुला- कठघरिया नहर कवरिंग शामिल हैं।



खटीमा आवास पर सीएम पुष्कर सिंह धामी को होली का टीका लगातीं उनकी माता बिशना देवी। इस दौरान सीएम ने भी उन्हें टीका लगाकर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर सीएम ने कहा कि, आज खटीमा आवास पर पूज्य माताजी के स्नेहिल सान्निध्य में रंगों के पावन पर्व होली को प्रेम, सद्भाव और उल्लास के साथ मनाया। माताजी का आशीर्वाद सदैव जीवन में ऊर्जा, सकारात्मकता और नई प्रेरणा का संचार करता है।

### सुप्रीम कोर्ट ने भी माना बनभूलपुरा में है अतिक्रमण

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा रेलवे व राज्य सरकार भूमि पर अतिक्रमण प्रकरण में सीएम धामी ने कहा कि अब तो सुप्रीम कोर्ट ने भी सुनवाई में स्वयं मान लिया है कि उक्त क्षेत्र अतिक्रमित है, अवैध रूप से अवैध कब्जे हैं। इस समस्या का समाधान तो पहले ही हो जाना चाहिए था लेकिन सपा, कांग्रेस जैसी पार्टियां इसको सुप्रीम कोर्ट तक ले गई थी जिसकी वजह से मामला इतने वर्षों तक लंबित रहा। उन्होंने कहा कि बिंदुखत्ता को लेकर भी सांसद, विधायक व जनप्रतिनिधि व सरकार गंभीरता से प्रयास कर रही है कि बिंदुखत्ता जैसे जितने भी स्थान हो बग्गा चौवन, रामनगर आदि की समस्या का समाधान किया जाए।

### डंपर का वीडियो बनाया तो एसडीएफओ से मारपीट

**विकासनगर:** विकासनगर क्षेत्र के बाड़वाला क्षेत्र में यमुना नदी की ओर जा रहे एक डंपर की वीडियो बनाने के प्रयास के दौरान एसडीएफओ से अभद्रता और मारपीट का मामला सामने आया है।

पुलिस के अनुसार, उप प्रभागीय वनाधिकारी (एसडीएफओ) कालसी चकराता वन प्रभाग राजीव नयन नौटियाल ने कोतवाली विकासनगर पर लिखित शिकायत दर्ज करायी कि शुक्रवार की देर शाम अपने कार्यालय कालसी से वापस जाने के दौरान उन्हें बाड़वाला क्षेत्र में हरिपुर से यमुनानदी की ओर एक डंपर जाता हुआ दिखाई दिया, जिसकी वीडियो बनाने के दौरान वहां मौजूद कुछ लोगों द्वारा उसका विरोध करते हुए उनके साथ मारपीट करते हुए सरकारी कार्य में बाधा डाली गई। इस संबध में एसपी देहात विकासनगर पंकज गैरोला ने शनिवार को बताया कि, एसडीएफओ की तहरीर पर संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। वहीं, इस घटना में द्वितीय पक्ष मनीष चौहान निवासी बाड़वाला द्वारा तहरीर दी गई है जिसके आधार पर कोतवाली विकासनगर पर संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। दोनों अभियोगों में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही की जा रही है।

# रैना व कार्तिक का गौलापार में दिखेगा जलवा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** क्रिकेट प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। लेजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) के अब तक के सबसे बड़े सीजन का आगाज इस बार हल्द्वानी से होने जा रहा है। 11, 12 और 14 मार्च को शहर के गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में तीन हाई-प्रोफाइल मुकाबले खेले जाएंगे। लीग के को-फाउंडर रमन रहेजा ने प्रेस वार्ता में इसकी आधिकारिक घोषणा की।

उन्होंने बताया कि इस टूर्नामेंट के जरिए क्रिकेट प्रेमियों को एक बार फिर अपने पुराने नायकों को मैदान पर चौके-छक्के लगाते देखने का अवसर मिलेगा। रमन रहेजा के अनुसार, हल्द्वानी में होने वाले शुरुआती मैचों में 11 देशों के क्रिकेट लेजेंड्स हिस्सा लेंगे। भारतीय सितारों में सुरेश रैना, दिनेश कार्तिक, इरफान पठान और एस. श्रीसंत शामिल हैं। वहीं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में कार्लोस ब्रैथवेट, थिसारा परेरा और असगर अफगान जैसे ग्लोबल स्टार्स अपना जलवा बिखेरेंगे। यह सीजन का शुरुआती चरण होगा, जिसके बाद देश के चार अन्य शहरों में 16 और मैच आयोजित किए जाएंगे। आयोजकों के मुताबिक, यह सीजन खेल के साथ-साथ प्रसारण के लिहाज से भी ऐतिहासिक रहेगा। लीग का प्रसारण दुनिया के 100 से अधिक देशों में किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मैचों का प्रसारण अंग्रेजी में होगा, जबकि भारत में 13 चैनलों पर 11 अलग-अलग भाषाओं में मुकाबलों का सीधा प्रसारण किया जाएगा। टिकटों की शुरुआती कीमत 499 रुपये रखी गई है। बताया की मैच रात को 7:30 मिनट में शुरू होंगे। इधर उप निदेशक खेल रशिका सिद्दकी ने बताया की लीग से जुड़े हुए लोग उनके पास पहुंचे थे।

### आज होंगे बैडमिंटन के फाइनल मुकाबले

**हल्द्वानीः** जिला नैनीताल बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से हल्द्वानी स्टेडियम बैडमिंटन हॉल में 24वीं राज्य स्तरीय सीनियर मास्टर बैडमिंटन प्रतियोगिता के दूसरे दिन शनिवार को भी मुकाबले खेले गए। मुख्य अतिथि इनकम टैक्स कमिश्नर नरेंद्र सिंह जगपांगी और विशिष्ट अतिथि प्रवीण रौतेला ने आयोजन स्थल पर स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। आयोजन में डीके सेन, त्रिलोक जीना, भरत दास, बलजीत सिंह, पूरन बिष्ट, देवेश बिष्ट, अरविंद पांडे समेत कई लोग मौजूद रहे।

# वेल-बीइंग की भावना से जुड़ा है वसंतोत्सव

- राज्यपाल ने आर्ट गैलरी और फोटो प्रदर्शनी का किया अवलोकन

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने शनिवार को लोक भवन में आयोजित वसंतोत्सव के अवसर पर आर्ट गैलरी और फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। तीन दिवसीय प्रदर्शनी में चित्रकारों द्वारा विविध विषयों पर आधारित आकर्षक चित्रों का प्रदर्शन किया गया। वहीं, फोटोग्राफरों द्वारा प्राकृतिक सौंदर्य, जीव-जंतुओं तथा अन्य विषयों पर आधारित सुंदर छायाचित्र प्रदर्शित किए गए। इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि, इस महोत्सव की मूल भावना 'हीलिंग और वेल-बीइंग' है, जिसे यहां के वातावरण में स्पष्ट रूप से महसूस किया जा सकता है। राज्यपाल ने ध्यान केंद्र में जाकर 'पुष्प ध्यान' किया और उसके सकारात्मक प्रभावों का अनुभव किया। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति फूलों और रचनात्मकता के निकट रहता है तो उसकी मानसिक और शारीरिक हीलिंग स्वाभाविक रूप से होती है। उन्होंने योग केंद्र की विशेष सराहना करते हुए कहा कि यहां फूलों के माध्यम से स्वास्थ्य सुधार के विभिन्न आयामों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है।



ध्यान केंद्र में पुष्प ध्यान करते राज्यपाल गुरमीत सिंह। ● अमृत विचार

### बेटियों द्वारा संचालित स्टॉलों की सराहना

राज्यपाल ने वसंतोत्सव में कलाकारों और फोटोग्राफरों से संवाद कर उनकी प्रतिभा की सराहना की तथा कई चित्रकारों की पेंटिंग्स खरीदकर उनका उत्साहवर्धन भी किया। महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए पारंपरिक व्यंजनों के स्टॉलों का भी अवलोकन किया, जहां लोगों की अच्छी खासी भीड़ रही। इस दौरान उन्होंने औद्यानिक गतिविधियों से जुड़े गैर-सरकारी संगठनों एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का भ्रमण कर उनके उत्पादों की जानकारी ली। राज्यपाल ने स्टॉलों से खरीदारी कर विक्रेताओं का उत्साहवर्धन किया। महिला स्वयं सहायता समूहों व बेटियों के स्टार्टअप स्टॉलों की भी सराहना की।


## सेवा, समर्पण और सफलता की कहानी-हुमा



**परिचय - शिक्षा के क्षेत्र में सफलतम 20 वर्ष**

**हुमा - एम.ए., बी.एड., एल.एल.बी., एम.ए.-हिन्दू कालेज (मुरादाबाद), एम.ए. उर्दू-हिन्दू कालेज (मुरादाबाद), प्रारम्भिक शिक्षा - जे.एल.एम., इंटर कालेज, कुन्दरकी (मुरादाबाद) बी.एड.-देवभूमि (गदरपुर), एल.एल.बी.- चाणक्य लॉ कालेज (रुद्रपुर) प्रधानाध्यापिका- सेंट मैरी जूनियर हाई स्कूल, किच्छा**

ADVT.

वर्ष 2003 में किच्छा के प्रतिष्ठित शिक्षित परिवार अध्यापक अब्दुल रहमान अंसारी के परिवार में विवाह हुआ। मुरादाबाद का कुन्दरकी क्षेत्र अत्यंत पिछड़ा व छोटा कस्बा है जहाँ उस वक्त 1990 के दौर में लड़कियों की पढ़ाई पर ध्यान नहीं दिया जाता था और लड़कियों की पढ़ाई को खास तबज्जो नहीं थी लेकिन अपनी दृढ़ इच्छा के चलते हुमा ने इंटर तक की पढ़ाई कुन्दरकी तथा मुरादाबाद से पूरी की। विवाह के बाद हुमा ने वर्ष 2006 में प्रथम बार सेंट मेरी जूनियर हाईस्कूल (किच्छा) की कमान संभाली और प्रधानाध्यापिका के रूप बड़ी जिम्मेदारी ली।

उस समय विद्यालय में मात्र 385 छात्र थे। हुमा की लग्न से दायित्व निभाने के चलते छात्रों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई और मात्र 4 वर्षों में 2010-11 में यह संख्या 856 तक पहुंच गई। उनके लगातार प्रयास से वर्ष 2009 में भारत सरकार द्वारा संचालित उर्दू डिप्लोमा सेन्टर सेंट मैरी विद्यालय को मिला, जो लगातार 16 वर्षों से उर्दू अध्ययन के क्षेत्र में कामयाबी के साथ संचालित है। अपने दायित्व को निभाने हुए हुमा ने वर्ष 2014 में ग्रामीण बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर उनके भविष्य को उज्जवल बनाने के उद्देश्य से ग्राम छिनकी में सेंट मेरी की दूसरी शाखा की स्थापना की, जो आज हायर सेकेण्ड्री विद्यालय बनकर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान कायम करने में सफल साबित हुआ है और ग्रामीण निर्धन विशेष बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान कर रहा है।

उनके दिशा निर्देशन में बच्चों को प्रतिदिन योग का अभ्यास करा कर उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर बच्चों को मानवता, राष्ट्रीयता, देश प्रेम, नैतिकता का पाठ पढ़ाकर उन्हें संस्कारवान बनाया जा रहा है। हुमा मैडम का लक्ष्य है कि वर्ष 2027 तक इण्टर कालेज की स्थापना की जाये। हुमा के प्रयासों से निकटवर्ती ग्राम सिरौली में छोटे बच्चों के लिये इसी सत्र 2026-27 में NC, KG, UKG स्कूल की स्थापना भी हो गई है। शिक्षा के क्षेत्र में सेंट मेरी शिक्षण संस्थान अपनी कार्यप्रणाली को लेकर विशेष पहचान बना रहा है।

शिक्षा के अलावा एड. हुमा धार्मिक, शैक्षणिक व सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करती हैं। एक शिक्षक के साथ साथ एड. हुमा कानूनी सलाहकार व हैल्थ वेलनेस कोच के रूप में अपनी सेवायें दे रही हैं। इसके साथ ही हुमा एल.एल.बी. की पढ़ाई पूरी कर चुकी हैं और उत्तराखंड उच्च न्यायालय (नैनीताल) में अधिवक्ता के रुप में पंजीकृत हैं। एड. हुमा का उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के साथ उन्हें न्याय दिलाना है, इसी उद्देश्य से उन्होंने वकालत की शिक्षा ग्रहण की है।























### यूओयू ने रुड़की व देहरादून क्षेत्र में स्थापित किए दो नए अध्ययन केंद्र

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय ने उच्च शिक्षा के विस्तार को लेकर रुड़की और देहरादून क्षेत्र में दो नए अध्ययन केंद्र स्थापित किए हैं। इन अध्ययन केंद्रों के संचालन के लिए शनिवार को विवि मुख्यालय में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। रुड़की क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत एसएमजेएन पीजी कॉलेज, हरिद्वार और देहरादून क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत जीआरडी गर्ल्स डिग्री कॉलेज को अध्ययन केंद्र के रूप में संचालित करने के लिए एमओयू हुआ। इस मौके पर एसएमजेएन पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुनील बत्रा और जीआरडी गर्ल्स डिग्री कॉलेज के कैंपस निदेशक सिद्धांत चमोली ने विवि के कुलसचिव डॉ. खेमराज भट्ट के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम विवि के कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कुलपति प्रो. लोहनी ने कहा कि नए अध्ययन केंद्रों की स्थापना से रुड़की और देहरादून क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा, शैक्षणिक परामर्श, अध्ययन सामग्री, परीक्षा व प्रशासनिक सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी। इस मौके पर निदेशक, क्षेत्रीय सेवा निदेशालय प्रो. गिरिजा प्रसाद पांडे, अपर निदेशक प्रो. एमएम जोशी, निदेशक एमपीडीडी प्रो. पीडी पंत, परीक्षा नियंत्रक डॉ. सोमेश कुमार, निदेशक पत्रकारिता व जनसंचार प्रो. राकेश रयाल, प्रशासनिक अधिकारी पीएस परिहार रहे।


रंगोत्सव होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**भव्य शुभारम्भ**

दिनांक : 01 मार्च, 2026 | समय : दोपहर 03 बजे

**फूड स्टेशन (चौपाटी)**

पंत कॉलोनी, निकट एस्कॉन मन्दिर, मुखानी, हल्द्वानी (नैनीताल)
8077965848, 8077964927





# स्वस्थ नारी परिवार और समाज की सशक्त रीढ़

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा कि, बेटियां राष्ट्र का भविष्य हैं और स्वस्थ नारी ही परिवार तथा समाज की सशक्त रीढ़ होती है। एचपीवी टीकाकरण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि महिला स्वास्थ्य सुरक्षा का एक मजबूत संकल्प है, जो सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

गांधी शताब्दी चिकित्सालय में राज्यपाल ने इस टीकाकरण का शुभारंभ किया, जिससे एचपीवी टीकाकरण के प्रदेशव्यापी अभियान की औपचारिक शुरुआत हुई। राज्यपाल ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अजमेर से राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण का वर्चुअल शुभारंभ महिला स्वास्थ्य, किशोरियों के कल्याण एवं स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति भारत सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भारत सरकार द्वारा बड़े स्तर पर वैक्सीनेशन मिशन प्रारंभ किया गया है, जो महिला सशक्तीकरण की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने विश्वास जताया कि, यह पहल आने वाले वर्षों में महिला स्वास्थ्य के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाएगी। राज्यपाल ने आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, पीएचसी एवं सीएचसी से इस अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, सांसद नरेश बंसल, विधायक खजान दास, सचिव स्वास्थ्य सचिन कुर्वे आदि रहे।



सीएम योगी को स्मृति चिन्ह भेंट करते हेमंत द्विवेदी, साथ में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज।

### सीएम योगी से भेंट, विनिमय हेतु पत्र सौंपा

**देहरादून :** कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज की उपस्थिति में श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी )अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने शनिवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में शिष्टाचार भेंट की तथा आगामी चारधाम यात्रा का आमंत्रण दिया। इस दौरान बीकेटीसी अध्यक्ष ने सीएम योगी को बीकेटीसी की लखनऊ तथा हंसुआ-फतेहपुर की भवन एवं बगीचों तथा भूमि को विनिमय कर उप्र सरकार में समाहित करने तथा उसके स्थान पर बीकेटीसी को हरिद्वार, देहरादून, ऋषिकेश में उप्र सरकार की उपलब्ध भूमि को देने संबंधी पत्र सौंपा। बताया कि इन संपत्तियों से वर्तमान में मंदिर समिति को कोई आमदनी नहीं है जबकि देखरेख पर व्यय ज्यादा होता है। उत्तराखंड राज्य निर्माण के बाद बीकेटीसी उक्त स्थल की देखभाल अधिक दूरी होने के कारण कुशलतापूर्वक नहीं कर पा रही है, जिसके चलते कई भू-माफियाओं की नजर इस भूमि पर है। जिस पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

आज का मौसम 25.0° अधिकतम तापमान 14.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.38 सूर्यास्त 06.10

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |


www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 07:09 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2082

रविवार, 1 मार्च 2026, वर्ष 6, अंक 5, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये


एनटीपीसी पर लगाया 10.86 लाख रुपये का जुर्माना - 10






डीमैट अकाउंट खोलना क्यों जरूरी, किन बातों का रखें ध्यान - 10





उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन बोले- भारत के विकास में स्नातकों की भूमिका अहम - 11





जो जीतेगा, खेलेगा सेमीफाइनल वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत का मुकाबला आज - 12


# ईरान-इजराइल जंग में झुलसा पश्चिम एशिया

**मध्य पूर्व में महायुद्ध का आगाज**

## इजराइल-अमेरिका के हमलों के जवाब में ईरान ने सात देशों में अमेरिकी ठिकानों को बनाया निशाना

## तेहरान से तेल अवीब तक आसमान में अंगारे और जमीन पर धुआं, ट्रंप की हुंकार ईरान में सत्ता परिवर्तन का वक्त

तेहरान/तेल अवीव, एजेंसियां

इजराइल ने अमेरिका के सहयोग से शनिवार सुबह ईरान की राजधानी तेहरान सहित कई बड़े शहरों में हवाई हमले किये। हमलों की तीव्रता इतनी अधिक थी कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामनेई के आवास के भी क्षतिग्रस्त होने की खबरें हैं। हमलों के जवाब में ईरान ने शनिवार को भीषण पलटवार करते हुए सात देशों में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों को एक साथ निशाना बनाया। तेहरान से लेकर तेल अवीव तक, आसमान मिसाइलों की रोशनी से दहक रहा है और जमीन पर चारों ओर तबाही का धुआं है।

ईरान ने जवाबी हमले इजराइल के अलावा बहरीन, यूएई, इराक, कुवैत और कतर में बने अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर किए हैं। इजराइल के हमलों में ईरान में करीब 85 छात्राओं की मौत हो गयी। इससे पहले इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने इन हमलों की जानकारी मीडिया को दी। उन्होंने कहा कि इजराइल ने अपने खिलाफ खतरों को समाप्त करने के लिए ईरान पर एहतियाती हमला किया है। मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि ईरान के रक्षा मंत्री आमिर नासिरजादेह और ईरान के प्रमुख रक्षा बल रिवोल्यूशनरी गार्ड के कमांडर मोहम्मद पाकपोर की इन हमलों की मौत हो गयी। ईरानी स्थानीय मीडिया में कहा गया है कि श्री ख़ामेनेई फिलहाल तेहरान में नहीं हैं, उन्हें सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया है।



ईरान के तेहरान में शनिवार को हुए विस्फोट के बाद आसमान में धुआं उठता देख लोग। ● एजेंसी

ईरानी मीडिया के अनुसार, राजधानी में कई जगहों पर धमाकों की आवाज सुनी गयी और कुछ हिस्सों में धुआं उठता देखा गया। रिपोर्टों के अनुसार, कम से कम एक हमला ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई से जुड़े कार्यालयों के निकट हुआ। समाचार एजेंसी फार्स के मुताबिक, यूनिवर्सिटी स्ट्रीट और जुमहूरी इलाके के आसपास मिसाइलें गिरीं। सरकारी कार्यालयों वाले 'रिपब्लिक' क्षेत्र में भी विस्फोट की सूचना है। ईरान की न्यूज़ एजेंसी 'फार्स' ने यह भी बताया कि राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन, पूर्व पार्लियामेंट स्पीकर अली लारीजानी, पार्लियामेंट स्पीकर मोहम्मद बाघेर कलीबाफ, न्याय प्रमुख गुलाम हुसैन मोहसेनी एजेई, और आर्मी कमांडर-इन-चीफ अब्दोलरहीम मौसवी हतामी ज़िंदा और ठीक हैं। एजेंसी ने बताया कि कतर में तैनात और बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने के लिए इस्तेमाल होने वाली खास टेक्नोलॉजी से लैस 5,000 किलोमीटर की रेंज वाला अमेरिकी एफपी-132 रडार नष्ट हो गया है। ये हमले ऐसे समय में हुए जब हाल के हफ्तों में तनाव काफी बढ़ गया था। अमेरिकी युद्धपोत क्षेत्र में तैनात किए जा चुके थे और ट्रंप ने कहा था कि वह ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने के लिए एक समझौता चाहते हैं।

### अपने भाग्य की बागडोर अपने हाथ में ले ईरान की जनता : ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरानी जनता से अपने भाग्य की बागडोर अपने हाथ में लेने और 1979 से देश पर शासन कर रहे इस्लामी नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह करने का आह्वान किया। ट्रंप ने 'बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान शुरू होने की घोषणा करते हुए एक वीडियो के माध्यम से कहा कि जब हम अपना काम पूरा कर लेंगे, तो अपनी सरकार पर कब्ज़ा कर लेना। वह तुम्हारी होगी जिसकी बागडोर तुम अपने हाथ में ले सकोगे। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी इस व्यापक लक्ष्य को दोहराया। उन्होंने कहा कि हमारा संयुक्त अभियान बहादुर ईरानी लोगों के लिए ऐसी परिस्थितियां पैदा करेगा, जिससे वे अपने भविष्य का फैसला खुद अपने हाथों में ले सकें।

### एयर इंडिया और इंडिगो की उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली/दुबई :** ईरान और इजराइल के बीच सैन्य संघर्ष ने वैश्विक एयर ट्रैफिक को संकट में डाल दिया है। सुरक्षा जोखिमों को देखते हुए भारतीय विमानन कंपनियों ने पश्चिम एशिया के लिए अपनी सेवाओं में बड़े बदलाव किए हैं। एयर इंडिया का यू-टर्न : दिल्ली से तेल अवीव के लिए उड़ान भरने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट AI 139 को ईरानी हवाई क्षेत्र में प्रवेश से ठीक पहले बीच रास्ते से वापस दिल्ली बुला लिया गया। एअर इंडिया ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में उत्पन्न हो रही स्थिति को देखते हुए, उस क्षेत्र की सभी उड़ानें निलंबित कर दी गई हैं। इंडिगो ने भी पश्चिम एशिया के तनावग्रस्त क्षेत्रों की अपनी सभी उड़ानें तत्काल प्रभाव से रोक दी हैं। कंपनी स्थिति की निगरानी कर रही है और यात्रियों को रिफंड का विकल्प दे रही है।

**बदले गए रूट :** ईरान और इजराइल के एयरस्पेस बंद होने की वजह से खाड़ी देशों और यूरोप जाने वाली उड़ानों को अब लंबे वैकल्पिक रास्तों से भेजा जा रहा है। इससे उड़ान का समय 2 से 4 घंटे तक बढ़ गया है। नागर विमानन महानिदेशालय ने सभी भारतीय ऑपरेटरों को अलर्ट जारी किया है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे घर से निकलने से पहले अपनी एयरलाइन के फ्लाइट स्टेटस पोर्टल पर अपडेट जरूर देख लें।




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, फागुन का सम्मोहन रंग-गंध का पर्व होली व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

**ब्रीफ न्यूज**

### आंध्र: पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट 21 की मौत

**वेटलापलेम (आंध्र प्रदेश)।** आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में शनिवार को एक पटाखा निर्माण इकाई में भीषण विस्फोट होने से कम से कम 21 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना में आठ अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। राज्य के मंत्री कंडुला दुर्गेश ने घटनास्थल का दौरा करने के बाद इस त्रासदी की पुष्टि की। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, विस्फोट के समय इकाई के भीतर लगभग 30 लोग मौजूद थे।

## दूसरे राज्यों के लिए प्रेरणा बन रहे उत्तराखंड के ऐतिहासिक निर्णय: धामी

- सीएम धामी ने दी नैनीताल जिले को 147 करोड़ की 40 विकास योजनाओं की सौगात
- हल्द्वानी में कहा-हमारा लक्ष्य विकास के साथ-साथ विरासत को आगे बढ़ाना

मुख्य संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को हल्द्वानी के राजकीय मेडिकल कॉलेज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए नैनीताल जिले को 147.28 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं की सौगात दी।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान 40 विकास योजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया जिनमें 72.38 करोड़ की 23 योजनाओं का लोकार्पण एवं 74.90 करोड़ की 17 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। साथ ही, 154 करोड़ की हल्द्वानी-काठगोदाम स्रोत एवं ट्रीटमेंट संवर्द्धन पेयजल योजना का भूमि पूजन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि, इन योजनाओं से नैनीताल जिले के विकास को नई रफ्तार मिलेगी।

सरकार देवभूमि को विकसित उत्तराखंड बनाने की ओर तीव्रता से काम कर रही है। राज्य प्रत्येक क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) सख्त नकल विरोधी कानून, धर्मांतरण कानून जैसे कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए। हमारी सरकार की ओर से लिए गए ऐतिहासिक निर्णय देश के अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणा बन रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार विकास के साथ विरासत को भी आगे बढ़ा रही है।

हमारा एकमात्र लक्ष्य उत्तराखंड को आगे बढ़ाना है जिस पर हम विकल्प रहित संकल्प के साथ काम रह रहे हैं। उन्होंने अपना संकल्प दोहराते हुए कहा कि राज्य की संस्कृति, विरासत और पवित्रता से किसी को भी खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। सीएम ने कार्यक्रम के बाद रामपुर रोड स्थित बैंक्वेट हॉल में हरि शरणम जन द्वारा आयोजित श्रीकृष्ण होली महोत्सव में भी प्रतिभाग किया।



हरि शरणम जन द्वारा आयोजित श्रीकृष्ण होली महोत्सव में ढोल बजाते मुख्यमंत्री धामी।

### कानून व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: सीएम

मुख्यमंत्री धामी ने हल्द्वानी में कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्राथमिकताओं के अनुरूप सभी कार्य समयबद्ध, पारदर्शी एवं समन्वय के साथ पूरे किए जाएं। कानून व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। सीएम ने अधिकारियों को मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए आधुनिक तकनीक के उपयोग के निर्देश दिए। वनाग्नि की रोकथाम के लिए फायर लाइन दुरुस्त रखने, संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित पेट्रोलिंग बढ़ाने के साथ पुलिस, प्रशासन तथा सभी विभागों को आमजन के प्रति संवेदनशील, उत्तरदायी और परिणामोन्मुखी दृष्टिकोण अपनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, दायित्वधारी अनिल कपूर डब्बू, विधायक सरिता आर्य, सुरेश गड़िया, राम सिंह कैड़ा सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## कांग्रेस अब मुस्लिम लीग-माओवादी गठबंधन, देश को कर रही बदनाम: मोदी

- कहा - यह पार्टी अब भारतीयता से दूर होकर पूरी तरह विभाजनकारी विचारधारा के प्रभाव में आ चुकी है

जयपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एआई इम्पैक्ट समिट' के दौरान कांग्रेस की युवा शाखा के कार्यकर्ताओं के विरोध-प्रदर्शन को लेकर शनिवार को विपक्षी दल पर तीखा हमला बोला और कहा कि कांग्रेस अब 'इंडियन नेशनल कांग्रेस' (आईएनसी) नहीं रही बल्कि एमएमसी यानी मुस्लिम लीग-माओवादी कांग्रेस बन गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने दुनिया भर के मेहमानों के सामने देश को बदनाम करने की कोशिश की है। राजस्थान में अजमेर के कायड़ विश्राम स्थल पर एक जनसभा में मोदी ने कहा कि मुस्लिम लीग भारत से नफरत करती थी, इसलिए उसने देश को बांट दिया और आज कांग्रेस भी वही कर रही है।

मोदी ने कहा कि इतिहास गवाह है कि मुस्लिम लीग भारत से नफरत करती थी और इसलिए मुस्लिम लीग ने देश को बांट दिया और आज कांग्रेस भी वही कर रही है। उन्होंने कहा कि माओवादी भी भारत की समृद्धि, हमारे संविधान और हमारे सफल लोकतंत्र से नफरत करते हैं। ये घात लगाकर हमला करते हैं। कांग्रेस भी घात लगाकर देश को बदनाम करने के लिए कहीं भी घुस जाती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के ऐसे कुकर्मों को देश कभी माफ नहीं करेगा।" मोदी ने कहा कि देश को बदनाम करना, देश की सेनाओं को कमजोर करना... ये कांग्रेस की पुरानी आदत रही है। उन्होंने कहा, "यही कांग्रेस है जिसने हमारी सेना के जवानों को हथियारों व वर्दी तक के लिए तरसा के रखा था। मोदी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की बढ़ती साख का हवाला देते हुए कहा कि आज जब पूरी दुनिया भारत की डिजिटल क्रांति और आर्थिक प्रगति की प्रशंसा करती है, तो हर हिंदुस्तानी गर्व महसूस करता है। लेकिन कांग्रेस को यह गौरव बर्दाश्त नहीं होता। वह वैश्विक मंचों पर जाकर देश की छवि खराब करने और भारत को नीचा दिखाने की कोशिश करती है।



अजमेर में 14 वर्षीय लड़कियों के लिए राष्ट्रव्यापी ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान के शुभारंभ के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण की शुरुआत

जयपुर। प्रधानमंत्री मोदी ने 'सर्वाइकल कैंसर' के विरुद्ध राष्ट्रीय 'ह्यूमन पैपिलोमावायरस' (एचपीवी) टीकाकरण अभियान की शुरुआत राजस्थान के अजमेर से की। उन्होंने इस अभियान को देश की नारीशक्ति को सशक्त करने की दिशा में अहम कदम करार दिया। नौ से 14 वर्ष की पांच बालिकाओं को एचपीवी टीका लगाए जाने के बाद मोदी ने उनसे संवाद भी किया।

## 15 हजार करोड़ की जीएसटी चोरी का आरोपी हरियाणा से गिरफ्तार

- फर्जीवाड़ा कर 3500 फर्म का रजिस्ट्रेशन कराया, सरकार को लगाई चपत

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार:** करोड़ों रुपये के जीएसटी चोरी के आरोपी बलदेव उर्फ बल्ली को एसटीएफ ने हरियाणा से गिरफ्तार कर लिया। वह लंबे समय से फरार चल रहा था। उस पर 50 हजार का इनाम था।

आरोपी को नोएडा के सेक्टर-20 थाने में दाखिल किया गया है। जांच में सामने आया है कि आरोपी ने फर्जी पैन व दस्तावेजों के आधार पर 3500 फर्म का रजिस्ट्रेशन कराया था। करीब 15 हजार करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी कर सरकार को आर्थिक चपत लगाई। आरोपी के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। एसटीएफ एएसपी राज कुमार मिश्रा व डिप्टी एसपी नोवेंदु कुमार की टीम ने हरियाणा के हिसार स्थित डोगरान मोहल्ले में शुक्रवार को छापेमारी कर आरोपी बलदेव उर्फ बल्ली को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने वर्ष 2012 में पंजाब यूनिवर्सिटी से एमबीए किया था। पहले उसने हिसार में मेडिकल स्टोर खोला, लेकिन लाभ न होने पर उसे बंद कर दिया। वर्ष 2014 से वह पुरानी गाड़ियों की खरीद-फरोख्त का काम करने लगा। इसी दौरान उसकी पहचान दिल्ली निवासी अर्चित गोयल से हुई थी।



बलदेव उर्फ बल्ली

### कोर्ट में पेशी के बाद बलदेव को भेजा जेल

एसटीएफ के मुताबिक एक मामले में एक पत्रकार के पैन कार्ड पर फर्जी फर्म बनाकर करोड़ों रुपये की जीएसटी चोरी किए जाने की शिकायत पर नोएडा के सेक्टर-20 थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। जिसमें गिरोह के कई सदस्यों को पहले ही गिरफ्तार किया गया। गिरोह के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई भी की गई है। पुलिस ने बलदेव उर्फ बल्ली को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

**भविष्य की पटरी** | नीले धुएं से आजादी, अब पानी छोड़ते हुए दौड़ेगी 'देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन'

## जींद से सोनीपत के बीच सफल रहा हाइड्रोजन ट्रेन का ट्रायल

- भारत बना दुनिया का पांचवां ऐसा देश जिसके पास है अपनी क्लीन-फ्यूल रेल तकनीक

नई दिल्ली/जींद, अमृत विचार

भारतीय रेलवे ने आज विज्ञान के एक सुंदर सपने को हकीकत की पटरी पर उतार दिया। हरियाणा के जींद स्टेशन पर जब देश की पहली 'हाइड्रोजन ट्रेन' ने अपनी पहली सीटी बजाई, तो वह केवल एक सफर की शुरुआत नहीं थी, बल्कि डीजल के धुएं से पर्यावरण को मिलने वाली मुक्ति का ऐलान भी था।

यह ट्रेन दुनिया की सबसे उन्नत हरित तकनीकों में से एक, 'हाइड्रोजन फ्यूल सेल' से लैस है। ट्रायल के बाद रेल मंत्रालय ने कहा कि आज का दिन भारतीय इंजीनियरिंग के लिए गर्व का क्षण है। हम न केवल तकनीक को अपना रहे हैं, बल्कि नेट ज़ीरो' कार्बन उत्सर्जन की वैश्विक लड़ाई का नेतृत्व भी कर रहे हैं।




### सस्ते सफर का वादा

तकनीक हाई-टेक है, लेकिन आम आदमी की जेब का ख्याल रखा गया है। जींद-सोनीपत रूट पर किराया 5 रुपये से 25 रुपये के बीच रखने का प्रस्ताव है, जो इसे बस और ऑटो से भी सस्ता बनाता है।

### कैसे काम करती है यह 'जादुई' ट्रेन?

- **ईंधन :** ट्रेन की छत पर लगे विशेष टैंकों में कंप्रेस्ड हाइड्रोजन गैस भरी जाती है।
- **प्रक्रिया :** फ्यूल सेल के अंदर हाइड्रोजन और हवा की ऑक्सीजन के बीच रासायनिक अभिक्रिया होती है।
- **आउटपुट :** इस प्रक्रिया से बिजली पैदा होती है जो बैटरी को चार्ज करती है और पहियों को घुमाती है।
- **वेस्ट :** वेस्ट के नाम पर सिर्फ पानी की बूंदें टपकती हैं।

### डीजल की गड़गड़ाहट नहीं, मेट्रो जैसा सुकून

इस ट्रेन की सबसे चौंकाने वाली बात इसकी शांति है। न तो इंजन का शोर है और न ही डीजल जलने की गंध। बिजली पैदा करने के लिए जब हाइड्रोजन और ऑक्सीजन का मिलन होता है, तो बाय-प्रोडक्ट के रूप में केवल शुद्ध पानी (HO) और भाप निकलती है। आज के ट्रायल के दौरान ट्रेन की छतों से धुआं नहीं, बल्कि सफेद भाप के बादल निकलते देखे गए, जो भविष्य की 'क्लीन ग्रीन रेलवे' की तस्वीर पेश कर रहे थे।

### क्यों है यह खास?

यह ट्रेन एक बार टैंक भरने पर 140 किमी/घंटा की रफ्तार से लगभग 1000 किलोमीटर तक का सफर तय कर सकती है। इसे चलाने का खर्च डीजल के मुकाबले भले ही अभी अधिक हो, लेकिन पर्यावरण को होने वाले फायदे अनमोल हैं।

### ट्रायल के साथ ग्लोबल क्लब में भारत की एंट्री

अब तक केवल जर्मनी, चीन, स्वीडन और जापान के पास ही यह तकनीक व्यावसायिक स्तर पर थी। भारत इस 'एलीट क्लब' में शामिल होने वाला पांचवां देश बन गया है। जींद में विशेष रूप से स्थापित 'हाइड्रोजन फिलिंग स्टेशन' अब देश के अन्य हिस्सों के लिए एक मॉडल के रूप में काम करेगा।



रामपुर रोड स्थित बैंक्वेट हॉल में हरि शरणम जन द्वारा आयोजित श्री कृष्ण होली महोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं। ● अमृत विचार



होली मिलन कार्यक्रम में गीतों की प्रस्तुति देती लोक गायिका माया उपाध्याय। ● अमृत विचार

# खड़ी, बैठकी और बृज की होली का रंगारंग संगम, झूमे होल्यार

## प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था हरि शरणम जन द्वारा विशाल श्री कृष्ण होली महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** कुमाऊं की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था हरि शरणम जन द्वारा विशाल श्री कृष्ण होली महोत्सव का भव्य आयोजन शाकुंतलम बैंक्वेट, रामपुर रोड में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महोत्सव का शुभारंभ किया।

इस भक्तिमय एवं सांस्कृतिक आयोजन में कुमाऊं अंचल की पारंपरिक खड़ी होली एवं बैठकी होली की समृद्ध परंपरा का सुंदर संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में श्री रामलीला कमेटी (महिला मण्डल) लोहाघाट तथा श्री रामलीला कमेटी, बिशंग (पुरुष मण्डल) चम्पावत द्वारा खड़ी होली की विशेष प्रस्तुतियां दी गईं। इसके अतिरिक्त नगर एवं क्षेत्र के प्रतिष्ठित बैठकी होली मण्डल श्री राधिका होली ग्रुप, सुर साधना मण्डल, सारथी सहयोग समिति मण्डल, प्रगति होली मण्डल, जय इष्ट मण्डल, जय माँ काली मण्डल, एक नई सोच नई उमंग मण्डल, मधुवन महिला होली मण्डल, गौरी माहेश्वर मण्डल, पर्वतीय सांस्कृतिक कला मंच मण्डल, सत्यनारायण क्षेत्र मण्डल, सुभाष नगर मण्डल और हरि शरणम जन की महिलाओं द्वारा अपनी पारंपरिक एवं भक्तिरस से परिपूर्ण होली प्रस्तुतियों द्वारा उपस्थित जनसमूह को आनंदित किया। कार्यक्रम में ब्रज शैली की विशेष प्रस्तुति विवेक शर्मा द्वारा दी गईं। साथ ही श्रद्धालुओं के लिए श्री ठाकुर जी के सान्निध्य में फूलों की होली का दिव्य आयोजन भी किया गया। संस्था प्रमुख स्वामी राम गोविंद दास भाईजी ने अपने सम्बोधन में समस्त श्रद्धालुओं एवं होली प्रेमियों से सभी प्रकार के नशे से दूर रहने का आग्रह भी किया।



रामपुर रोड स्थित बैंक्वेट हॉल में हरि शरणम जन द्वारा आयोजित श्री कृष्ण होली महोत्सव कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देती महिलाएं। ● अमृत विचार

## रंग में होली कैसे खेलूंगी मैं सावरिया के संग...

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचारः** शनिवार को कोटाबाग के डाक बंगला मैदान में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोक गायिका माया उपाध्याय ने अपनी मधुर आवाज़ में कुमाउनी संस्कृति और रंगीली होली का समां बांध दिया। उन्होंने "रंग में होली कैस खेलूंगी मैं सॉवरिया के संग", "म्यर रंगीलों देवर घर एर छ..." और "कान्हा संग राधा खेले होली" जैसे पारंपरिक गीत प्रस्तुत किए। इसके साथ ही कृष्ण-राधा की फूलों की होली और नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में कोटाबाग ब्लॉक के गैबुआ, पत्तापानी, बैलपोखरा, धमोला, पवलगढ़, दोहनिया, चांदपुर, आंवलाकोट, दे गांव, मूसाबगर और नयागांव की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभा दिखाई। हल्द्वानी के महापौर गजराज सिंह बिष्ट ने इस आयोजन को हमारी संस्कृति की पहचान बताया और सभी महिलाओं का धन्यवाद करते हुए धूमधाम से होली मनाने की अपील की। उन्होंने कोटाबाग को नैनीताल जिले का सबसे सुंदर गांव भी बताया। कार्यक्रम में पांडेगांव और कोटाबाग के मुख्य बाजार की महिलाओं ने भी मंच पर अपनी पहाड़ी होली की प्रस्तुति दी। इस दौरान ज्येष्ठ प्रमुख गीता तिवारी, कनिष्ठ प्रमुख अपूर्वा बिष्ट, मीना बिष्ट, जानकी पंत, जानकी खनायत, कमला पांडे, दीपा ढ़ोडियाल, गंगा सामंत, प्रभा पांडे, प्रेम देवी, भारती बिष्ट, रिया बिष्ट, देवेंद्र ढ़ोढियाल, मदन बजावल, चंद्र शेखर बुडलाकोटी आदि मौजूद रहे।

### गुरुदेव कॉलोनी दमुवाढूंगा में होली के रंगारंग कार्यक्रम

**हल्द्वानी :** होली पर्व के उपलक्ष्य में शुक्रवार को गुरुदेव कॉलोनी दमुवाढूंगा में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महिला उत्थान समिति की अध्यक्षा गोविन्दी ने अपने निवास स्थान से की। इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक होली गायन प्रस्तुत किया। 'होरी कनक भवन में खेलत सिया रघुवीर' और 'मेरे रंगीला देवर घर आयो है' जैसे होली गीतों की प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे माहौल में उल्लास और उत्साह का रंग घुल गया। आयोजन में समिति की अध्यक्षा गोविन्दी, कोषाध्यक्ष शीला, उपसचिव लीला के साथ संगीता, दीपा, माधुरी, सुनीता, कमला, सरोज, बसंती, गंगा, चंद्रा सहित अन्य महिलाओं ने इस होली मिलन में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और सामाजिक एकता व सद्भाव का संदेश दिया। आयोजन ने क्षेत्र में पारंपरिक संस्कृति को सहेजने और सामूहिक उत्सव की भावना को मजबूत करने का कार्य किया।



भरतपुरी में आयोजित बैठकी होली में नृत्य करती महिला होल्यार। ● अमृत विचार

## रंग नहीं, फूलों से खेली गई होली

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** श्री रामसेवक सभा द्वारा आयोजित 30वें फागोत्सव में शनिवार को बाल कलाकारों ने राधा-कृष्ण पर आधारित विहंगम नृत्य नाटिका का मंचन किया, जिसने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण फूलों की होली रही, जिसमें लगभग 60 किलो पुष्पों की वर्षा से पूरा प्रांगण भक्तिमय और रंगीन बन गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में गणेश वंदना, रंग की होली, ओ रे पिया आज रंग है नया, राधे-राधे, ऊ मुरली जोर से बजा रे नंदलाल और राधा-कृष्ण की फूलों की होली शामिल थीं। बाल कलाकारों को आराधना कोहली एवं दिया ने निर्देशन दिया। उन्होंने ब्रज की होलियों जैसे ब्रज में होली रे रसिया, अबीर उड़ता गुलाल उड़ता, होली खेले रघुवीरा अवध में, उड़ी गोचे अबीर गुलाल और कृष्ण के हाथ कनक पिचकारी आदि प्रस्तुतियां दीं। समापन पर एमडी कुमाऊं मंडल विकास निगम विनीत तोमर, पूर्व विधायक डॉ. नारायण सिंह जंतवाल, पूर्व डीएसए महासचिव सुदर्शन साह, आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पीनेस विमेन कलेक्टिव की रेशमा टंडन, पूजा शाही और अन्य ने बाल कलाकारों को पुरस्कार बांटे। विशिष्ट अतिथियों को राधा-कृष्ण का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ललित तिवारी और मुकेश जोशी ने किया। आयोजन में अध्यक्ष मनोज लाल साह, महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी, प्रबंधक विमल चौधरी, उपाध्यक्ष अशोक शाह, राजेंद्र लाल साह रहे।



गुरुदेव कॉलोनी में महिला समिति ने पारंपरिक होली गीत और रंगों के साथ उत्सव मनाया। ● अमृत विचार

## तू कर ले सोलह श्रृंगार राधिका, तेरे आंगन...

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** चीरबंधन के साथ नगर एवं देहात क्षेत्र में रंगों के त्योहार होली की शुरुआत हो गई है। घरों में बैठकी होली की धूम मची है और महिलाओं के होली गायन व स्वांग का दौर जोर-शोर से जारी है।

भरतपुरी में मंजू भट्ट के आवास पर आयोजित बैठकी होली में अबीर-गुलाल और पारंपरिक होली गीतों की बौछार के बीच महिलाएं जमकर थिरकीं। कार्यक्रम की शुरुआत सिद्धि के दाता विघ्न विनाशन गाकर भगवान गणेश के आह्वान से की गई। इसके बाद नीमा मठपाल, मंजू भट्ट, रंजना तिवारी, रेखा मठपाल और समिति अध्यक्ष सतेश्वरी रावत ने कैलै बांधी चीर, हो रघुनंदन राजा की मनमोहक प्रस्तुति दी। दीपा कोटिया, पुष्पा पंत, भावना पांडे, प्रभा जोशी और शैलजा बिष्ट ने अंबा के भवन बिराजे होली गाकर समां बांध दिया।

तू कर ले सोलह श्रृंगार राधिका, तेरे आंगन होली आई रहीगीत पर सभी झूम उठीं। महिलाओं ने स्वांग प्रस्तुत कर शिव के मन माहि बसे काशी होली मे महिलाओं ने एक स्वर मे सिर धरै मुकुट खेलें होली, कहां से आयो कुंवर कन्हैया, कहां से आई राधा गोरी। के अलावा अन्त में आशीष देते हुए कहा कि गावैं, खेलैं, अशीष, हो-हो-हो लख रे, बरस दिवाली, बरसे फाग, इनर पुर परिवार जीरौ लाख बरीसा। इस दौरान नीम मठपाल, डॉ. धनेश्वरी घिल्डियाल, गंगा पन्त, सुनीता बहुगुणा, जया जोशी, रेनू रावत, पुष्पा पन्त, जानकी जोशी, संगीता मठपाल, सुनीता रावत, शान्ति ध्युगत्याल, गीता बिष्ट, हेमा सनवाल ,जसोदा, बेबी, दीपा, ललिता पांडे, हेमा सनवाल, जया जोशी, सुमन रावत, हेमा कुनियाल, प्रेमा, जया, गीता बिष्ट, सविता जोशी, बीना पडलिया, प्रीति ज़खमोला, भावना पांडे, प्रभा जोशी, शैलजा बिष्ट रहे।

### चार दुकानों से भरे गए मावा के सैंपल

**रामनगर :** आयुक्त खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन, उत्तराखंड, तथा जिलाधिकारी के निर्देश पर रामनगर के खोया और मिठाई के एक दर्जन से अधिक थोक एवं फुटकर विक्रेताओं के खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान चार दुकानों से सैंपल भरे गए। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान स्वामियों को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री बेचने, बिना बिल की खरीद न करने, स्टॉक का विवरण नियमित रखने, कालातीत खाद्य सामग्री का विक्रय या भंडारण न करने, स्टोर की नियमित सफाई करने और आवश्यक दवाओं का छिड़काव करने के विशेष निर्देश दिए गए। साथ ही चार विक्रेताओं से संदेह के आधार पर मावे के चार सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी असलम खान ने बताया कि होली और रमजान को ध्यान में रखते हुए विशेष सतर्कता बरती जा रही है।





हीरा नगर स्थित बैंक्वेट हॉल में प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के होली समारोह में नाचते-गाते व्यापारी। ● अमृत विचार

### प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने मनाई होली

**हल्द्वानी :** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल की ओर से आयोजित होली मिलन कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान लोकगायकों ने कुमाऊनी गीतों की शानदार प्रस्तुति से समा बांधा। कार्यक्रम में शहर की कई सामाजिक संस्थाओं और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ पुलिस प्रशासन ने प्रतिभाग कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस मौके पर संयोजक डॉ. धर्म यादव, प्रदेश अध्यक्ष सुभाष मोंगा, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र फर्स्वाण, महानगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, प्रदेश प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता, पूरन लाल साह, कुंदन रावत, हुकुम सिंह कुंवर, अनिल खंडेलवाल, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, एसपी मनोज कत्याल, गोविंद बगड़वाल, प्रज्ञान भारद्वाज, कुंदन बिष्ट, रिषभ पाठक ललित जायसवाल, राहुल गोस्वामी, भुवन तिवारी, जीवन कार्की, चमन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### डीएसबी परिसर में आयोजित बैठकी होली में गीतों से जमाया रंग

**नैनीताल :** डीएसबी परिसर में शनिवार को बैठकी होली का भव्य सांस्कृतिक आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम 28 फरवरी को कुलपति इंटर्न्स, छात्र क्लब 'संक्रांति' और डीएसबी म्यूज़िक सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. (कर्नल) दीवान सिंह रावत ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि होली गायन उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक पहचान है और इस प्रकार के आयोजन युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं। छात्र क्लब 'संक्रांति' के अध्यक्ष प्रो. रीतेश साह ने अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने पारंपरिक बैठकी होली की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं, जबकि डीएसबी म्यूज़िक सोसाइटी के विद्यार्थी और एनसीसी कैडेट्स की एकल एवं समूह प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। विशेष आकर्षण था एनसीसी कैडेट द्वारा प्रस्तुत 'थारू होली', जो विभाग में पहली बार हुई। संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. रवि जोशी की प्रस्तुति को भी दर्शकों ने सराहा। शिक्षकों ने सामूहिक रूप से होली गायन प्रस्तुत कर माहौल को उत्सवमय बनाया। कार्यक्रम में प्रो. संजय घिल्डियाल, प्रो. अरविंद अधिकारी, प्रो. नीलू लोधियाल, प्रो. सुषमा टम्टा, डॉ. शिवांगी, डॉ. शशि, डॉ. हिमांशु लोहनी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी और कर्मचारी रहे।

### व्यापारिक प्रतिष्ठानों को बंद कराने का विरोध

**नैनीतालः** मां नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल ने नगर में पुलिस द्वारा पिछले लगभग दस दिनों से व्यापारिक प्रतिष्ठानों, रेस्टोरेंट और मेडिकल स्टोरों को रात 11 बजे जबरन बंद कराने का विरोध जताया है। व्यापार मंडल का कहना है कि बिना किसी पूर्व सूचना, लिखित आदेश इस प्रकार की कार्रवाई स्वीकार्य नहीं है।

व्यापार मंडल अध्यक्ष पुनीत टंडन ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि नैनीताल शांतिप्रिय पर्यटन नगरी है। एक ओर राज्य सरकार शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने की बात कर रही है।

वहीं दूसरी ओर पुलिस प्रशासन की कार्रवाई से पर्यटकों को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है।

पहाड़ की होली

सिलबट्टे पर पिसे नमक से तैयार आलू के गुटके, अदरक की चाय और भांग की चटनी भरती है स्वाद का रंग

## रंग, राग और व्यंजनों का अनोखा संगम है कुमाऊनी होली

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** कुमाऊं की होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि यह शास्त्रीय रागों और पारंपरिक जायकों का एक अनूठा उत्सव है। इन दिनों पहाड़ की वादियों से लेकर तराई के आंगन तक बैठकी होली के सुरों की मिठास घुल रही है, तो दूसरी ओर रसोई से पारंपरिक मसालों की खुशबू उत्सव की रौनक को दोगुना कर रही है। बिना पहाड़ी व्यंजनों के कुमाऊं की होली अधूरी मानी जाती है। पहाड़ी होली की असली पहचान यहां का खान-पान है। राग-प्रधान होली गीतों के बीच मेहमानों को ''''पहाड़ी होली थाली'''' परोसी जा रही है। इसमें सिलबट्टे पर पिसे नमक से तैयार आलू के गुटके, कड़क अदरक वाली चाय और भांग की चटनी के साथ गरमा-गरम पकौड़ियां मुख्य आकर्षण बनी हुई हैं। स्थानीय मोहल्लों में घर-घर जाकर होली गाने वाली टोलियों का स्वागत इन्हीं पारंपरिक व्यंजनों से किया जा रहा है। जखिया के तड़के और शुद्ध पहाड़ी मसालों से तैयार आलू के गुटकों की खुशबू से इन दिनों कुमाऊं के गली-मोहल्ले महक रहे हैं। पहाड़ की होली बिना गुटकों के अधूरी है,यह स्वाद ही उत्सव की असली पहचान बन चुका है। बैठकी होली में जहां एक ओर रागों का अनुशासन होता है, वहीं दूसरी ओर जलपान में पहाड़ी संस्कृति की झलक मिलती है।



कुमाऊं की बैठकी होली में पारंपरिक पहाड़ी व्यंजनों और रंग-बिरंगे होली गीतों का आनंद लेतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### पर्यटकों के लिए विशेष 'होली थाली'

कुमाऊं की इस अनूठी होली का लुत्फ उठाने के लिए बाहरी राज्यों से भी बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। पर्यटकों के आकर्षण को देखते हुए विभिन्न होमस्टे और होटलों में विशेष पारंपरिक पहाड़ी व्यंजनों की व्यवस्था की गई है। यहां आने वाले मेहमानों को न केवल होली के गीतों से रूबरू कराया जा रहा है, बल्कि उन्हें 'आलू के गुटके' और 'भांग की पकौड़ी' जैसे स्थानीय स्वादों का अनुभव भी दिया जा रहा है।

## सिटी ब्रीफ

### रेलवे स्टेशन पर ट्रॉली बैग से पार किया माल

**हल्द्वानी :** रेलवे स्टेशन हल्द्वानी में शातिरों ने एक महिला के ट्रॉली बैग से नगदी और जेवर से भरा पर्स उड़ा लिया। जीआरपी थाना काठगोदाम ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। हजारीपुर गोरखपुर निवासी स्वीटी जायसवाल पत्नी राजेश जायसवाल ने जीआरपी को बताया कि बीते 26 फरवरी को वह गोरखपुर से बाघ एक्सप्रेस में सवार हुई थी। 27 फरवरी को ट्रेन हल्द्वानी रेलवे स्टेशन पहुंचने वाली थी। तभी कुछ लोग मदद के बहाने उनके पास पहुंचे और बैग उतारने की बात कही। ट्राली बैग के अन्दर उन्होंने अपना हैंड पर्स रखा था, जिसमें 12,000 रुपए और डायमंड की दो अंगूठी रखी थी। ट्रेन से उतरकर वह मुखानी में बहन के घर चली गईं, जब ट्रॉली बैग देखा तो लॉक टूटा था, चेन भी खुली थी और उसमें रखा हैंडबैग गायब था।

### संदिग्ध हालात में किशोरी लापता, गुमशुदगी दर्ज

**हल्द्वानी :** मुखानी थाना क्षेत्र से एक किशोरी बीते दिन संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। भगवानपुर बिचला निवासी पिता ने तहरीर देकर कहा कि उसकी 17 साल की बेटी 17 फरवरी से लापता है। कहा कि बिना बताए वह चली गई। उसका कोई सुराग नहीं लग पा रहा है। कहा कि पूर्व में भी उनकी बेटी लापता हो गई थी और कुछ दिन बाद वापस लौट आई थी। थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि शीघ्र किशोरी को तलाश लिया जाएगा।

# चंद पलों में आने को थे सीएम इधर मिली लाश, हड़कंप

## कार में मिले कारोबारी के शव की उधड़ चुकी थी चमड़ी, ड्राइविंग सीट पर पड़ा था बेजान, पुलिस मौत के कारणों की कर रही जांच

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचारः** शुक्रवार को वक्त सुबह के नौ बजे का रहा होगा। पुलिस-प्रशासन के लोग सीएम प्रोटोकॉल में व्यस्त थे। अचानक अफसरों के मोबाइल एक के बाद एक घनघनाने लगे। सूचना ऐसी थी कि पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों तक के हाथ-पांव फूल गए। दरअसल सीएम को जिस कार्यक्रम स्थल पर सुबह 11 बजे पहुंचना था उस स्थल के पास खड़ी एक कार में युवक का शव मिलने की सूचना से सुरक्षातंत्र चौकन्ना हो उठा।

घर से विद्युत विभाग के लिए निकले एक कारोबारी की लाश उसी की कार में डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय (एसटीएच) के बाहर लावारिस हालत में खड़ी मिली। पुलिस पहुंची तो कार अनलॉक थी और कारोबारी कार की ड्राइविंग सीट पर मृत पड़ा था। कारोबारी के शरीर की चमड़ी उधड़ चुकी थी। कार शुक्रवार सुबह से एसटीएच के बाहर खड़ी थी और इस घटना का पता शनिवार सुबह 9 बजे लगा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मौत के कारण को लेकर अभी संशय बना हुआ है। पुलिस ने एहतियातन बिसरा सुरक्षित रख लिया है।

**10** बजे शुक्रवार सुबह से खड़ी थी कार, शनिवार सुबह 9 बजे लगा पता, डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय के बाहर की घटना



एसटीएच के सामने खड़ी इसी कार के अंदर मृत पड़ा मिला कारोबारी। ● अमृत विचार

### इकलौते बेटे की मौत से बूढ़े माता-पिता बेहाल

**हल्द्वानी :** अरुण अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला था। अरुण की अचानक मौत से परिवार में कोहराम मचा है। अरुण की पत्नी का रो-रोकर बुरा है। दो बच्चे अपनी व्यथा जाहिर नहीं कर पा रहे। वहीं बूढ़े माता-पिता को इकलौते बेटे की मौत से गहरा सदमा लगा है। होली से ठीक पहले परिवार में मौत से पूरे इलाके में मातम पसरा है। इलाकाई लोगों का कहना है कि अरुण कभी रात बाहर नहीं गुजारते थे। वह किसी भी हालत में होते, लेकिन लौट कर अपने घर ही आते थे।

तल्ली हल्द्वानी निवासी 46 वर्षीय अरुण बिष्ट पुत्र गोपाल सिंह बिष्ट यहां अपनी मां, पत्नी व दो बच्चों के साथ रहते थे। खेती-बाड़ी के अलावा उनका बरेली रोड पर घूंघट बैंक्वेट हॉल है। परिजनों के मुताबिक, अरुण शुक्रवार सुबह घर से अपनी कार में सवार होकर निकले थे। उन्होंने घरवालों को बताया कि वह विद्युत विभाग जा रहे हैं और जल्द ही लौट आएंगे, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। शुक्रवार का पूरा दिन गुजरने के बाद जब शाम ढलने लगी तो परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने अपने स्तर से तलाश शुरू की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। शनिवार सुबह 9 बजे लोगों ने कार को एसटीएच के बाहर लावारिस हालत में देखा तो कार के पास पहुंचे। कार की अगली ड्राइविंग सीट पर अरुण सिंह अचेत अवस्था में नजर आया। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि कार पूरी तरह अनलॉक थी और एक दरवाजे की खिड़की भी खुली हुई थी। शव गलने लगा था। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। अभी परिजनों की ओर से शिकायत नहीं मिली है।

## खड़ी कार में 23 घंटे पड़ी रही लाश

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री के दौरे से पहले पुलिस और प्रशासन सीएम की सुरक्षा को लेकर कड़ी मशक्कत करती है, लेकिन अरुण की मौत ने पुलिस की दिखावटी मशक्कत की पोल खोल दी। एक कार उस आयोजन स्थल के पास लगभग 24 घंटे खड़ी रहती है, जिस आयोजन में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पहुंचना था। बावजूद इसके पुलिस की नजर उस कार पर नहीं पड़ी, जिसमें अरुण की लाश पड़ी थी और वह भी आयोजन स्थल से महज सौ मीटर दूर।

मुख्यमंत्री के दौरे की सूचना पुलिस और प्रशासन को इतनी पहले मिल जाती है, ताकि वह उनकी सुरक्षा और शहर की यातायात व्यवस्था को बनाए रखने का मुकम्मल इंतजाम कर सकें। इस बार भी सूचना लगभग एक दिन पहले ही मिल गई थी। जिसके बाद जिले के अलावा आस-पास से भी पुलिस को शहर बुलाया गया। वो पूरा रूट चेक किया गया, जिससे होकर सीएम को गुजरना था। इसी रूट पर पुलिस का भारी-भरकम इंतजाम था और इसी रूट पर एसटीएच के बाहर अरुण कार में मृत पड़ा था। जहां पर लाश पड़ी थी उसी से लगभग 100 मीटर दूरी पर सीएम को पहुंचना था और इस आयोजन स्थल पर जिले के आलाधिकारियों के साथ पुलिस-प्रशासन का भारी अमला मौजूद था। बावजूद इसके किसी की नजर लाश वाली कार पर नहीं गई। एसटीएच के बाहर लगभग सड़क पर खड़ी कार योजनाबद्ध तरीके से किसी गलत नीयत से खड़ी की गई तो क्या होता?

### सीएम से पहुंचने से दो घंटे पहले मिली लाश

हल्द्वानी : मुख्यमंत्री के एफटीआई हेलीपैड पर पहुंचने का समय 11 बजे था। हालांकि वह 15 मिनट देर यानी लगभग सवा 11 बजे पहुंचे। सीएम का यह शेड्यूल शनिवार का था और कार शुक्रवार की सुबह 10 बजे से एसटीएच के बाहर खड़ी थी। सीएम के पहुंचने से पहले पुलिस ने एसटीएच के बाहर और एसटीएच के आस-पास लगने वाले सभी फड़-ठेलों और ई-रिक्शा को हटा दिया था। बावजूद इसके पुलिस की नजर उस कार पर नहीं पड़ी, जिसमें लाश पड़ी थी।

### सीसीटीवी में दिखी कार, दूसरी बार में रुकी

अरुण की मौत को लेकर संशय है। जांच में इस मामले से जुड़ा एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इस फुटेज में अरुण कार चलाते नजर आ रहे हैं। एसटीएच के करीब पहुंचते ही कार एक बार रुकी और फिर आगे बढ़ी, लेकिन आगे जाकर कार पूरी तरह रुक गई। कार से कोई बाहर नहीं आया। पुलिस जब पहुंची तो कार पूरी तरह अनलॉक थी और खिड़की का एक शीशा खुला हुआ था। माना यह भी जा रहा है कि अरुण की मौत हार्ट अटैक की वजह से हुई होगी या फिर यह आत्महत्या है।

### 35 किमी पैदल चलते चलते चली गई जान तीन बाद हुई पहचान

**हल्द्वानी :** अक्सर घर से निकल कर कुछ किमी चल कर घर लौट आने वाला एक मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति इतना पैदल चला कि उसकी मौत हो गई। मुखानी थानाक्षेत्र से निकला यह व्यक्ति करीब 35 किमी पैदल चला और चलते-चलते अचानक गिर पड़ा। मौत के तीन दिन बाद उसकी शिनाख्त हुई।

पुलिस के मुताबिक, पीलीकोठी बड़ी मुखानी में श्यामा गार्डेन के पास रहने वाले 51 वर्षीय ज्योती चंद्र जोशी मानसिक रूप से अस्वस्थ थे। परिजनों के मुताबिक, वह अक्सर घर से टहलने निकल जाते थे और चार-पांच किमी चल कर वापस घर जाते थे। बीती 25 फरवरी को भी वह घर से निकले और फिर लौट कर वापस नहीं आए। ज्योति चंद्र की तलाश करते परिजन मंडी पुलिस चौकी पहुंचे तो ज्योति के मौत की खबर मिली। ज्योति के चचेरे भाई के मुताबिक, उन्होंने सीसीटीवी फुटेज चेक किए और बताया कि 25 फरवरी को वह करीब 35 किमी बिना रुके पैदल चलते गए। हल्दूचौड़ पहुंचने पर वह चलते-चलते सड़क पर गिर गए और उनकी मौत हो गई। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## डंपर के नीचे आने से युवक की मौत

- स्कूटी में पीछे बैठी युवती गंभीर रूप से घायल

**संवाददाता, लालकुआं**

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय राजमार्ग पर बेरीपड़ाव स्थित अष्टादश भुजा महालक्ष्मी मंदिर के समीप शनिवार सुबह डंपर की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पीछे बैठी युवती गंभीर रूप से घायल हो गई।

इस हादसे के बाद हाईवे में सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा गया। होली के त्यौहार के मौके पर मृतक युवक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस के अनुसार, हिम्मतपुर चौमवाल निवासी 32 वर्षीय कार्तिक कांडपाल पुत्र कृष्ण नंद कांडपाल, शनिवार प्रातः करीब 10 बजे स्कूटी से हल्दूचौड़ के लिए निकले थे। इसी बीच गांव की 25 वर्षीय नेहा कांडपाल पुत्री पुष्कर कांडपाल लिफ्ट लेकर स्कूटी पर सवार हो गई। नेहा अशोक लीलैंड में कार्यरत बताई जा रही हैं। बताया गया है कि गांव की सड़क से राष्ट्रीय राजमार्ग पर आने के बाद कार्तिक ने आगे चल रहे डंपर संख्या यूके-18-सीए-3035 को ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी दौरान स्कूटी अनियंत्रित होकर डंपर के नीचे जा घुसी। हादसा इतना भीषण था कि कार्तिक का सिर डंपर के नीचे आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, पीछे बैठी नेहा कांडपाल को सिर में गंभीर चोट आई। स्थानीय लोगों की सहायता से उसे तत्काल डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय, हल्द्वानी भेजा गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हल्द्वानी भेज दिया। चौकी इंचार्ज शंकर सिंह नयाल ने बताया कि हादसे के जिम्मेदार डंपर को कब्जे में ले लिया है, जबकि वाहन चालक फरार है।

### स्थानीय नागरिकों ने जताया आक्रोश

स्थानीय नागरिकों ने राजमार्ग पर बेतरतीब छोड़े गए कटों को दुर्घटना संभावित स्थल बताते हुए न केवल आक्रोश व्यक्त किया, बल्कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात प्रबंधन की कमी पर भी चिंता जताई। उनका कहना है कि यहां भारी वाहनों की तेज रफ्तार, सुरक्षित कट और चेतावनी संकेतों के अभाव के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। स्थानीय लोगों ने परिवहन विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से राजमार्गों में गति नियंत्रण, संकेतक बोर्ड, सर्विस लेन और सुरक्षित एंट्री व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

## बेकरी खोलने के नाम पर ठगी, दंपती को सजा

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** बेकरी खोलने के नाम पर साझेदारी का झांसा देकर महिला से लाखों रुपये की ठगी में अदालत ने कड़ी सजा सुनाई है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने पति-पत्नी को दोषी ठहराते हुए छह माह के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों पर नौ लाख 44 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

मामला हल्द्वानी के फतेहपुर क्षेत्र से जुड़ा है। यहां रहने वाली रेखा गोस्वामी ने अपने रिश्तेदारों पर बेकरी व्यवसाय शुरू कराने के नाम पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया था। अदालत में पेश किए गए साक्ष्यों के अनुसार, हरिद्वार जिले के रुड़की निवासी मनोज गिरी और उसकी पत्नी ज्योति ने रेखा को कारोबार में साझेदारी का भरोसा दिलाया। इसी भरोसे के आधार पर पीड़िता से पहले बैंक के माध्यम से 10 लाख रुपये का ऋण कराया गया।

ऋण स्वीकृत होने के बाद आरोपियों ने रेखा से बेकरी के लिए उपकरण खरीदवाए, जिन पर लगभग आठ लाख रुपये खर्च कराए। जब व्यवसाय शुरू करने का समय आया तो आरोप है कि दंपती ने पीड़िता से एक लाख रुपये नकद लिए और उसके बाद अचानक संपर्क तोड़कर फरार हो गए। पीड़िता की ओर से लगातार मांग करने पर आरोपियों ने एक चेक सौंपा लेकिन वह बाउंस हो गया। इसके बाद पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली।

## ग्रीन वॉकथॉन को आयुक्त ने दिखाई झंडी

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचारः** यहां मिनी स्टेडियम में शनिवार को भारतीय स्टेट बैंक की ओर से 'ग्रीन वॉकथॉन' का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने हरी झंडी दिखाकर प्रतिभागियों को रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विकास के साथ-साथ पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे दैनिक जीवन में फिटनेस को शामिल करें और प्रकृति से जुड़ाव महसूस करें। वॉकथॉन में युवा ही नहीं, बल्कि बच्चों और बुजुर्गों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मिनी स्टेडियम से शुरू यह दौड़ शहर के विभिन्न हिस्सों से होते हुए गुजरी। कार्यक्रम में एसबीआई के अधिकारी, कर्मचारी रहे।




मिनी स्टेडियम हल्द्वानी में ग्रीन वॉकथॉन को हरी झंडी दिखाते मंडलायुक्त दीपक रावत।

### कमिश्नर ने सड़क पर रखी रेता को सीज कराया

हल्द्वानी : आयुक्त दीपक रावत ने शनिवार को सुबह हल्द्वानी भ्रमण के दौरान रोडवेज बस अड्डे के सामने सीएमओ कार्यालय के समीप सड़क पर रखी भवन निर्माण सामग्री (रेता) डाले जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने तत्काल निर्माण सामग्री को सीज करवाने के साथ ही 10 हजार रुपये का चालान करवाया। उन्होंने कहा कि सड़क पर भवन निर्माण की कोई भी सामग्री पाने पर कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आयुक्त ने रोडवेज स्टेशन पर सवारियों ढोने के लिए कॉमर्शियल टैक्सियों द्वारा सड़क अवरूद्ध करने पर आरटीओ एवं पुलिस महकमे को कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कॉमर्शियल टैक्सी के लिए नैनीताल रोड पर भोटिया पड़ाव के समीप टैक्सी स्टैंड बनाया गया है, उसी स्थान पर टैक्सियां खड़ी की जाएं।

## मां के साथ गए बालक का तालाब में मिला शव

**संवाददाता, लालकुआं**

**अमृत विचारः** परिवार के साथ ननिहाल में मामा की शादी में यूपी के मऊ गए बिंदुखत्ता निवासी 5 वर्षीय बालक का शव संदिग्ध अवस्था में घर के पास तालाब में मिलने से हड़कंप मच गया।

रोते-बिलखते लौटकर आए परिजनों को शनिवार को यहां गौला नदी में शव को दफनाते वक्त उसके शरीर में घाव एवं गुप्तांग में रक्त देखा तो उसके साथ हुई दरिंदगी का पता चला। जिसके बाद परिजन बच्चे का शव लेकर लालकुआं कोतवाली पहुंचे और उसका पोस्टमार्टम करवाया। पुलिस ने परिजन की तहरीर पर जीरो एफआईआर दर्ज कर ली है।

जानकारी के अनुसार यहां इन्द्रा नगर-1 बिदुखत्ता निवासी संजय सिंह की पत्नी स्वेता सिंह एवं पुत्र अयांश सिंह अपने मामा की शादी कार्यक्रम पर भाग लेने कटिहारी (बढ़कापुरा) तहसील-बोस जिला-मऊ, उत्तर प्रदेश गए हुए थे। बच्चे के पिता संजय सिंह के अनुसार बीती दिनांक 27 फरवरी को दोपहर लगभग 12 बजे जब अयांश घर पर नहीं दिखा तो उसकी मां स्वेता सिंह, मामा अतुल शाही और वहां आए हुए मेहमानों ने अयांश की खोज शुरू की। दोपहर 1 बजे के आसपास उनके घर से करीब 100 मीटर की दूरी पर स्थित तालाब में अयांश का शव उतराता मिल गया। उस वक्त सभी ने सोचा कि अयांश की मौत तालाब में डूबने से हुई है।

## मंत्री ने सुनी किसानों की समस्याएं



कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा का फूलों के बुके देकर स्वागत करते पूर्व दर्जा मंत्री महेश शर्मा व पूर्व जिपं अध्यक्ष कमलेश शर्मा।

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचारः** कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा शनिवार को पूर्व राज्य मंत्री महेश शर्मा के हिम्मतपुर तल्ला स्थित आवास पर पहुंचें और दुग्ध उत्पादकों, पशुपालकों एवं किसानों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने सभी की समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

पूर्व दर्जा मंत्री महेश शर्मा ने कैबिनेट मंत्री बहुगुणा का फूल माला पहनाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर किसानों ने कैबिनेट मंत्री से मुलाकात की। उन्होंने दूध एवं बोनस की दरें बढ़ाने की मांग की। किसानों ने जानवरों का चारा (साइलेज) के आसानी से उपलब्ध नहीं होने की भी शिकायत की। इस पर कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जल्द ही साइलेज को लालकुआ दुग्ध संघ से उपलब्ध करवा कर जल्द ही उनकी समस्या का समाधान किया जाएगा। इस दौरान लामाचौड़ मंडल अध्यक्ष संदीप सनवाल, लालकुआं दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा, पूर्व जिपं अध्यक्ष कमलेश शर्मा, पूरन सिंह खनी, रवि कुरिया, कुन्दन सिंह बोहरा, सोबन सिंह भड़, विजय सिंह, बालम बिष्ट, आनन्द दुर्गापाल, हरीश सिंह श्यालाकोटी, भुवन शर्मा, सुनील भट्ट, यमुना दत्त जोशी आदि रहे।

## पोते को स्कूल छोड़ने गई थी दादी, दादा ने लगा ली फांसी

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** दादी अपने पोतों को स्कूल छोड़ने गईं और पीछे से दादा ने फांसी लगा ली। दादी घर पहुंची तो दरवाजा अंदर से बंद था। पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा तो शव फंदे से लटकता पाया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और घटना के कारणों की जांच कर रही है।

सनवाल कालोनी कुसुमखेड़ा निवासी तुला गिरी गोस्वामी (67वर्ष) पुत्र बिशन गिरी गोस्वामी यहां अपनी पत्नी देवकी देवी, पोतों और दूसरे नंबर के बेटे गणेश के साथ रहते थे। उनका बड़ा बेटा किशन देहरादून और छोटा बेटा योगेश दिल्ली में नौकरी करता है। गणेश के मुताबिक, शनिवार की सुबह 7 बजे मां देवकी पोतों को छोड़ने स्कूल गईं थीं। इसी बीच तुला गिरी ने कमरा बंद कर फांसी लगी। उन्होंने पंखे के कुंडे से दुपट्टा कस कर फांसी लगाई। मेडिकल चौकी प्रभारी रविंद्र राणा ने पुलिस के पहुंचने से पहले परिजनों ने दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से नीचे उतार लिया था।

### थाने के पास मंदिर से घंटियां हुईं चोरी

**चोरगलिया :** चोरगलिया थाने से मात्र 200 मीटर की दूरी पर स्थित मंदिर से चोरी हो गई, लेकिन पुलिस को भनक तक नहीं लगी।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात चोरों ने इंदरपुर मंदिर के प्रांगण में बने शंकर भगवान, शनि देव और हनुमान मंदिरों से घंटिया व अन्य सामान चुरा लिया। कुछ दिनों पहले भी इसी तरह चोरों ने चोरगलिया बाजार की तीन दुकानों को खंगाल डाला था। हालांकि उस समय पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया था। स्थानीय निवासी नारायण दत्त गुरुरानी, जयदेव पोखरिया, दुर्गा दत्त जोशी, आन सिंह मेहता ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं।

### मल्लीताल क्षेत्र से युवती लापता

**नैनीतालः** मल्लीताल क्षेत्र से एक युवती के गुम होने का मामला सामने आया है। युवती के पिता ने कोतवाली में सूचना देते हुए हल्द्वानी के युवक पर युवती को भगाकर ले जाने का भी आरोप लगाया है।

मल्लीताल निवासी अशोक कुमार ने कोतवाली में शिकायत करते हुए कहा है कि उनकी 25 वर्षीय बेटी 26 फरवरी की सुबह से घर में सोई थी। लेकिन उसके बाद से वह घर में नहीं मिली। शाम को घर नहीं आने पर उनको चिंता हुई तो उन्होंने उसको फोन करने की कोशिश की। लेकिन उसका फोन नहीं लगा। जिसके बाद रिश्तेदारों और लोगों पूछताछ की लेकिन उसका पता नहीं चला। कोतवाल हेम पंत ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

अंतरिक्ष विज्ञान | राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर एरीज में आयोजित किए गए कई कार्यक्रम

## अटूट है पृथ्वी व अन्य ग्रहों के बीच का संबंध

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज में लोगों ने देर सांय ग्रहों का दीदार किया तो दिन के में सूर्य को निहारा। इस मौके पर एरीज के दूरबीनें खोल दी गई थी। दिल्ली समेत स्थानीय लोग कार्यक्रमों में शामिल हुए।

निदेशक डा मनीष नाजा ने कहा कि खगोल विज्ञान का क्षेत्र बृहद और अनंत में फैला हुआ है, जिसकी थाह पाने के लिए युवाओं को आगे आने आह्वाहन किया। उन्होंने कहा कि इसमें दोराय नहीं कि खगोल विज्ञान के क्षेत्र में भारत वैश्विक स्तर पर अलग पहचान बनाने में कामयाब हो चुका है। अब आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। 13.5 मीटर इन्फ्रारेड जैसी अध्यधुनिक तकनीक ईजाद की जा रही है, जबकि कॉस्मिक प्लेनेटरियम का निर्माण देश में होने जा रहा है। इस मौके पर वैज्ञानिकों ने पृथ्वी और हमारे सौर मंडल के ग्रहों के बीच संबंधों को समझाया। प्लैनेट परेड के वैज्ञानिक महत्व की जानकारी दी।

प्लैनेट परेड कार्यक्रम में सौर मंडल के ग्रहों को दूरबीन से देखा। रजिस्ट्रार मोहित जोशी ने एरीज की उपलब्धियों और भावी योजनाओं से अवगत कराया। डा वीरेंद्र यादव ने एरीज साइंस सेंटर में होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। डा कुंतल मिश्रा ने ग्रह नक्षत्रों को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस अवसर पर एरीज के शोध छात्र समेत विभिन्न क्षेत्रों के लोग मौजूद रहे।



एरीज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर सौर धब्बों को निहारते लोग। ● अमृत विचार

## सेवानिवृत्ति पर रेंजर शर्मा को दी गई विदाई

**हल्द्वानीः** वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा को शनिवार को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। वन विभाग में 40 वर्षों की सेवा पूर्ण करने पर आयोजित विदाई समारोह में अधिकारी, जनप्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूह की महिलांए व ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम में आनंद प्रकाश, अभय जोशी सहित वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों में पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख हिमांशु पांडे, क्षेत्र पंचायत सदस्य मनोज चनियाल, मनमोहन सिंह, वन सरपंच चंद्रा आर्या, कमलेश जीना और रानी कोटलिया सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं और स्थानीय लोगों ने उनके व्यवहार और कार्यशैली की सराहना की। इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक झोड़ा गायन प्रस्तुत कर कार्यक्रम को सांस्कृतिक रंग भी दिया। अपने संबोधन में मुकुल शर्मा ने कहा कि वे आगे भी समाज और जनता की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। उपस्थित लोगों ने मुकुल शर्मा को स्मृति चिह्न भेंट कर उनके सुखद भविष्य की कामना की। सेवानिवृत्त होने पर मुकुल शर्मा ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि राजकीय सेवा से भले ही आज निवृत्त हो रहा हूं, लेकिन जनता की सेवा का मेरा संकल्प निरंतर जारी रहेगा।

SRMS
Shri Ram Murti Smarak
Institute of Medical Sciences, Bareilly
Approved by NMC & Ministry of Health & Family Welfare, GOI
A 1200 beds NABH accredited, Super Specialty, Tertiary Care & Trauma Hospital with state-of-art infrastructure & critical care facilities
REQUIRES TECHNICIANS / STAFF
Lab. Technician (5 Posts)
B.Sc./Diploma in MLT with 3 yrs. experience
Optometrist (2 Posts)
B.Sc./Dip. in Optometry with 10 yrs. exp. in Eye OT
MRI Technician (for Unnao hospital) (1 Post)
B.Sc./BRIT in MRI with 3 yrs. experience at GE MRI machine
Cath Lab Technician (2 Posts)
B.Sc./Dip. in Cath Lab. / Dip. inCardiology technician with 5 yrs. exp.
Marketing Executive (5 Posts)
MBA Marketing, 5 yrs. experience in hospital / Pharma
Dietician (1 Post)
M.Sc. in Food & Nutrition with 3 yrs. experience
Office Clerk (6 Posts)
Graduate with Computer knowledge & 2 yr. experience
Apply within 07 days.
For details & online application visit:
https://myportal.srms.ac.in/career
OR email : career@srmsims.ac.in
HIGHER START FOR DESERVING CANDIDATES
City Office: N-3, Rampur Garden, Bareilly
Ph. : 0581-2582031-33; Mob.: 9412290127

## सिटी ब्रीफ

### कल बीडी अस्पताल में 8 से 2 रहेगी ओपीडी

**नैनीताल :** सोमवार से बीडी पांडे अस्पताल में ओपीडी के समय में बदलाव किया गया है। अब अस्पताल की ओपीडी का समय सुबह आठ से दिन में दो बजे तक रहेगा। बता दें कि जाड़े में नैनीताल के बीडी पांडे अस्पताल में ओपीडी का समय सुबह नौ से दोपहर दो बजे तक रहता है। पीएमएस डॉ टीके टम्टा ने बताया कि अब ग्रीष्मकाल के चलते शासन से मिले निर्देशों के तहत अब एक मार्च से बीडी पांडे अस्पताल में ओपीडी का समय आठ बजे से दो बजे तक रहेगा। बताया कि सभी डाक्टरों को निर्देशित कर दिया गया है।

### 25 से ज्यादा वाहन चालकों के काटे चालान

**नैनीताल :** शनिवार को यातायात पुलिस व सीपीयू ने नगर में चैकिंग अभियान चलाया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 25 लोगों के चालान किये। शनिवार को नैनीताल में भीड़भाड़ के चलते यातायात पुलिस व सीपीयू ने तल्लीताल व मल्लीताल में चैकिंग की। इस दौरान नो पार्किंग जोन में पार्क वाहन हटाने के साथ, तेज बाइक दौड़ाने वालों, बिन हेलमेट बाइक चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। टीएसआइ हरीश फर्त्याल ने बताया कि शनिवार को 25 लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

### जमा गंदा पानी दे रहा बीमारियों को दस्तक

**नैनीताल :** तल्लीताल क्षेत्र में धर्मशाला के समीप सड़क किनारे जमा गंदा पानी बीमारियों को दस्तक दे रहा है। लेकिन संबन्धित विभाग या नगर पालिका ने अभी तक गंदा पानी साफ करने या रोकने का कोई इंतजाम नहीं किया। नैनीताल हल्द्वानी रोड पर तल्लीताल धर्मशाला के समीप सड़क पर बीते लंबे समय से गंदा पानी जमा हो रहा है। जिसमें अब मक्खियां व मच्छर भी होने लगे हैं। लेकिन पालिका व संबंधित विभाग न तो सड़क में गंदा पानी आने से रोक पा रहा न ही साफ कर पा रहा है। ईओ रोहिताश शर्मा ने बताया कि जल्द ही गंदगी को साफ करा दिया जाएगा।

### पत्तापानी गांव में हाथियों ने मचाया उत्पात

**कालाढूंगी :** बैलपड़ाव व बन्नाखेड़ा रेंज से सटे क्षेत्र में हाथियों ने ड्रैगेन फ्रुट व गेहूं खेतों में आये दिन फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। बीती रात पत्तापानी गांव में हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया है। देवेन्द्र सिंह रौतेला के तीन बीघे के खेत में चना लहुसन ड्रैगेन फ्रुट की खेती को रौंद दिया है। ग्राम प्रधान पति अजय रौतेला की सूचना पर सुबह वन विभाग की टीम ने निरीक्षण कर नुकसान की रिपोर्ट बनाई। प्रधान पति अजय रौतेला ने बताया हाथियों के झुंड ने कई किसानों की गेहूं की फसल बर्बाद कर दी है।

नगर के प्रमुख 70 प्रतिशत होटल ऑनलाइन फुल, लंबे सुस्त दौर के बाद पर्यटन व्यवसायियों में लौटी उम्मीद, चेहरे खिले

# होली वीकेंड पर नैनीताल में पर्यटन कारोबार को मिली रफ्तार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** होली वीकेंड के चलते सरोवर नगरी नैनीताल में एक बार फिर पर्यटन गतिविधियों ने रफ्तार पकड़ ली है। शनिवार से ही पर्यटक नैनीताल समेत आसपास के पर्यटक स्थलों पर घूमने के लिए आने लगे हैं जिससे नैनीताल में चहल-पहल बढ़ गई है। होली वीकेंड नैनीताल के पर्यटन कारोबारी के लिए

लंबे समय से पर्यटकों की कमी से जूझ रहे पर्यटन कारोबारियों के लिए यह वीकेंड राहत भरी खबर लेकर आया है। शहर के अधिकांश होटल 60 से 70 प्रतिशत तक ऑनलाइन बुक हो चुके हैं, जबकि वीकेंड तक कई होटलों के पूरी तरह भरने की संभावना जताई जा रही है।


नैनीताल झील में नौकायन करते पर्यटक। ● अमृत विचार

होटल एसोसिएशन नैनीताल के महासचिव वेद शाह ने बताया कि पिछले कुछ समय से पर्यटन कारोबार अपेक्षाकृत धीमा चल रहा था, जिससे होटल व्यवसायी, रेस्टोरेंट संचालक, टैक्सी चालक और छोटे कारोबारी निराश थे। लेकिन होली वीकेंड को देखते हुए पर्यटकों की बुकिंग में अचानक बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने बताया कि अभी तक शहर के अधिकांश होटल 60 से 70 प्रतिशत तक फुल हो चुके हैं और अंतिम समय की बुकिंग जारी है।

होटल एसोसिएशन का मानना है कि यदि इसी तरह पर्यटकों की संख्या बढ़ती रही तो आने वाला पर्यटन सीजन कारोबारियों के लिए बेहतर साबित हो सकता है। होली वीकेंड ने पर्यटन उद्योग में नई उम्मीद जगा दी है और शहर का छोटा-बड़ा हर कारोबारी बेहतर कारोबार की उम्मीद कर रहा है।

**होली के रंगों से सजेगा पर्यटन शहरः** होली के अवसर पर नैना देवी मंदिर क्षेत्र, मालरोड और विभिन्न पर्यटन स्थलों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पारंपरिक कुमाउनी होली का भी आकर्षण रहेगा। पर्यटक स्थानीय संस्कृति और संगीत का आनंद लेने के लिए उत्साहित दिखाई दे रहे हैं।

### छोटे व्यापारियों को भी मिलेगा लाभ

पर्यटकों की बढ़ती आवाजाही का सीधा लाभ केवल होटल उद्योग तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि नाव चालकों, घोड़ा संचालकों, टैक्सी यूनियन, फोटोग्राफरों, मोमबत्ती और हस्तशिल्प विक्रेताओं सहित छोटे व्यापारियों को भी मिलेगा। मालरोड और तल्लीताल-मल्लीताल बाजार में भी रौनक बढ़ने लगी है।

### मौसम और व्यवस्थाएं भी अनुकूल

पर्यटन कारोबारियों के अनुसार मौसम साफ रहने की संभावना और प्रशासन द्वारा यातायात व सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर की जा रही तैयारियों से भी पर्यटकों का भरोसा बढ़ा है। प्रशासन ने भीड़ को देखते हुए पार्किंग और ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रखने की योजना बनाई है।

### वीकेंड पर्यटन से बढ़ी कारोबारी उम्मीदें

पर्यटन कारोबारियों का कहना है कि होली पर्व के साथ वीकेंड पड़ने से दिल्ली, उत्तर प्रदेश और आसपास के राज्यों से बड़ी संख्या में पर्यटक नैनीताल पहुंचने की तैयारी में हैं। इससे होटल, गेस्ट हाउस, होमस्टे, रेस्टोरेंट और स्थानीय बाजारों में अच्छी आमदनी की उम्मीद है।

### वनाग्नि पर जागरुकता गोष्ठी का आयोजन

**धानाचूलीः** धारी क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय नाई सिला में जंगलों में बढ़ती आग की घटनाओं को लेकर जन जागरुकता गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम जनमैत्री संगठन के प्रदीप कोठारी और मानवाधिकार कार्यकर्ता बची सिंह बिष्ट के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

गोष्ठी में ग्राम प्रधान कैप्टन प्रताप सिंह नगरकोटी, शिक्षक-अभिभावक संघ अध्यक्ष मथुरा दत्त पांडे, विद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राएं तथा ग्राम पंचायत के ग्रामीण उपस्थित रहे। बची सिंह बिष्ट ने विद्यार्थियों से वनों की आग पर लेख, निबंध और चित्र बनाकर जागरूकता फैलाने तथा संदेश घर-घर तक पहुंचाने की अपील की। ग्राम प्रधान ने बताया कि होप फाउंडेशन द्वारा तैयार वन्यजीव सुरक्षा किट ग्रामीणों को उपलब्ध कराई गई है और अंशदान के माध्यम से इसे अपनाने का आह्वान किया।

# बाल वैज्ञानिकों ने पेश किए आकर्षक मॉडल

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर किडजी प्ले स्कूल समेत विभिन्न स्कूलों में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** माउंट लिट्रा के बाल वैज्ञानिकों ने वोल्कैनो, वॉटर प्यूरीफायर, सौरमंडल और वाटर साइकिल जैसे आकर्षक मॉडल बनाकर अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का लोहा मनवाया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत वोल्कैनो और वॉटर प्यूरीफायर के लाइव प्रदर्शन को देखकर अभिभावक अत्यंत उत्साहित हुए।

कार्यक्रम में किडज़ी प्ले स्कूल में गैलरी वॉक का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों द्वारा पूरे वर्ष बनाए गए आर्ट और क्राफ्ट के चित्र प्रदर्शित किए गए। अभिभावकों ने इन रचनात्मक कार्यों का बड़े उत्साह के साथ अवलोकन किया। इस अवसर पर डॉक्टर चेक-अप कैंप का आयोजन भी किया गया, जिसमें बाल चिकित्सक डॉ. रवि सहोता की टीम, डॉ. वसीम अकरम (आरएमओ पीडिया) तथा उनकी टीम के सदस्य अयूब, सुरभि और मोबीन ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और अभिभावकों को मौसम परिवर्तन से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों के प्रति जागरूक किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्य रितु पंत ने डॉ. रवि सहोता और उनकी टीम का धन्यवाद किया, जबकि प्रबंधक स्पर्श अग्रवाल ने चिकित्सकों की नियमित सेवाओं की प्रशंसा की। कार्यक्रम में रश्मि गैरोला, दीपांजलि थापा, प्रभजोत साहनी, उमा तिवारी, शिवानी, सलोनी अग्रवाल, वंदना बिष्ट, रक्षांधा, दिव्या, अनीशा, किरण और प्रियंका सहित अन्य शिक्षकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।


रामनगर में बच्चों द्वारा बनाए मॉडलों का अवलोकन करते अभिभावक एवं शिक्षक।


प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

### छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा

**हल्द्वानी :** महिला डिग्री कॉलेज के बॉटनी विभाग की ओर से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विकसित भारत 2047 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी प्रतिभा और वैज्ञानिक सोच का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्राचार्या डॉ. आभा शर्मा ने छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताया। निबंध प्रतियोगिता में शिखा, पोस्टर एवं मॉडल प्रतियोगिता में भूमिका रौतेला, क्विज प्रतियोगिता में दीक्षा जोशी और भाषण प्रतियोगिता में दिव्यांशी मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एके श्रीवास्तव, वनस्पति विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ. सरस्वती बिष्ट, डॉ. विवेक कुमार, संजू और निर्णायक मंडल में डॉ. विजय कुमार बिष्ट, डॉ. शरद चंद्र मिश्रा, डॉ. विद्या कुमारी सहित विभाग की समस्त छात्राएं उपस्थित रहीं।

### विज्ञान क्विज में गोपाल सिंह रहे प्रथम

**भीमताल :** ओखलकांडा ब्लॉक के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बडौन में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान छात्र-छात्राओं को विज्ञान दिवस के महत्व और इतिहास की जानकारी दी गई। विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी एवं विज्ञान मेले का भी आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक विषय पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए। प्रभारी प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा ने बताया कि यह दिन नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक सीवी रमन को समर्पित है। उनके सम्मान में प्रतिवर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष का थीम विज्ञान में महिलाएं : विकसित भारत को गति देने वाली शक्ति रखा गया है। कार्यक्रम के अंतर्गत विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और जिज्ञासा को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता में गोपाल सिंह (कक्षा 9) प्रथम, सुंदर बोरा (कक्षा 8) द्वितीय तथा ललित (कक्षा 9) तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। प्रयोगशाला सहायक पुष्कर सिंह मेहता, रघुवर सिंह चुलगाई आदि रहे।


राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर मॉडल के साथ उपस्थित छात्र। ● अमृत विचार

### आशीष मॉडर्न में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया

**कालाढूंगी :** शनिवार को आशीष मॉडर्न हायर सेकेंडरी स्कूल, बेलपोखरा बैलपड़ाव में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। जूनियर और सीनियर कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान प्रदर्शनी में अपने-अपने मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा दिखाई। विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रबंधक तारादत्त सत्यवली ने किया। उन्होंने विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा बनाए गए विभिन्न विषयों के मॉडल देखकर प्रबंधक ने बच्चों की विज्ञान के प्रति रुचि और नवाचार की भावना की सराहना की। निर्णायक मंडल में विद्यालय की संरक्षिका रज्जो, प्रधानाचार्या ज्योति, पायल व गरिमा समेत अन्य शिक्षिकाएँ शामिल रहीं।

### आईवीआरआई मुक्तेश्वर में प्रेरणा कार्यक्रम आयोजित

**धानाचूली :** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान मुक्तेश्वर परिसर में विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा कार्यक्रम आयोजित किया गया। संयुक्त निदेशक डॉ. यशपाल सिंह मलिक के निर्देशन में हुए कार्यक्रम में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा बढ़ाने पर बल दिया गया। क्षेत्र के तीन विद्यालयों से आए लगभग 40 विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रदर्शनी मॉडल, क्विज व पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। छात्रों को संस्थान के संग्रहालय का भ्रमण भी कराया गया। मुख्य अतिथि डॉ. शैर सिंह ने विद्यार्थियों को निरंतर अध्ययन के लिए प्रेरित किया। संस्थान के निदेशक डॉ. राघवेंद्र भट्टा ने टीम को बधाई दी। डॉ. मनीष तोमर, डॉ. मधुसुधन आदि मौजूद रहे।


मुक्तेश्वर में विज्ञान दिवस पर वैज्ञानिकों के साथ स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

# घुसपैठ रोकने को कॉर्बेट में हाई अलर्ट

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** होली पर्व के मद्देनज़र संभावित घुसपैठ और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को रोकने के लिए जिम कॉर्बेट टाइगर रिजर्व प्रशासन ने पूरे क्षेत्र में हाई अलर्ट घोषित कर दिया है। पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है, ताकि अवैध शिकार, अनधिकृत प्रवेश या अन्य गैरकानूनी गतिविधियों को रोका जा सके।

कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. साकेत बडोला ने बताया कि हर बड़े पर्व और अवकाश के समय विशेष सतर्कता बरती जाती है। त्योहारों में कुछ असामाजिक व आपराधिक तत्व छुट्टियों का लाभ उठाकर जंगल क्षेत्र में घुसपैठ या अवैध शिकार का प्रयास कर सकते हैं। इसी आशंका को देखते हुए अलर्ट जारी किया गया है।

उन्होंने बताया कि फील्ड में तैनात टीमों को संवेदनशील सीमावर्ती इलाकों में लगातार गश्त के निर्देश दिए गए हैं। विशेष रूप से उत्तर प्रदेश से सटी सीमाओं पर सघन निगरानी और कॉम्बिंग अभियान चलाया जा रहा है। ड्रोन टीम को सक्रिय कर आसमान से निगरानी की जा रही है, जबकि स्निफर डॉग्स और अन्य तकनीकी उपकरणों की मदद से संवेदनशील क्षेत्रों पर नजर रखी जा रही है।

सभी कर्मचारियों की छुट्टियां फिलहाल निरस्त कर दी गई हैं। केवल अत्यंत आवश्यक परिस्थितियों में ही अवकाश स्वीकृत किया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह कदम वन्यजीवों की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया गया है।

### पदोन्नति पर शिक्षक संघ ने खड़े किए कई सवाल

**रामनगर :** प्राथमिक शिक्षा में 30 से 35 वर्षों की लंबी सेवा के बावजूद अधिकांश शिक्षक केवल एक पदोन्नति के भरोसे चल रहे हैं। उनका कहना है कि प्राथमिक शिक्षक के रूप में नई नियुक्ति के बाद अधिकतम एक पदोन्नति प्रधानाध्यापक या सहायक अध्यापक जूनियर से ही प्राप्त होती है, जबकि अन्य विभागों के कार्मिकों को कई पदोन्नतियों का लाभ मिलता है। इस मुद्दे पर प्राथमिक शिक्षक संघ ने निदेशालय को ज्ञापन भेजकर कई सवाल उठाए हैं। उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय पदाधिकारी मनोज तिवारी ने ज्ञापन में रोष व्यक्त किया है।


मनोज तिवारी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बहाली, विकासखण्ड बागेश्वर

पत्रांक : मेमो / 7-पं०/पं०भ०नि०/2025-2026 | अल्पकालिक निविदा/कोटेशन सूचना | दिनांक : 28/02/2026

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारो से शिल्ड निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 05/03/2026 से 12/03/2026 तक पूर्वान्ह 11 बजे से 4.00 बजे सायं तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है तथा दिनांक 14/03/2026 को अपरान्ह 2.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय पंचायत घर भतौडा में निविदा बॉक्स में निविदा डाली जा सकती है। निविदा प्रपत्रों को दिनांक 14/03/2026 को अपरान्ह 2.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष ग्राम प्रधान / ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम पंचायत बहाली के कार्यालय पंचायत घर भतौडा में निविदा खोलने हेतु गठित समिति द्वारा खोला जाएगा। निविदा फार्म के साथ रू 100 का स्टाम्प पेपर एवं रू 1.00 का हस्ताक्षरित रसीदी टिकट तथा स्वीकृत धनराशि का 2% की राशि सी०डी०आर० के रूप में जो कि ग्रा०पं०वि०अधि० बहाली के नाम बन्धक हो को संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा की स्थिति में इसे निरस्त समझा जायेगा।

| कार्य का नाम | कुल स्वीकृत धनराशि रू० लाख | धरोहर धनराशि (रू० में) | निविदा फार्म का मूल्य रू० में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बहाली में पंचायत भवन निर्माण | 20.00 लाख | 60000.00 | 1500 | 180 दिन | श्रेणी डी एवं उच्चतर |

अन्य शर्ते निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

नोटः- निविदा प्रपत्र क्रय करते समय ठेकेदारों को पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना पड़ेगा।

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बहाली
विकास खण्ड बागेश्वर


# समस्याओं के निदान का दिया भरोसा

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** जिम कॉर्बेट टाइगर रिजर्व ने सीधे ग्रामीणों से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। बिजरानी रेंज के परिक्षेत्र की सीमा से सटे ग्रामों, खत्तों के ग्रामीणों के लिए रिंगौड़ा वन परिसर में प्रभाग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याएं सुनना और वन विभाग एवं स्थानीय लोगों के बीच समन्वय सुदृढ़ करना था।

बैठक में पार्क वार्डन बिंदर पाल ने बताया कि प्रभाग दिवस कार्यक्रम वन विभाग और स्थानीय लोगों के बीच संवाद स्थापित करने का एक माध्यम है। ग्रामीण इस अवसर पर अपनी समस्याएं रख सकते हैं, जिन्हें विभागीय अधिकारी मौके पर या नियमानुसार समाधान करने का प्रयास करते हैं। आमडंडा और रिंगौड़ा खत्तावासियों ने बिजली, पानी और मोबाइल नेटवर्क जैसी मूलभूत सुविधाओं की समस्याएं साझा कीं। अधिकारियों ने इनके समाधान के लिए उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।


ग्रामीणों से वार्ता करते सीटीआर के अधिकारी। ● अमृत विचार

बिजरानी रेंज के रेंजर नवीन चंद्र पांडे ने ग्रामीणों से अनुरोध किया कि वे अपने घरों के आसपास कूड़ा न जलाएं, ताकि आग फैलने का खतरा कम हो। उन्होंने वनाग्नि की घटनाओं की जानकारी स्थानीय वन चौकी को देने और मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने के उपाय अपनाने की भी सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने वन संरक्षण और आग से बचाव के लिए विभाग को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिप सदस्य दीप चंद्र, रेंजर नवीन पांडे, नवीन चंद्र पपनै, रवि थपलियाल, विक्रम भट्ट, एडवोकेट भूपेन्द्र सिंह चौहान, मानसी अरोरा, प्रमोद कुमार, सत्यवली और प्रमोद डोर्बी रहे।

### राज्य स्तरीय मैच के लिए महिला टीम का चयन

**हल्द्वानीः** खेल निदेशालय उत्तराखंड और जिला प्रशासन टिहरी गढ़वाल की ओर से आयोजित होने वाली ओपन महिला सेवन-ए-साइड राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए नैनीताल जनपद की टीम का चयन कर लिया गया है। हल्द्वानी स्पोर्ट्स स्टेडियम में शनिवार को आयोजित चयन ट्रायल में कुल 21 महिला फुटबॉल खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। चयनकर्ताओं ने अंतिम 9 खिलाड़ियों का चयन किया। चयन प्रक्रिया में दिनेश सिंह रावत, वीरेंद्र सिंह दानू और गोपाल सिंह नेगी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। चयनित टीम अब आगामी 6 मार्च को टीम मैनेजर वीरेंद्र सिंह दानू के नेतृत्व में टिहरी गढ़वाल के लिए रवाना होगी। जिला खेल कार्यालय नरेंद्र नगर (टिहरी गढ़वाल) की ओर से आयोजित यह प्रतियोगिता 7 मार्च से 9 मार्च 2026 तक चलेगी।


रामनगर में शनिवार को अतिक्रमण हटाती पालिका की टीम। ● अमृत विचार

### पालिका ने रानीखेत रोड से अतिक्रमण हटाया

**रामनगर :** नगर में इन दिनों बढ़ते अतिक्रमण को रोकने के लिए उप जिलाधिकारी गोपाल सिंह चौहान के निर्देश पर पालिका प्रशासन ने रानीखेत रोड के बाजार एरिया में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। अतिक्रमण अभियान के चलते लोगों में हड़कंप मच गया। इस अभियान के दौरान रानीखेत रोड से 25 अस्थाई अतिक्रमण हटाए गए। इसके साथ ही नगर पालिका ने 4 चालान जारी किए, जिनमें 2,000 रुपये की राशि वसूली गई। अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल ने बताया कि पूर्व में जिलाधिकारी द्वारा भी कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे, लेकिन चेतावनी के बावजूद अतिक्रमणकारी नहीं मान रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई लगातार जारी रखी जाएगी। इस दौरान नगर पालिका अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल, राजस्व विभाग की टीम, नगर पालिका प्रधान सहायक आनंद संगा, स्वास्थ्य निरीक्षक लल्ला मियां और नगर पालिका के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### ग्रामीणों को कृषि प्रशिक्षण देकर सामग्री वितरित की

**भीमतालः** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के केंद्रीय शीतोष्ण बागवानी संस्थान, क्षेत्रीय कार्यालय मुक्तेश्वर द्वारा अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति उप योजना के अंतर्गत ओखलकांडा ब्लॉक की दूरस्थ ग्राम सभाओं में कृषि प्रशिक्षण एवं कृषि उपयोगी सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूर्व ग्राम प्रधान मुकेश चंद्र बौद्ध के सहयोग से हुए कार्यक्रम में जमराड़ी, टकुरा, पुटपुरी, रैकुना, पेटना, थलाड़ी और कावेदल के किसानों को लाभ मिला। मुकेश चंद्र बौद्ध, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अरुण किशोर, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी विनोद चंद्र, ग्राम प्रधान रैकुना भुवन चंद्र, थलाडी किरण देवी, जमराड़ी बलवीर सिंह, रोशन आर्य, कमल सिंह बोरा, कुशमा देवी आदि रहे।


अलचौना में भजन-कीर्तन में भाग लेते जिपं सदस्य विपिन सिंह जंतवाल। ● अमृत विचार

### जिला पंचायत सदस्य ने लोगों की समस्याएं सुनीं

**भीमताल, अमृत विचार :** जंगलिया गांव निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य बिपिन सिंह जंतवाल ने ग्राम पंचायत चाफी एवं अलचौना क्षेत्र का भ्रमण कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके स्थायी समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने जिला पंचायत द्वारा निर्मित पिटौली पुल का औचक निरीक्षण भी किया तथा ठेकेदार को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इससे पूर्व उन्होंने श्री 108 कीर्तन महाराज की स्मृति में आयोजित गुरु गोरखनाथ नाथ मंदिर, अलचौना में भजन-कीर्तन एवं विशाल भंडारे में भाग लिया। ग्रामीणों की मांग पर उन्होंने संबंधित मार्ग की मरम्मत कराने का भी आश्वासन दिया। प्रधान पुजारी हरीश चंद्र पांडे, ग्राम प्रधान कमल देवका, नीरज अलचौनी, नारायण सिंह कुल्याल, प्रेम सिंह कुल्याल, आनंद मणि भट्ट, नवीन शर्मा, रमेश चंद्र पलड़िया, मदन सिंह सहित अनेक ग्रामीण महिलाएं और ग्रामीण उपस्थित रहे।

ब्रीफ न्यूज

### वाहन की टक्कर से गुलदार की मौत

**खटीमा:** मेलाघाट रोड पर झनकईया में मेला स्थल पर कार से टकराकर गुलदार की मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस और वन विभाग की टीम ने मौके पर गिरी नंबर प्लेट के आधार पर वाहन को कब्जे में लिया है। वहीं गुलदार के शव को सुरक्षित रखवा दिया है जिसका पोस्टमार्टम कल किया जायेगा। शनिवार शाम करीब चार बजे थाने से करीब 50 मीटर दूर झनकईया मेला स्थल पर कार से गुलदार टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गुलदार की मौके पर ही मौत हो गई और कार की नंबर प्लेट टूटकर वहीं गिर गई। घटना के साथ ही पुलिस और वन विभाग के लोग वहां पहुंच गए और भारी भीड़ जमा हो गई। सुरई रेंज के वन क्षेत्राधिकारी राजेंद्र सिंह मनराल ने बताया कि कार को कब्जे में ले लिया है। उन्होंने कहा कि गुलदार के शव को सुरक्षित रखवा दिया गया है जिसका पोस्टमार्टम रविवार को होगा।

### स्कूल बस की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

**सितारगंज:** कल्याणपुर के पास एक स्कूल बस ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। खटीमा निवासी नरेंद्र कौर ने बताया कि 24 फरवरी को उनके पति चरण सिंह हल्द्वानी से लौट रहे थे, तभी स्कूल बस ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में उनके सिर, चेहरे और आंख में गंभीर चोटें आई हैं। घायल को सितारगंज अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया, जहाँ वर्तमान में बरेली के निजी अस्पताल में उनका उपचार चल रहा है।

### ट्रांजिट कैंप क्षेत्र से किशोरी लापता

**रुद्रपुर:** ट्रांजिट कैंप क्षेत्र से एक किशोरी लापता हो गयी है। काफी खोजबीन के बाद भी किशोरी का पता नहीं चला तो परिजनों ने पुलिस से मदद की गुहार लगायी है। पुलिस ने परिजनों के तहरीर के आधार पर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। ठाकुर नगर ट्रांजिट कैंप निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। इसमें महिला ने कहा है कि वह मूलरूप से शाहजहांपुर यूपी के रहने वाली हैं। उनकी 17 वर्षीय पुत्री 17 फरवरी को घर पर ही थी। देर रात वह घर में बिना बताए कहीं चली गई। 18 फरवरी की सुबह जब वह लोग उठे तो पुत्री घर में नहीं थी। उसकी काफी खोजबीन की गई लेकिन कोई पता नहीं चला। पुत्री की तलाश नाते रिश्तेदारों के घर पर की और अन्य संभावित ठिकानों पर भी की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। थक हारकर महिला ने पुलिस से पुत्री की बरामदगी की मांग की है। पुलिस ने गुमशुदगी पंजीकृत कर ली है।

# हाईस्कूल व इंटर के 395 छात्रों ने छोड़ दी परीक्षा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल की गृह विज्ञान विषय की परीक्षा आयोजित हुई। जबकि इंटरमीडिएट की मनोविज्ञान, शिक्षा शास्त्र, गणित, कृषि वनस्पति और कृषि अर्थशास्त्र विषय की परीक्षाएं आयोजित हुई। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर परीक्षा केंद्रों के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया था।

शनिवार को जिले के 105 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा सुबह 10 बजे से एक बजे तक आयोजित हुई। हाईस्कूल गृह विज्ञान विषय में पंजीकृत 6902 छात्रों में 6598 ने परीक्षा दी, जबकि 304 अनुपस्थित रहे। इंटरमीडिएट की मनोविज्ञान विषय में पंजीकृत 18 में सभी छात्रों ने परीक्षा दी। शिक्षा शास्त्र विषय में पंजीकृत 705 छात्रों में 672 ने परीक्षा दी, जबकि 33 अनुपस्थित रहे। गणित विषय में पंजीकृत 2523 छात्रों में 2467 ने परीक्षा दी, जबकि 56 अनुपस्थित रहे।

कृषि वनस्पति विषय में पंजीकृत 77 छात्रों में से 75 ने परीक्षा दी, जबकि 2 अनुपस्थित रहे। कृषि अर्थशास्त्र विषय में पंजीकृत 44 में से सभी परीक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। वहीं परीक्षा कक्ष में प्रवेश से पूर्व सभी छात्रों की चेकिंग की गयी। इसके बाद ही सभी छात्रों को कक्ष में जाने की इजाजत दी गयी। मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत ने बताया कि सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इस दौरान कोई भी छात्र अनुचित साधनों के प्रयोग करता हुआ नहीं पाया गया।

अजमेर से वीसी के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया शुभारंभ, पहले दिन कई छात्राओं ने लगवाया टीका

# यूएस नगर में सर्वाइकल कैंसर का टीकाकरण शुरू

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** देशभर में बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित करने के उद्देश्य से एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ हो गया है। अजमेर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस अभियान की शुरुआत के साथ ही ऊधमसिंह नगर जनपद में भी इसका विधिवत शुभारंभ हो गया है। यह विशेष अभियान 31 मई तक संचालित किया जाएगा। इसके तहत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) वैक्सीन लगाई जाएगी।

शनिवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.केके अग्रवाल ने बताया कि एचपीवी संक्रमण सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण है। समय पर टीकाकरण से इस बीमारी से प्रभावी बचाव संभव है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ.डीपी सिंह और उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी प्रदीप मेहर ने कहा कि सभी सेशन स्थलों पर कोल्ड चेन व्यवस्था, प्रशिक्षित स्टाफ और आवश्यक चिकित्सीय प्रबंधन किया गया है।

उन्होंने बताया कि ऊधमसिंह नगर जनपद को राज्य स्तर से 17380 डोज प्राप्त हुई हैं। जिले में 16 सेशन साइट चिन्हित की गई हैं। जहां प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की देखरेख में टीकाकरण किया जाएगा। वहीं कार्यक्रम में अंजली, सलोनी, राधा, राधिका, प्रिया, नैना, पूनम जोशी, गीता, प्रीति, माही सैनी, नीलम और अंशु सहित अनेक छात्राओं ने टीका लगवाकर अभियान का शुभारंभ किया। छात्राओं ने कहा कि यह टीका उन्हें भविष्य में गंभीर बीमारी से सुरक्षा देगा। उन्होंने अन्य बालिकाओं से भी आगे आने की अपील की है।



मेडिकल कॉलेज में छात्रा को टीका लगातीं स्वास्थ्य कर्मी। ● अमृत विचार

### अभिभावकों से की बेटियों को टीका लगाने की अपील

**रुद्रपुर:** सीएमओ डॉ. अग्रवाल ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे भ्रांतियों से दूर रहकर अपनी बेटियों का समय पर टीकाकरण कराएं। ताकि उन्हें सर्वाइकल कैंसर की बीमारी से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य निर्धारित समयसीमा में अधिकतम पात्र बालिकाओं का टीकाकरण करना है। ताकि ऊधमसिंह नगर जनपद एक सशक्त उदाहरण बन सके।

### ये लोग रहे मौजूद

पूर्व राज्यमंत्री सुरेश परिहार, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना, स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत के प्रतिनिधि अभिषेक सक्सेना, डॉ.एमके तिवारी, डॉ.नम्रता त्रिपाठी, डॉ. मधु माथुर, संजय रावत, डॉ. हरेंद्र मलिक, रक्षित बिष्ट, जिला कार्यक्रम अधिकारी हिमांशु मुस्युनी, दान सिंह भंडारी, प्राचार्य ऊषा रावत आदि उपस्थित रहे।

# सदस्यों ने अधिकारियों पर निकाली भड़ास

## जिपं बोर्ड बैठक में बोले-सरकारी योजनाओं की नहीं मिल रही जानकारी, कई अधिकारी नदारद

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिला पंचायत की बोर्ड बैठक में जिला पंचायत सदस्यों ने क्षेत्र में स्कूलों की जर्जर हालत, बिजली की समस्या, भूकटाव की समस्या का निस्तारण नहीं करने समेत कई समस्याएं उठाई। इस दौरान जिला पंचायत सदस्यों ने सरकारी योजनाओं की जानकारी नहीं होने पर जिला स्तर के अधिकारियों पर जमकर भड़ास निकाली। साथ ही कहा कि जो भी अधिकारी बैठक में नहीं आया है उनको नोटिस दिया जाए। वहीं अपर मुख्य अधिकारी ने बताया कि जो अधिकारी बैठक में उपस्थित नहीं रहे उन्हें कारण बताओ नोटिस भेजा जाएगा।

शनिवार को जिला पंचायत सभागार में बोर्ड बैठक अपने निर्धारित समय 11 बजे शुरू हो गयी थी। इस दौरान अपर मुख्य अधिकारी गणेश कुमार भट्ट ने बैठक का एजेंडा बताया। इसके बाद जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मोर्चा ने बैठक को शुरू करने का आदेश दिया। इसके बाद जसपुर के जिला पंचायत सदस्य चरणजीत सिंह ने कहा कि यूपीसीएल के अधिकारी आम जनता को प्रताड़ित कर रहे हैं। बिना स्वामित्व के लोगों को बिजली के कनेक्शन नहीं दे रहे हैं। जिनके कनेक्शन लगे हैं वहां यूपीसीएल की विजिलेंस टीम छापा मार रही है और उनके कनेक्शन काट रही है।

जिला पंचायत सदस्य खेमपुर गदरपुर शिल्की खेड़ा ने बरखेड़ा रोड से शांति ग्राम तक 900 मीटर डामरीकरण, झगड़पुरी से चुनपुरी तक दो किमी सड़क बनाने की मांग की। साथ ही कहा कि लघु सिंचाई और अन्य विभाग के अधिकारी उनके क्षेत्र में क्या काम कराए जा रहे हैं उसकी जानकारी तक नहीं दे रहे हैं। इसके अलावा अन्य जिला पंचायत सदस्यों ने एक के बाद एक विभिन्न विभागों के अधिकारियों पर जमकर भड़ास निकाली। वहीं जिला पंचायत सदस्यों ने बैठक में जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी के बैठक में उपस्थित नहीं रहने पर भी नाराजगी जतायी। इसके अलावा कई विभागों के अधिकारियों के भी नहीं पहुंचने पर नाराजगी जताते हुए नोटिस भेजने को कहा। जिस पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के चलते बैठक में नहीं आये हैं। उन्होंने सभी जिला पंचायत सदस्यों से कहा कि वे अपनी-अपनी समस्या का प्रस्ताव बनाकर दें।



बोर्ड की बैठक में समस्या बताते जिला पंचायत सदस्य। ● अमृत विचार

### ये जनप्रतिनिधि व अधिकारी रहे मौजूद

जिला पंचायत सदस्य हीरा देवी, संगीता राणा, अमनदीप कौर, अनीमा सिंह, शिल्पी, आशा देवी, सूरज नारायण, सुनीता सिंह, गुरदास कालड़ा, दीपा, शिल्की खेड़ा, सुषमा हालदार, मोहम्मद फुरकान, बीनू, रजनी, नईम अहमद, मोहम्मद हसन, चरणजीत सिंह समेत पंचायती राज अधिकारी विद्या सिंह सोमनाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता भारत सिंह डांगी, लघु सिंचाई सुशील कुमार समेत कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

> बोर्ड बैठक में पिछली बोर्ड बैठक के एजेंडे पर चर्चा की गयी। इसके अलावा जिला पंचायत सदस्यों की समस्याओं को सुना गया और उनसे प्रस्ताव मांगे गये हैं। प्रस्ताव आने के बाद उनकी समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण किया जाएगा। जो अधिकारी बैठक में उपस्थित नहीं हुए हैं उन्हें कारण बताओ नोटिस भेजा जाएगा। **-गणेश कुमार भट्ट**, अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत

> बोर्ड बैठक में जिला पंचायत सदस्यों की ओर से उठाई गई समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। इसके अलावा बैठक में उपस्थित नहीं होने वाले अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस भेजने के लिए अपर मुख्य अधिकारी को कहा गया है। लीपापोती नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री धामी सरकार में सभी अधिकारियों को धरातल पर काम करना होगा। **-अजय मौर्या**, अध्यक्ष, जिला पंचायत ऊधमसिंह नगर

## याचिकाकर्ताओं के प्रस्तुत प्रत्यावेदनों पर सुनवाई 7 को

**रुद्रपुर:** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि उच्च न्यायालय नैनीताल द्वारा जनपद ऊधमसिंह नगर की तहसील काशीपुर क्षेत्र स्थित एस्कॉर्ट फार्म भूमि से संबंधित विभिन्न रिट याचिकाओं में सुनवाई करते हुए अलग-अलग आदेश पारित किये गए हैं। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय की ओर से पारित आदेश के अनुपालन में याचिकाकर्ताओं के प्रत्यावेदनों पर सुनवाई 7 मार्च को अपराह्न 3 बजे से होगी।

शनिवार को जिलाधिकारी ने बताया कि रिट याचिकाओं का तदनुसार निपटारा किया जाता है और याचिकाकर्ताओं को भूमि आवंटन के लिए लागू प्रावधान में संशोधन के लिए जिला मजिस्ट्रेट ऊधमसिंह नगर को अलग से आवेदन करने की स्वतंत्रता दी जाती है। यदि आज से दो सप्ताह के भीतर ऐसा आवेदन किया जाता है तो जिला मजिस्ट्रेट मामले की जांच करेंगे और उसके बाद आठ सप्ताह के भीतर उचित आदेश पारित करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रस्तुत प्रत्यावेदनों पर सुनवाई के लिए 28 फरवरी को समय 3 बजे की नियत तिथि को अपरिहार्य कारणों से स्थगित करते हुए अग्रिम सुनवाई 7 मार्च को अपराह्न 3 बजे से होगी।

# युवती से मिलने आए युवक ने की मारपीट

- साथियों के साथ लोगों के घरों में फेंके ईंट-पत्थर, कई हुए चोटिल

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** विगत रात्रि ट्रांजिट कैंप के वार्ड 7 आजादनगर में युवती से मिलने आए एक युवक और उसके साथियों ने क्षेत्र के लोगों के साथ मारपीट की और घरों में ईंट पत्थर फेंके। इसमें कई लोगों को चोटें भी आई हैं। इस बीच किसी ने पुलिस को घटना की सूचना दी। घटना की जानकारी देने के बाद भी पुलिस काफी देर से घटनास्थल पर पहुंची। इससे लोगों में काफी आक्रोश है।

यहां बता दें कि शुक्रवार की रात्रि ट्रांजिट कैंप के वार्ड 7 आजादनगर में युवती से मिलने आये एक युवक की कुछ लोगों ने पिटाई कर दी। जानकारी मिलने पर युवक के साथ ही वहां पहुंच गये। उन्होंने घरों पर ईंट पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। इससे कई लोगों को चोटें आयी हैं। इस दौरान दबंगों ने वहां खड़ी स्कूटी और टुकटुक को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। लोगों की भीड़ जमा होने पर दबंग युवक धमकी देते हुए वहां से भाग गये। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि मोहल्ले में पिछले काफी समय से युवक रात्रि के समय युवतियों से मिलने के लिए आते हैं। इससे मोहल्ले का वातावरण खराब हो रहा है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की रात्रि भी युवक मोहल्ले में युवतियों से मिलने आये थे। युवतियां घर को जाने लगी तो युवक भी उनके पीछे घर की ओर चल दिये। जहां युवकों का युवतियों के परिजनों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। मामला हाथापाई तक पहुंच गया। मोहल्ले के लोगों ने जब युवकों को यहां न आने के लिए कहा तो उनकी कहासुनी हो गई। इस बीच युवकों ने ईंट पत्थर बरसाये और लोगों से मारपीट की। इस दौरान युवकों ने वहां खडे कमल मंडल के टुकटुक व सपना राय की स्कूटी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। भीड़ बढ़ते देख युवक धमकी देते हुए वहां से भाग गये। इस घटना में कमल मंडल, पूजा मंडल, सुंदरी मंडल, बसंती मंडल, रूचि मंडल, विभुका मंडल, सुरेश मंडल, सपना राय, दीपाली मंडल, सुब्रतो मंडल, अनूप राय सहित कई लोगों को चोटें आयी है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने मामले की जानकारी ली। शनिवार की सुबह मोहल्ले के लोग ट्रांजिट कैंप कोतवाली पहुंचे।

# उत्पादन सूचकांक का प्रशिक्षण दिया

- वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण और औद्योगिक उत्पादन सूचकांक पर आयोजित हुई कार्यशाला

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** अर्थ एवं संख्या विभाग के निदेशक सुशील कुमार की अध्यक्षता में वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण एवं औद्योगिक उत्पादन सूचकांक पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। इस दौरान उन्होंने राज्य की जीडीपी आकलन में वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण एवं औद्योगिक उत्पादन सूचकांक की महत्ता एवं भूमिका पर प्रकाश डाला। साथ ही जनपद ऊधमसिंह नगर की औद्योगिक इकाइयों से आये प्रतिनिधियों को समय पर भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप पर सूचना समय पर उपलब्ध कराने की अपील की।

शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में अर्थ एवं संख्या की उप निदेशक रश्मि हलदार और उनकी टीम ने वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण एवं औद्योगिक उत्पादन सूचकांक पर प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर अर्थ एवं संख्याधिकारी गोपाल गुप्ता, सिडकुल इन्टरप्रन्योर वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष श्रीकर सिन्हा, कुमाऊं-गढ़वाल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार बंसल, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जमील, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक विपिन्न कुमार कम्बोज समेत जनपद की विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते अर्थ एवं संख्या विभाग के निदेशक सुशील कुमार।

## दरऊ मार्ग के लिए 1.5 करोड़ स्वीकृत

**किच्छा:** क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही बहुप्रतीक्षित मांग अब पूरी होने जा रही है। विधायक तिलक राज बेहड़ के प्रयासों से किच्छा-दरऊ सड़क मार्ग के हॉट मिक्स नवीनीकरण को शासन ने प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दे दी है। राज्य योजना के तहत लगभग 9 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण 1.5 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा।

विधायक बेहड़ ने बताया कि जर्जर सड़क के कारण किसानों, छात्रों और व्यापारियों को भारी परेशानी हो रही थी। हॉट मिक्स तकनीक से सड़क अब अधिक मजबूत और टिकाऊ बनेगी, जिससे दुर्घटनाओं में कमी आएगी और परिवहन सुगम होगा। विधायक ने मुख्यमंत्री और लोक निर्माण मंत्री का आभार व्यक्त किया है।

# पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए हुआ ट्रायल

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड राज्य पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 और राष्ट्रीय चयन ट्रायल का भव्य शुभारंभ मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ। इसका उद्घाटन समाजसेवी मोहन गोयल, जेबी सिंह और डिसेबल स्पोर्टिंग समिति के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया।

शनिवार को राज्य स्तरीय चैंपियनशिप एवं चयन ट्रायल पैरालंपिक एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड एवं सहयोगी संस्था डिसेबल्ड स्पोर्टिंग सोसायटी उत्तराखंड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। इस मौके पर समाजसेवी मोहन गोयल ने कहा कि पैरा खिलाड़ी समाज के लिए प्रेरणा हैं। उनका संघर्ष, अनुशासन और आत्मविश्वास युवाओं को विपरीत परिस्थितियों में भी आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने बताया कि चयन ट्रायल के माध्यम से चयनित खिलाड़ी 6 से 10 मार्च तक तेलंगाना में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद पैरा खिलाड़ियों का समर्पण और जज्बा समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। प्रतियोगिता के संयोजक हरीश चौधरी ने कहा कि इस प्रतियोगिता से पैरा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच पर आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर पैरालंपिक एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के सचिव अमिता, एनआईएस कोच एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रेम कुमार, संदीप चौधरी, शरद जोशी, गोविंद परिहार, रघुनाथ विश्वास, प्रेम विश्वास, अक्षत रुहेला, कमल हसन, शुभेंदु मन्ना, अनिकेत, विनोद रावत मौजूद रहे।



ट्रायल का शुभारंभ करते समाजसेवी मोहन गोयल, जेबी सिंह और डिसएबल स्पोर्टिंग समिति के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ।

हालात | अब तक डिपो को प्रतिदिन हो रहा था 30 फीसदी राजस्व का नुकसान, शुरू हुई प्रोत्साहन योजना

# इस बार रुद्रपुर डिपो को होली में अतिरिक्त आय की आस

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** रुद्रपुर डिपो को होली पर्व में डिपो की आय बढ़ने की उम्मीद है। कारण पिछले कई माह से डिपो को लक्ष्य के सापेक्ष 30 फीसदी राजस्व का प्रतिदिन उठाना पड़ रहा था। इसके लिए उत्तराखंड निगम प्रबंधन की ओर से चालक-परिचालकों के लिए आज से प्रोत्साहन योजना भी शुरू कर दी है।

यहां बता दें कि रुद्रपुर डिपो से प्रतिदिन 86 बसों का संचालन होता है। इसमें 39 बसें उत्तराखंड परिवहन निगम और 47 बसें अनुबंधित की शामिल है। इन बसों का संचालन दिल्ली, बरेली, लखनऊ, देहरादून, हरिद्वार, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा समेत स्थानीय मार्गों पर होता है। वहीं पिछले कई माह से डिपो की लक्ष्य के सापेक्ष 70 प्रतिशत ही आय हो रही थी, जबकि डिपो को प्रतिदिन 30 फीसदी का नुकसान उठाना पड़ रहा था।

वहीं होली पर्व को देखते हुए उत्तराखंड परिवहन निगम के मुख्यालय ने निगम की आय बढ़ाने के लिए चालक-परिचालकों के लिए प्रोत्साहन योजना भी शुक्रवार से शुरू कर दी है। यह योजना 9 मार्च तक चलेगी। रुद्रपुर डिपो के प्रभारी सहायक महाप्रबंधक श्रीराम कौशल ने बताया कि प्रोत्साहन योजना से रुद्रपुर डिपो प्रबंधन को लक्ष्य से अधिक आय मिलने की उम्मीद है। इसके लिए डिपो प्रबंधन ने सभी चालक-परिचालकों के साथ डिपो के अन्य कर्मचारियों को निर्देश दिए गये हैं।




### होली के दिन बस चलाने पर मिलेंगे 300 रुपये अतिरिक्त

**रुद्रपुर:** रुद्रपुर डिपो के अधिकारियों के अनुसार प्रोत्साहन योजना के तहत 10 दिन तक मैदानी मार्ग पर न्यूनतम 2420 किमी. बस के संचालन पर 1250 रुपये और 11 दिन तक 2662 किमी तक बस के संचालन पर 1500 रुपये प्रोत्साहन राशि मिलेगी। इसके अलावा होली के दिन यानी 4 मार्च को जो चालक-परिचालक कार्यशाला से गाड़ी लेकर मार्ग पर जाते हैं तो उन्हें उस दिन का 300 रुपये अतिरिक्त दिया जाएगा। साथ ही इस अवधि में जिन चालकों-परिचालकों का लोड फैक्टर 90 प्रतिशत से अधिक होगा उन्हें 500 रुपये अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

### मधुसूदन बने प्रभारी सहायक महाप्रबंधक

**रुद्रपुर:** उत्तराखंड परिवहन निगम की प्रबंधक निदेशक रीना जोशी ने कई प्रभारी सहायक महाप्रबंधकों के स्थानांतरण किए हैं। इसमें रुद्रपुर डिपो के प्रभारी सहायक महाप्रबंधक श्रीराम कौशल का स्थानांतरण काठगोदाम डिपो में किया गया है। इसके अलावा भवाली डिपो के प्रभारी सहायक महाप्रबंधक मधुसूदन मिश्रा का स्थानांतरण भवाली डिपो से रुद्रपुर डिपो में किया है। रुद्रपुर डिपो के प्रभारी सहायक महाप्रबंधक श्रीराम कौशल ने बताया कि फिलहाल एक-दो दिन में काठगोदाम डिपो का चार्ज संभालेंगे।

### अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों की घोषणा

**रुद्रपुर, अमृत विचार:** भाजपा के जिला ऊधमसिंह नगर अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों और कार्यसमिति सदस्यों की घोषणा कर दी गयी है। शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने बताया कि मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह, नवजोत सिंह, जाकिर हुसैन लाला, आगाज खान को बनाया गया है। इसी तरह जिला महामंत्री साकिब खान, सरफराज हुसैन, जिला मंत्री जाहिद कुरैशी, अब्दुल शाहिद, अहमद हुसैन, समसुल अंसारी को बनाया गया है। उन्होंने बताया कि जिला कोषाध्यक्ष नावेद खान, जिला कार्यालय मंत्री इरफान अली, जिला मीडिया संयोजक जुबेर अहमद, जिला मीडिया सह-संयोजक हुमा शेख, जिला सोशल मीडिया संयोजक हामिद अली, जिला सोशल मीडिया सह-संयोजक नरेंद्र सिंह, जिला आईटी संयोजक अनवर मालिक को बनाया गया है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी हैं।

# अश्लील मैसेज भेजने वाले के खिलाफ केस

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** प्रीत विहार में एक युवती के इंस्टाग्राम आईडी पर अश्लील मैसेज और फोटो एडिट कर फोटो भेजे जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की मां ने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

प्रीत विहार निवासी महिला ने बताया कि उसकी 20 वर्षीय पुत्री घर में ही रहती है। बेटी का इंस्टाग्राम पर एक आईडी है। जिसे सितंबर 2025 में बनाया गया था। 8 जनवरी को अज्ञात इंस्टाग्राम आईडी से उसकी बेटी के फोटो एडिट कर उसे इंस्टाग्राम पर अपलोड की गयी है। इतना ही नहीं उसकी बेटी के व्हाट्सएप नंबर पर गंदे-गंदे मैसेज भेजने के साथ ही बेटी के फोटो एडिट कर गंदे फोटो भेजे जा रहे हैं। यही नहीं फोटो भेजने वाला उसकी पुत्री से उसकी और फोटो भी मांग रहा है। फोटो न देने पर वायरल किए जाने की धमकी दे रहा है। जिससे उसकी बेटी के साथ ही पारिवारिक सदस्य परेशान है। उन्होंने पुलिस से अज्ञात इंस्टाग्राम आईडी वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है। तहरीर के आधार पर पुलिस प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।


बाजपुर के ग्राम नंदपुर नरकाटोपा में होली गायन करतीं पर्वतीय समाज की महिलाएं। ● अमृत विचार


बाजपुर में भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष कुसुम सैनी के आवास पर होली महोत्सव में हिस्सा लेतीं महिलाएं। ● अमृत विचार


खटीमा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को रंग लगातीं छोटी बच्चियां।

# फूला हजारी को फूला, ओ कान्हा जिद न करो...

## पर्वतीय समाज समिति की ओर से आयोजित हुआ होली मिलन समारोह, पारंपरिक गीतों पर शानदार प्रस्तुति दी, झूमे होल्यार

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचारः** पर्वतीय समाज समिति की ओर से भव्य होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान महिला होल्यारों ने फूला हजारी को फूला, ओ कान्हा जिद न करो के होली गीत गाकर लोगों को थिरकने के लिए मजबूर कर दिया। इसके अलावा नथुली की डोरा और राजा दशरथ के तीर रंग डालो जैसे पारंपरिक गीतों पर शानदार प्रस्तुति दी।

शनिवार को गंगापुर रोड पर शैल परिषद परिसर में समिति की ओर से होली मिलन का आयोजन हुआ। समारोह का शुभारंभ पुष्पा शर्मा एवं उनकी टीम ने भव्य गणेश वंदना से किया। इसके बाद बच्चों ने सुंदर गीतों और मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। जानकी ओली ने फूला हजारी को फूला गीत पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। वहीं ओ कान्हा जिद न करो की प्रस्तुति दी। पुष्पा रावत एवं उनकी टीम ने नथुली की डोरा और राजा दशरथ के तीर रंग डालो जैसे पारंपरिक गीतों पर शानदार प्रस्तुति दी।

कमलेश पाठक एवं उनकी टीम ने अवधपुरी होली खेलन आए मा अंजनी के लाल की प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। कोमल, आराध्या, गोरा रावत, दिव्या बोरा, ट्विंकल जोशी, दीपा मनराल एवं राघव रौतेला ने भी अपने उत्कृष्ट कार्यक्रमों से समारोह की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष गिरीश चंद्र जोशी, महामंत्री हीरा बल्लभ पांडेय, उपाध्यक्ष इंद्र सिंह रौतेला, कोषाध्यक्ष संजय अधिकारी, सचिव मनोज पालीवाल, संयोजक रमेश चंद्र ओली, अंबादत्त जोशी, शिवपाल भाकुनी, संरक्षक रमेश चंद जोशी, कल्याण सिंह परिहार, किशन सिंह बिष्ट समेत कई लोग उपस्थित रहे।


होली के गीत प्रस्तुत करती महिला होल्यार। ● अमृत विचार


काशीपुर में होली के गीत गातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### महिलाओं ने लोकगीतों पर किया धमाल

**बाजपुर :** ग्राम नंदपुर में पर्वतीय समाज की महिलाओं ने अपनी समृद्ध लोक परंपराओं के साथ होली का त्योहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। फागुन के रंग में सराबोर महिलाओं ने पारंपरिक ' 'पालीगों' ' का आयोजन कर एक-दूसरे को गुलाल लगाया और सुख-समृद्धि की कामना की। इस उत्सव में ढोलक और थाली की थाप पर "आज बिरज में होली रे रसिया" और "खेलें मसाने में होली दिगंबर" जैसे भक्तिमय भजनों ने पूरे वातावरण को फाग के रंग में रंग दिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने सामूहिक गायन और नृत्य के जरिए पर्वतीय संस्कृति की जीवंत झलक पेश की। कार्यक्रम में विमल बिष्ट, जया भंडारी और गंगा देवी समेत अन्य महिलाओं ने प्रतिभाग किया और समाज को आपसी सौहार्द व एकता का संदेश दिया। अंत में सभी ने मिष्ठान वितरण कर प्रेम और भाईचारे के साथ होली मनाने का संकल्प लिया। नंदपुर का यह आयोजन लोक संस्कृति और सामूहिकता की अनुपम मिसाल बन गया।

### भाजपा महिला मोर्चा ने मनाया होली महोत्सव

**बाजपुर :** भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष कुसुम सैनी के आवास पर शनिवार को होली महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा आकांक्षा ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस दौरान महिलाओं ने फूलों और रंगों के साथ पारंपरिक होली खेली और लोकगीतों पर जमकर नृत्य किया।कुसुम सैनी ने होली को आपसी भाईचारे और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक बताया। कार्यक्रम में दिव्या गोयल, रितेश और मधु सहित दर्जनों महिलाओं ने भाग लेकर उत्सव को यादगार बनाया। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं और शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने का संकल्प लिया।

### दो को खेली जाएगी फूलों की होली

**किच्छा :** नगर में आगामी 2 मार्च को होली के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा और फूलों की होली का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक भाजपा नेता धर्मराज जायसवाल ने बताया कि यह आयोजन शाम 4 बजे पुरानी गल्ला मंडी स्थित रामलीला मंच से शुरू होगा। शोभायात्रा में बाहर से आए कलाकार राधा-कृष्ण के रूप में नृत्य प्रस्तुत करेंगे और पूरे मार्ग में फूलों की होली खेली जाएगी। यह यात्रा मुख्य बाजार और बरेली रोड होते हुए आवास विकास में संपन्न होगी। पूर्व पालिका अध्यक्ष अंजू जायसवाल ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य सांस्कृतिक विरासत को संजोना और आपसी प्रेम भाव बढ़ाना है। वार्ता के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष गोल्डी गोराया, मनमोहन सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### होली के गीतों पर जमकर थिरकीं महिलाएं

**काशीपुर :** कुमाऊंनी महिला बैठकी होली में महिलाओं ने जमकर होली की गीत गाये। महिला होल्यारों ने होली गीतों से समां बांध दिया। वहीं होल्यारों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया। शनिवार को द्रोण विहार, जसपुर खुर्द में रुप रेखा जोशी के आवास पर महिला बैठकी होली का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला होल्यारों ने कान्हा जो खेल ऐसी निराली फाग.., बोल राधा बोल, होली खेलुल तेरे डगर आज... मोपे रंग न डालो बार-बार, मेरी चुनर हो गई तार-तार.., रिमझिम पड़त फुहार लाल होली खेल रहे हैं.. आदि होली के गीतों से समां बांध दिया। वहीं महिला होली गीतों पर जमकर थिरकी। यहां हेमा मिश्रा, सुजाता नेगी, रीता जोशी, दीपा पाठक, रीता कड़ाकोटी, मेघा रावत, शैला रौतेला, हंसी कपकोटी, लता रौतेला, अनीता गुसाईं आदि मौजूद राहे। वहीं वार्ड नंबर एक नीझड़ा में आशा जोशी के आवास पर भी बैठकी होली का आयोजन किया गया।


किच्छा में कार्यक्रम की जानकारी देते आयोजक। ● अमृत विचार

# होली आपसी भाईचारे का है प्रतीक :सीएम धामी

**संवाददाता, खटीमा**

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को डिवाइन इंटरनेशनल स्कूल, दियूरी में आयोजित 'होली मिलन समारोह' में शिरकत की।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्थानीय जनता के साथ पारंपरिक कुमाऊनी, शास्त्रीय और थारू होली गायन में उत्साहपूर्वक भाग लिया और सभी को रंगों के इस पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की लोक संस्कृति और परंपराएं हमारी असली पहचान हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, सद्भाव और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, अमित कुमार पांडे, रमेश चंद्र जोशी, नंदन सिंह खड़ायत, गम्भीर सिंह धामी, दान सिंह रावत, सतीश भट्ट, डॉ नवीन भट्ट, जीवन धामी, जिला पंचायत सदस्य रीता कफलिया, सूरज धामी, किशन ज्याला, जीवन कार्की, मीनाक्षी ज्याला, संतोष चंद, चरणजीत राणा, माया जोशी, बबीता चंद, सचिन रस्तोगी, शेर सिंह सामंत आदि मौजूद रहे। उधर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने आवास नगला तराई में पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ होली उत्सव का भव्य आयोजन किया। मुख्यमंत्री धामी ने होल्यारों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया।

### चार प्रतिष्ठानों से खाद्य वस्तुओं के लिए सैंपल

**खटीमा :** होली पर्व को देखते हुए खाद्य विभाग की टीम ने नगर क्षेत्र के कई प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया और संदेह की स्थिति में सैंपल लिए। खाद्य सुरक्षा टीम सहायक आयुक्त ललित मोहन पांडे और खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशा आर्य ने नगर क्षेत्र की 10 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। टीम ने संदेह के आधार पर 04 प्रतिष्ठानों से तेल, मावा, बेसन और मैदा के एक एक नमूना जांच के लिए संग्रहित किया गया। खाद्य विभाग की इस कार्रवाई से व्यापारियों में हड़कंप मचा हुआ है।


सितारगंज में शनिवार को सिसौना में होली कार्यक्रम में थिरकतीं महिलाएं।

# आज होली मिलन समारोह में सीएम धामी करेंगे शिरकत

**संवाददाता, काशीपुर**

**अमृत विचारः** नगर निगम प्रांगण में रविवार को होली मिलन समारोह (रंगोत्सव) मनाया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी होंगे। आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं।


महापौर दीपक बाली।

नगर निगम महापौर दीपक बाली ने शनिवार दोपहर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। रंगोत्सव कार्यक्रम स्थल पर मीडिया से वार्ता करते हुए महापौर बाली ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि रंगोत्सव कार्यक्रम प्रातः 11 बजे आरंभ होगा। जिसमें उत्तराखंड की लोक-संस्कृति को आगे बढ़ाते आ रहे लोक गायक इंद्र आर्या, गोविंद दिगारी, खुशी जोशी, पूर्वांचल के गायक आलोक कुमार के अतिरिक्त फूलों की होली के लिए विख्यात ब्रज के रास कलाकार प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में सुंदर व मनोहारी प्रस्तुति देंगे। महापौर बाली ने आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में नगर निगम प्रांगण में पहुंचकर रंगोत्सव कार्यक्रम को ऐतिहासिक यादगार बनाने में अपनी महती भूमिका निभायें। उल्लेखनीय है कि निजी तौर पर आयोजित इस कार्यक्रम की तैयारियां कई दिनों से की जा रही हैं।

# रंग बरसे भीगे चुनरवाली रंग बरसे...पर झूमे लोग

- चक्कीमोड़ में पुरुषों व महिलाओं की होली ने मचाया धमाल

**संवाददाता, दिनेशपुर**

**अमृत विचार :** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में पर्वतीय समाज की खड़ी व बैठकी होली पूरे शबाब पर है। पुरुष - महिला होल्यारों ने होली गीत गाकर देर शाम तक समां बांधे रखा।

शनिवार को होली कार्यक्रम चक्कीमोड़ व्यापारी नेता वीरेंद्र सिंह पवार के आवास पर पुरुष होल्यारों ने होली गीत गाकर लोगों को झूमने को मजबूर कर दिया। होल्यार महेशानंद जोशी ने "आज ब्रज में होली रे रसिया ......,' गीत सुनाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। व्यापारी नेता वीरेंद्र सिंह पवार ने "मत बोलो बालम मैं बिखर जाऊंगी.......", एवं जैत सिंह धपोला ने "रंग बरसे भीगे चुनरवाली रंग बरसे......" गीत गाकर धूम मचा दी। राजेंद्र सिंह पवार के "होली रे रसिया वर जोरी रे रसिया......" के होली गीत पर लोगों को झूमने को मजबूर कर दिया। चक्कीमोड़ में पुरुषों व महिलाओं की टीमों के होल्यारों ने देर शाम तक होली गीत गाकर समां बांधा। लोगों को होली के रंग में डूबने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर व्यापारी नेता शंकर सिंह नगरकोटी, हरीश देवराड़ी, गोपाल सिंह गड़िया, राजेंद्र सिंह पवार, दान सिंह बड़ती, कुंदन सिंह बोरा, हरीश सिंह पवार, जगत सिंह, मनीष पटवाल, चंद्रमणि देवराड़ी, हरीश बोरा, शिवराज सिंह, ललित खोलिया, महेश बुधौरी, चंचल सिंह देऊपा, मक्खन राजपूत आदि मौजूद रहे।


दिनेशपुर के चक्कीमोड़ में होली गीत गाते पुरुष होल्यार। ● अमृत विचार

# हरि खेल रहे हैं होली देबा तेरे द्वारे में ....

**संवाददाता सितारगंज**

**अमृत विचार :** सितारगंज में होली गायकी की धूम मची है। शनिवार को पर्वतीय रामलीला मैदान में पुरुषों व महिलाओं की होली में होल्यार जमकर थिरके।

सिसौना में महिला आयोग की पूर्व सदस्य जया जोशी के आवास पर शुक्रवार को होली का आयोजन किया गया। महिलाओं ने गुलाल के साथ जमकर होली खेली। होली के गीतों पर महिलाओं ने नृत्य कर और एक दूसरे को होली त्योहार की बधाई दी। कुमाऊंनी होली कार्यक्रम में महिलाओं ने सिद्धि के दाता विघ्न विनाशन, होली खेलें, गिरजापति नंदन..., शिव के मन माहि बसे काशी..., कैले बांधी चीर... तुम सिद्धि करो महाराज होली के दिन में गणपति गौरी गणेश मनाऊं घर-घर को शुभ काज..., जल कैसे भरू जमुना गहरी.., हरि खेल रहे हैं होली देबा तेरे द्वारे में ...., भलो भलो जनम लियो श्याम राधिका भलो जनम..., लाल गुलाबी रंग डालो रे होली आई रसिया, नींद न आई बेई रात नाभव का वाजू आदि गीतों पर नृत्य किया। वहां जया जोशी, दीपा तिवारी, जानकी कोहली, हंसी देवी, पुष्पा रावत, नेहा तिवारी, कौशल्या, कमला, सुनीता, अनीता, प्रियंका, मंजू आदि रहीं। वहीं, ग्रामीण अंचलों में थारू होली की धूम मची है।

# बेमौसमी धान की पौध फिर नष्ट की

**दिनेशपुर, अमृत विचारः** जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में तहसील गदरपुर के ग्राम- खटोला में 0.100 हेक्टेयर में बिना अनुमति डाली गई ग्रीष्मकालीन धान की पौध को एसडीएम ऋचा सिंह व ब्लॉक कृषि अधिकारी अनिल अरोरा के साथ तहसील प्रशासन व पुलिस फोर्स ने ट्रैक्टर चलाकर नष्ट करवाया। कतिपय किसानों द्वारा विरोध करने पर उनसे ग्रीष्मकालीन धान से प्रकृति को होने वाले नुकसान एवं फसल के अन्य विकल्पों हेतु सहायता दिए जाने का आश्वासन दिया गया। शनिवार को एसडीएम ऋचा सिंह ने खटोला के किसानों से स्पष्ट किया कि शासन के आदेश के अनुसार कार्रवाही की जा रही है।

**प्रतिक्रिया** | अरविंद केजरीवाल व मनीष सिसोदिया को बरी करने पर आप में खुशी

# कोर्ट का फैसला सच्चाई की जीत

**संवाददाता,दिनेशपुर**

**अमृत विचारः** दिल्ली की न्यायालय से आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को कथित शराब घोटाले मामले में बरी किए जाने के बाद, प्रदेश भर में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। न्यायालय का फैसला आने पर कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण किया।

शनिवार को आम आदमी पार्टी बंगाली समाज मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह समेत कांग्रेस पर भी गंभीर आरोप लगाए। आप बंगाली समाज मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने कहा साजिश के तहत पार्टी के शीर्ष नेताओं को जेल भेजा गया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार राजनीतिक विरोधियों को दबाने का काम कर रही है। उन्होंने अदालत का फैसला सच्चाई की जीत बतायी। इस मौके पर मनोरंजन भक्त, राघवेंद्र जलाल, सुशील भक्त, असित कुमार, मृत्युंजय हालदार, गोविंद घोष, राकेश कुमार, प्रदीप मलंगी, खुर्शीद अहमद, उत्तम कुमार, चेतन कांडपाल, पंकज राय, तपन घरामी आदि मौजूद रहे।


कार्यकर्ताओं को संबोधित करते आप बंगाली समाज मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष सुभाष व्यापारी।

### खाटू धाम मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

**बाजपुर :** अनाज मंडी स्थित श्री खाटू धाम मंदिर में शुक्रवार रात 'श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव' का भव्य आयोजन किया गया। महोत्सव में श्याम बाबा का अलौकिक श्रृंगार कर छप्पन भोग अर्पित किए गए। अखंड ज्योति प्रज्वलित होने के साथ ही पूरा मंदिर परिसर भक्ति के रस में डूब गया। रुद्रपुर के हिमांशु राणा और स्थानीय गायक गोपाल कृष्ण पाली व दीपक जलबा ने सुमधुर भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान भक्तों पर इत्र और पुष्प वर्षा की गई तथा फूलों की होली खेली गई। देर रात तक चले इस कीर्तन में श्रद्धालुओं ने भजनों पर झूमते हुए श्याम बाबा के जयकारे लगाए। महोत्सव में मंदिर के मुख्य पुजारी समन्वय भारद्वाज, अरुण शर्मा, संजय गोयल, गुरमंगत सिंह, रोहित यादव, विनय, नरेंद्र गोयल, विशु जैन, भाजपा नेता राजेश कुमार व गौरव शर्मा, विकास गुप्ता, रमा शर्मा, सीमा यादव, नीता गोयल, हेमा, ज्योति, खुशी आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# युवक को पेट में मारी गोली, हालत गंभीर

- हादसे के बाद हमलावर कार से फरार हो गए

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचारः** शहर के प्रीत विहार मोड़ के पास शनिवार रात कार सवार हमलावरों ने एक युवक को पेट में गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद हमलावर कार से फरार हो गए।

प्रीत विहार निवासी रवि दिवाकर (पुत्र नरेंद्र दिवाकर) शनिवार रात मोड़ पर स्थित एक ढाबे के पास खड़ा था। इसी दौरान एक कार में सवार होकर कुछ युवक वहां पहुंचे और रवि को निशाना बनाते हुए फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली रवि के पेट में जा लगी और वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर गया। गोली चलने की आवाज और शोर मचने पर हमलावर कार सहित मौके से फरार हो गए।

सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायल रवि को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सीओ सिटी प्रशांत कुमार ने बताया कि हमलावरों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं और उनकी तलाश में पुलिस टीमें लगा दी गई हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मासूम से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

**रुद्रपुरः** विशेष सत्र न्यायाधीश संगीता आर्य की अदालत ने सात वर्षीय मासूम बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को दोषी करार देते हुए 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने कड़ा रुख अपनाते हुए दोषी पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है, जिसमें से 30 हजार रुपये पीड़िता को प्रतिकर (मुआवजे) के रूप में देने के आदेश दिए गए हैं। यह जघन्य मामला वर्ष 2021 का है। बाजपुर थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने अमरोहा (यूपी) निवासी आरिफ को अपने घर में आश्रय दिया था। 12 नवंबर 2021 को विश्वासघात करते हुए आरोपी आरिफ घर की सात वर्षीय बच्ची को घास काटने के बहाने साथ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

# विज्ञान प्रदर्शनी में बाल वैज्ञानिकों का जलवा

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर सिटी कॉन्वेंट और सरस्वती एकेडमी में आयोजन, बच्चों ने बनाए कई मॉडल

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर सिटी कॉन्वेंट स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन महान वैज्ञानिक डॉ. सीवी रमन की स्मृति में समर्पित रहा। पहली से आठवीं के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने अभिनव विज्ञान प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर तिलक उपाध्याय और प्राचार्या शुभ्रा सक्सेना द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न वैज्ञानिक मॉडल आकर्षण का केंद्र रहे। इनमें रिवर क्लीनिंग मशीन, ब्लाइंड स्टिक, ऑटोमैटिक स्ट्रीट लाइट सेंसर, अर्थक्वेक डिटेक्टर, हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्लांट तथा वॉल्केनिक इरप्शन मॉडल आदि शामिल रहे। बच्चों ने अपने-अपने प्रोजेक्ट्स का प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुतीकरण करते हुए उनके कार्य करने की प्रक्रिया एवं उपयोगिता को विस्तार से समझाया। प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और आत्मविश्वास का विकास करती हैं। प्राचार्या सक्सेना ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के मानसिक एवं बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इधर सरस्वती एकेडमी बिगराबाग में विज्ञान दिवस पर विद्यार्थियों ने विभिन्न आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने चंद्रयान मिशन, मानव शरीर के विभिन्न अंगों के कार्य, प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया, वॉटर प्यूरीफायर, मल्टीपरपज मशीन, ट्रैफिक लाइट आदि विषयों पर सुंदर एवं रचनात्मक मॉडल प्रस्तुत किए। चेयरपर्सन ज्योति पाल ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया।विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं चेयरपर्सन ने विद्यार्थियों को विज्ञान के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए प्रेरित किया कि वे विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ें और देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।


खटीमा के सिटी कान्वेंट स्कूल में विज्ञान मॉडल्स में साथ बच्चे। ● अमृत विचार


राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बरहैनी में मॉडल प्रस्तुत करते बच्चे।

### पीएमश्री इंटर कॉलेज में पहुंची मोबाइल विज्ञान लैब

**खटीमा :** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर पीएमश्री अटल थारू राजकीय इंटर कालेज में विज्ञान प्रदर्शनी योजना, उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, अगस्त्य फाउंडेशन, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप कुशवाहा ने कहा कि विद्यार्थियों को ऐसे वैज्ञानिक प्लेटफॉर्म की अत्यंत आवश्यकता है तथा समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन होते रहने चाहिए। प्रदेश सरकार की लैब ऑन व्हील्स योजना के माध्यम से मोबाइल विज्ञान प्रयोगशाला विद्यालय पहुंची। विद्यार्थियों ने स्वनिर्मित वैज्ञानिक मॉडलों का प्रदर्शन किया जिसे अतिथियों और शिक्षकों ने सराहा। अगस्त्य फाउंडेशन के मुख्य प्रशिक्षक शंकर शर्मा ने कहा कि फाउंडेशन यू-कास्ट के साथ मिलकर भविष्य में भी विद्यार्थियों के लिए अनेक वैज्ञानिक कार्यक्रम आयोजित करेगा। लैब ऑन व्हील्स के जिला समन्वयक नरेंद्र सिंह रौतेला ने कहा कि बच्चों में वैज्ञानिक प्रतिभा एवं जिज्ञासा को विकसित करने के लिए ऐसे आयोजनों की आवश्यकता है। प्रधानाचार्य संतोष कुमार ने अतिथियों एवं सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया।

### विज्ञान के प्रति जिज्ञासा जगाने का संदेश दिया

**बाजपुर :** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बरहैनी में भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में करीब 150 बाल वैज्ञानिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में नन्हे वैज्ञानिकों ने प्रकाश, चुंबक, दाब, बल, अम्ल-क्षार और कृषि विविधीकरण जैसे जटिल विषयों पर आधारित आकर्षक मॉडल और सरल प्रयोग प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के डॉ. विजय पांडेय ने बच्चों को मैरी क्यूरी और एपीजे अब्दुल कलाम जैसे महान वैज्ञानिकों के जीवन प्रसंगों से प्रेरित करते हुए विज्ञान के प्रति जिज्ञासा जगाने का संदेश दिया। सीआरपी शिखा कुशवाहा और प्रदीप बोरा ने विज्ञान को जीवन से जोड़कर समझने पर बल दिया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका छाया भट्ट ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में विज्ञान शिक्षण को और अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान पूरा विद्यालय परिसर वैज्ञानिक उत्साह और नवीन खोजों की चर्चाओं से सराबोर रहा।

# बच्चों को साइंस प्रोजेक्ट का ज्ञान जरूरी : पांडेय

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** मदनापुर स्थित लिटिल चैंपियंस सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में शनिवार को ''फेयर फेस्ट'' विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक अरविंद पांडेय और विद्यालय के प्रबंधक तरुण कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर नन्हे वैज्ञानिकों ने अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच का शानदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनी में प्रस्तुत विभिन्न साइंस प्रोजेक्ट्स में कक्षा 6 की छात्रा एंजल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विधायक अरविंद पांडेय, समाजसेविका हीरा जंगपांगी रौतेला और पूर्व सूबेदार मेजर हिम्मत सिंह कुंवर सहित अन्य अतिथियों ने बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडलों का निरीक्षण किया और उनकी सराहना की। अतिथियों ने विभिन्न श्रेणियों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

प्रबंधक तरुण कुमार सिंह और प्रधानाचार्य अनीता त्रिपाठी के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन कंचन कुनियाल और अनु गुलाटी ने किया। इस मौके पर पूर्व सैनिक महेंद्र सिंह पपोला, सहकारी समिति डायरेक्टर बलवंत सिंह कोरंगा, विपिन चंद्र जोशी, सूरज सामंत, रिया सिंह, कोमल बिष्ट, दीक्षा, रितु, विजय लक्ष्मी, कुलविंदर, अंजली, मनीषा, पवन सिंह, सूरज जोशी, हिरणमय मुखर्जी, सलोनी कक्कड़, सिया फुटेला, जगराज सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, नेहा जोशी, प्रिंस रॉय मौजूद रहे।


दिनेशपुर के लिटिल चैंपियन विद्यालय में बच्चों के प्रोजेक्ट को देखते अतिथि।

## ब्रीफ न्यूज

### छात्राओं को ऑनलाइन माध्यम से प्रशिक्षण दिया

**काशीपुर :** निदेशालय प्राविधिक शिक्षा उत्तराखंड श्रीनगर गढ़वाल की ओर से संस्था स्तरीय स्किल शॉकेस/टैलेंट फेयर (प्रोजेक्ट, इनोवेशन, बिजनेस कॉन्सेप्ट) का आयोजन किया गया। इस दौरान मराठावाला ऑटो क्लस्टर ने छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन माध्यम से प्रशिक्षण दिया। इसके बाद मेंटरशिप पेनल डिस्कशन विषय पर भी जानकारी दी गई। शनिवार को स्पार्क मिंडा कंपनी की ओर से मॉक टेस्ट एवं इंटरव्यू का आयोजन किया गया। इसमें संबंधित विषय के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य बीपी सिंह, हरि दत्त भट्ट, जितेश सुंद्रियाल, जगदीश चंद्र पांडेय, राजीव यादव, सुरेंद्र सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

### 20 प्रशिक्षित महिलाओं को बांटे गए प्रमाण पत्र

**खटीमा :** जिला उद्योग केन्द्र के तत्वाधान में 50 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत समापन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। पंचायत भवन मुड़ेली में जिला उद्योग केन्द्र के भानु प्रताप बोरा की अध्यक्षता में संपन्न कार्यक्रम में मूंज घास, हस्तशिल्प पर आधारित प्रशिक्षित 20 महिलाओं को प्रमाण पत्र दिए गए। जिला उद्योग केन्द्र प्रभारी बोरा ने प्रशिक्षित महिलाओं से रोजगार के क्षेत्र में महिलाओं को स्वावलंबी बनने की अपील की। कार्यक्रम में जागृति सेवा समिति संयोजक लक्ष्मीकांत लोहनी, अशोक खड़का, पूजा खड़का, रजनी, रीना, अनीता, सरस्वती आदि उपस्थित थे।

### स्कूल के ताले तोड़ कीमती सामान पर किया हाथ साफ

**बाजपुर :** ग्राम बरहैनी स्थित राजकीय जूनियर हाई स्कूल में शुक्रवार रात चोरों ने सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने प्रधानाध्यापिका कक्ष और कंप्यूटर रूम सहित विद्यालय के पांच कमरों के ताले तोड़कर अंदर रखा कीमती सामान पार कर लिया। शनिवार सुबह जब प्रधानाध्यापिका छाया भट्ट विद्यालय पहुंचीं, तो बिखरा हुआ सामान और टूटे ताले देख होश उड़ गए। उन्होंने इसकी सूचना ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नरेंद्र शर्मा और बीडीसी सदस्य शोभा रानी को दी।

### गाभिन गाय से क्रूरता

**बाजपुर :** रामराज रोड स्थित एक डेयरी में पशु क्रूरता का मामला सामने आया है। बीती 25 फरवरी की रात, सीता कॉलोनी निवासी आरोपी अमन ने डेयरी में घुसकर एक गाभिन गाय पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। गौशाला संचालक महेश चंद गर्ग और कर्मचारी सूरजपाल के मौके पर पहुंचने पर आरोपी फरार हो गया। इस बर्बरता के कारण गाय के गर्भ में पल रही बछिया की मौत हो गई, जबकि गाय की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।


स्वास्तिक कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग के वार्षिक खेलकूद का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री धामी।

### मुख्यमंत्री ने किया बच्चों का उत्साह वर्धन

**खटीमा :** स्वास्तिक कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग के वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं के अंतिम दिवस का शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने फीता काटकर किया। जल विद्युत निगम लोहियाहेड के गांधी मैदान पर आयोजित की गई तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में जीएनएम, एएनएम, बीएससी नर्सिंग और पोस्ट बेसिस बीएससी नर्सिंग के बच्चों ने क्रिकेट, बॉलीवॉल सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। अंत में बच्चों को पुरस्कृत किया। कॉलेज के डायरेक्टर वरुण अग्रवाल, डॉ विवेक अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, शिप्रा अग्रवाल, प्रशासक मालिक और प्राचार्य खुराना ने मुख्यमंत्री धामी का स्वागत किया और आभार जताया। इस अवसर पर विवेक अग्रवाल, दिनेश कुमार देवेंद्र सिंह, मनोज पांडे, हिमांशी धामी, पूजा बिष्ट, अंजलि बोरा, संजना भंडारी, मनीषा, ज्योति मुंडेला, नेहा, ओशी, निशा, सूरज, विकास, पूजा, मीना, कुलविंदर आदि मौजूद रहे।

# सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं होली और रमजान का पर्व

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** रंगों का त्योहार होली शांतिपूर्ण और भाईचारे के साथ मनाने के लिए उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में अमन शांति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में तहसीलदार, कोतवाली प्रभारी सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और व्यापारियों ने शिरकत की तथा अपने सुझाव रखे। शनिवार को कोतवाली परिसर में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम राहुल शाह ने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अराजकता या हुड़दंग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए कि चौराहों और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहे।

नशे की हालत में वाहन चलाने वालों और हुड़दंगियों पर पैनी नजर रखी जाए। साथ ही सोशल मीडिया पर भ्रामक या सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली पोस्ट डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिओम सिंह ने होलिका दहन के स्थानों पर सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने और पर्व के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति की मांग रखी। सुधीर बिश्नोई ने रंग खेलने के समय और उसके बाद पानी की उचित सप्लाई सुनिश्चित करने की बात कही। सभासद रूपा देवी ने मोहल्ले में नशेड़ियों पर अंकुश लगाने को चीता गश्त की मांग की। एसडीएम ने अपील की कि होली रंगों और खुशियों का त्योहार है, इसे आपसी गिले-शिकवे भुलाकर मनाएं। कहा कि त्योहार की आड़ में कानून व्यवस्था बिगाड़ने की अनुमति किसी को नहीं दी जाएगी। पर्व के दौरान हानिकारक रासायनिक रंगों का प्रयोग न करें। संचालन एसएसआई जावेद मालिक ने किया। बैठक में तहसीलदार दलीप सिंह, प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र सिंह डांगी, मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ. धीरेंद्र मोहन गहलौत, ईओ उदयवीर सिंह, अशोक खन्ना, हाशिम मौजूद रहे।


कोतवाली सितारगंज में शांति समिति की बैठक करते सीओ बीएस धौनी।

### सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर हुड़दंग न करें

**सितारगंज :** शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली और रमजान का पर्व संपन्न कराने को लेकर पुलिस ने कोतवाली सितारगंज में दोनों समुदायों के लोगों के साथ बैठक की। शनिवार को आयोजित बैठक में दोनों समाज के गणमान्य लोगों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान पुलिस ने दोनों समुदायों के लोगों से शांतिपूर्वक और आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की। सीओ बीएस धौनी ने कहा कि पुलिस शांतिपूर्ण वातावरण में त्यौहारों को संपन्न कराने के लिए पूरी तरह से सतर्क है। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर हुड़दंग करने वालों पर पुलिस पैनी नजर बनाए हुए है। इस मौके पर हाजी शमशुल हक मलिक, सरदार लक्खा सिंह, महेश मित्तल, भीमसेन गर्ग, व्यापार मंडल अध्यक्ष उमश गर्ग, सरफराज अहमद राजू, पवन अग्रवाल, रईसुद्दीन अंसारी, नरेश ठाकुर, शक्ति त्रिपाठी, सतीश उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# चेक बाउंस के आरोपी को एक माह की सजा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** चेक बाउंस के एक मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट/ तृतीय एसीजे की अदालत ने आरोपी को एक माह के कारावास व 2.50 लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

सिल्वर स्टेट कॉलोनी निवासी भोला सिंह ने अपने अधिवक्ता धर्मेंद्र तुली के माध्यम से न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय एसीजे की अदालत में परिवाद दायर किया था कि सैनिक कॉलोनी निवासी सरजीत सिंह से उसकी जान पहचान थी। उसने अपनी जरूरत बताते हुए उससे मई, 2021 से जुलाई 2021 के बीच कुल 2.15 लाख रुपए उधार लिए थे। तकादा करने पर उसने सितंबर 2021 में 2.15 लाख रुपए की राशि का एक चेक दिया। जो कि खाते में लगाने पर बाउंस हो गया। परिवाद पर सुनवाई करते हुए अदालत ने आरोपी को कोर्ट में तलब किया। आरोपी ने अपनी सफाई में कहा कि उसने कुल 15 हजार रुपए का चेक ही परिवादी को दिया था। उसने कूट रचना कर चेक में दो लाख रुपए की रकम बढ़ा ली। परिवादी के अधिवक्ता धर्मेंद्र तुली ने उसके कथन को आधारहीन बताया। दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों को देखते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट/तृतीय एसीजे सृष्टि बनयाल ने आरोपी सरजीत को एनआई एक्ट का दोषी पाया।


वार्षिकोत्सव में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### वार्षिकोत्सव में रंगारंग कार्यक्रमों ने मन मोहा

**सितारगंज :** नेताजी सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय रतनफार्म के वार्षिकोत्सव में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। शनिवार को आयोजित वार्षिकोत्सव का मुख्य अतिथि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, जगदीश डालमिया, नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल ने दीप जलाकर शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि सौरभ बहुगुणा ने कहा कि विद्या भारती द्वारा संचालित शिशु मंदिर विद्यालयों में बच्चों के भविष्य की निर्माण होता है। विशिष्ट अतिथि लाओपाला कंपनी के जीएम दुर्गेश मोहन गोयल ने कहा कि पूर्व में बच्चों के बैठने के लिए पांच कक्षा में स्मार्ट फर्नीचर दिया था। आगामी सत्र में 5 कक्षाओं के लिए और फर्नीचर देने की घोषणा की। इस मौके पर मनोज जोशी, विद्यालय अध्यक्ष शीतल सिंघल, प्रबंधक महेश मित्तल, ग्राम प्रधान राजनगर संगीता दे, ग्राम प्रधान अरविंदनगर दीपा घरामी, ग्राम प्रधान निर्मलनगर नमिता मंडल, प्रधानाचार्य निताई मंडल आदि मौजूद रहे।

### विदेश भेजने के नाम पर 10.80 लाख की ठगी

**सितारगंज :** विदेश भेजने के नाम पर एक विधवा से 10 .80 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। वहीं, मामले में पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। गांव मैनाझुंडी निवासी जसविंदर कौर ने बताया कि दो साल पहले गांव गोठा, वीरेंद्र नगर निवासी शमशेर सिंह ने उसके पुत्र लवप्रीत सिंह को विदेश भेजने के लिए नकद व बैंक ट्रांसफर के माध्यम से कुल 10 .80 लाख रुपये लिए आरोप लगाया कि वह उसके बेटे को विदेश भेजने के लिए कभी पासपोर्ट .. तो कभी वीजा न लगने का बहाना बनाकर दो साल से टाल-मटोली कर रहा है। पीड़िता ने बताया कि उसने अपनी जमीन को अपने रिश्तेदारों को गिरवी रखकर उनसे 10 लाख रुपए उधार लेकर शमशेर को दिया था। अब वह उसके रुपये वापस नहीं कर रहा है। रुपये वापस मांगने पर वह फोन भी बंद कर देता है। ऊंची पहुंच होने की धमकी देता है।

# काशीपुर में नगर कीर्तन का स्वागत

संवाददाता, काशीपुर/जसपुर

**अमृत विचार:** बाबा दर्शन सिंह कुल्लीवाले की याद में निकाले गए नगर कीर्तन का काशीपुर और जसपुर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।

शनिवार को मुख्य सेवादार बाबा गुरदेव सिंह के नेतृत्व में नगर कीर्तन का श्री गुरुद्वारा साहिब अजीतपुर से शुभारंभ हुआ। दोपहर बाद नगर कीर्तन के जसपुर पहुंचने पर गुरुद्वारा श्री सिंह सभा के पास विधायक आदेश चौहान, पूर्व विधायक डॉ. शैलेन्द्र मोहन सिंघल, व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिओम सिंह ने पुष्प वर्षा की। नगर कीर्तन में गुरु ग्रंथ साहिब की फूलों से सजी पालकी के आगे सभी ने शीश नवा कर मंगल कामना की। इस दौरान सिख समुदाय की महिलाओं ने झाड़ लगा कर कारसेवा की साथ ही पानी का छिड़काव भी किया गया। नगर कीर्तन का धर्म प्रेमियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और सिख संगत के लिए जलपान की व्यवस्था की। नगर कीर्तन का बूढ़ा बाबा की कुटिया पर विधिवत रूप से समापन हुआ। वहां पर सिख संगत के लिए लंगर की व्यवस्था की गई। नगर कीर्तन में शामिल सैकड़ो की सिख संगत ने लंगर छका। यहां डॉ. एमपी सिंह, चौधरी ब्रजवीर सिंह, सुधीर बिश्नोई, दीपक अरोरा, आरपी सिंह, महेंद्र अरोरा, सुखदेव सिंह, राहुल गहलोत, गुरदेव सिंह, शीतल सिंह आदि मौजूद रहे।


नगर कीर्तन के दौरान पंज प्यारे। ● अमृत विचार

## विचार-विमर्श

### आईआईएम काशीपुर ने किया वार्षिक एनालिटिक्स कॉन्क्लेव 'विश्लेषण 2026' का आयोजन

# विशेषज्ञों ने साझा किए बुद्धिमान निर्णय-निर्माण के सूत्र

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** भारतीय प्रबंधन संस्थान काशीपुर द्वारा वार्षिक एनालिटिक्स कॉन्क्लेव 'विश्लेषण' का भव्य आयोजन किया गया। इस वर्ष के कॉन्क्लेव का मुख्य विषय "बुद्धिमान उद्यमों के युग में निर्णय-निर्माण" रहा। कार्यक्रम में देश के प्रतिष्ठित उद्योगों के लीडर्स, डेटा विशेषज्ञों और तकनीकी दिग्गजों ने भविष्य की कार्यप्रणाली पर गहन विचार-विमर्श किया। कॉन्क्लेव के दौरान विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया कि आधुनिक संगठन किस प्रकार डेटा को केवल सूचना न मानकर उसे 'निर्णय बुद्धिमत्ता' में बदल सकते हैं। 'स्केलर' के सीएफओ अभिनव विजयवर्गीय ने नेटफ्लिक्स जैसे प्लेटफॉर्म का उदाहरण देते हुए बताया कि डेटा प्रबंधन उपभोक्ता व्यवहार को समझने और प्रभावित करने का सबसे शक्तिशाली औजार है। वहीं, टाइम्स समूह के सीटीओ आनंद अग्रवाल ने कहा कि बिना एकीकरण के डेटा का कोई मूल्य नहीं है। उन्होंने संगठनों को सलाह दी कि वे नई तकनीक के प्रति लचीला रुख अपनाएं और "शीघ्र असफल हों, शीघ्र उबरें" की सोच के साथ आगे बढ़ें। एबीबी एनर्जी के चंदन विजय ने डेटा-आधारित निर्णयों में फीडबैक तंत्र की महत्ता बताई, जबकि पीडब्ल्यूसी इंडिया के देवरोप भट्टाचार्य ने सटीकता-आधारित संगठनों के भविष्य पर प्रकाश डाला। आईटीसी के गौरव शर्मा ने हितधारकों को सशक्त बनाने की बात कही। आईबीएम के दीपक कुलकर्णी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते प्रभाव के बीच नैतिक और नियामकीय अनुपालन को अनिवार्य बताया। सत्र का संचालन राहुल बिरारी, प्रोडक्ट मैनेजर, ओरिएंट इलेक्ट्रिक लिमिटेड और आईआईएम काशीपुर के पूर्व छात्र ने किया। दीपक कुलकर्णी, एसोसिएट डायरेक्टर, आईबीएम ने कहा कि यद्यपि कृत्रिम बुद्धिमत्ता दक्षता में उल्लेखनीय सुधार ला सकती है, संगठनों को नियामकीय और अनुपालन आवश्यकताओं का सावधानीपूर्वक ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने नैतिक और सतत क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश स्थापित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस मौके पर ऋषि सेठ, वरिष्ठ निदेशक फ्रैक्टल, आईआईएम के प्रोफेसर उत्कर्ष, प्रोफेसर दीपक और प्रोफेसर कुणाल गांगुली भी मौजूद रहे।



काशीपुर के आईआईएम में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते विशेषज्ञ। ● अमृत विचार

### पर्यावरण संरक्षण व विकास पर मंथन

**काशीपुर:** कुंडेश्वरी स्थित आईआईएम संस्थान में सतत औद्योगिक विकास और पर्यावरणीय प्रशासन को मजबूत करने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में डीन प्रो. कुनाल के. गांगुली और नैनी पेपर्स के एमडी पवन अग्रवाल ने उद्योगों में पर्यावरण के प्रति बढ़ती रणनीतिक जिम्मेदारी पर जोर दिया। तकनीकी सत्र में विशेषज्ञों ने ईआईए प्रक्रियाओं, ऑनलाइन पोर्टल और तकनीकी नवाचारों के माध्यम से अनुपालन सुनिश्चित करने पर चर्चा की। इस दौरान आईजीएल, सेंचुरी पल्प और नैनी पेपर्स समेत कई प्रमुख उद्योगों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और पर्यावरण सुरक्षा को औद्योगिक रणनीति का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।


ग्राम चकरपुर में होलिका दहन स्थल का निरीक्षण करते कोतवाल नरेश चौहान।

### पुलिस की सक्रियता से सुलझा होलिका दहन विवाद

**बाजपुर :** ग्राम चकरपुर में होलिका दहन स्थल को लेकर लंबे समय से चला आ रहा विवाद पुलिस की सूझबूझ और मध्यस्थता के बाद अंततः सुलझ गया है। कोतवाली प्रभारी नरेश चौहान ने शनिवार को पुलिस टीम के साथ मौके का निरीक्षण किया और दोनों पक्षों के साथ लंबी वार्ता कर शांतिपूर्ण होली मनाने का मार्ग प्रशस्त किया। मामला स्थानीय निवासी राधा कांडपाल की शिकायत से जुड़ा था, जिनका आरोप था कि उनके घर के सामने होलिका दहन के दौरान कुछ अराजक तत्व शराब के नशे में हुड़दंग, गाली-गलौज और पत्थरबाजी करते हैं, जिससे उनके परिवार की सुरक्षा खतरे में रहती है। विवाद को देखते हुए कोतवाली प्रभारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि होलिका की ऊँचाई 10 फीट से अधिक नहीं होगी और डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। दोनों पक्षों ने आपसी सौहार्द बनाए रखने और बिना किसी उत्पात के त्योहार मनाने पर सहमति जताई है।



लालयेत् पंचवर्षाणि
दशवर्षाणि ताडयेत्।
प्राप्ते तु षोडशे वर्षे पुत्रं
मित्रवदाचरेत्॥

बच्चों को पांच साल की उम्र तक प्यार और देखभाल के साथ रखना चाहिए। दस साल की उम्र तक उन्हें अनुशासन में रखना चाहिए। लेकिन जब वे सोलह साल के हो जाएं, तो उनके साथ दोस्तों की तरह व्यवहार करना चाहिए।



# होली भारतीय लोक संस्कृति की अभिव्यक्ति

रंग पर्व होली को नमस्कार। कृत्रिम मेधा, असली मेधा व ऑनलाइन बुद्धिमत्ता को नमस्कार। सत्व, रज और तम की त्रिगुणी को नमस्कार। ब्रह्मा, विष्णु और महेश त्रिदेवों को नमस्कार। धर्म, अर्थ और काम की पुरुषार्थत्रयी को नमस्कार। गीता, ब्रह्मसूत्र व उपनिषद की प्रस्थानत्रयी को नमस्कार। शब्द, अपशब्द व संसदीय मर्यादाहीनता को नमस्कार। प्रकृति चिरंतन और आनंदरस से परिपूर्ण। इसके अंतःपुर में आनंदरस का महास्रोत है। भारतीय चिंतन में इसी स्रोत का नाम है-उत्स। आनंद का यह स्रोत मधुमय है। उत्सव इसी आनंद रस का अतिरेक आपूर्ण है। यूरोप और अमेरिकी समाजों के उत्सव बाजार तय करता है और भारत के उत्सव तय करता है देश-काल।

> प्रकृति मनमौजी है, तमाम रूपों में सजती है, खिलती है। बड़ी मस्त-मस्त और बिंदास है यह, लेकिन यह नायिका परम स्वतंत्र नहीं है। प्रकृति में नियमबद्धता है। वैदिक ऋषियों ने सृष्टि के इस संविधान को ऋत कहा, ग्रीष्म, वर्षा, शिशिर, हेमंत, पतझड़ और वसंत इसी ऋत के ऋतु-रूप हैं। वसंत परिपूर्ण प्राकृतिक तरूणाई है। प्रकृति की अंग-अंग उमंग का नाम है वसंत। यों सभी उत्सव मनुष्य का सामाजिक उल्लास हैं, लेकिन वसंत समूची प्रकृति का चरम परम उल्लास धर्म है। हम सब प्रकृति के अंश हैं, प्रकृति के गुणों के प्रभाव में है। प्रकृति गीत गाए, नाचे, महकें और मनुष्य चुप रहे ऐसा हो ही नहीं सकता।

प्रकृति सदाबहार नायिका है। नदियां हंसती नृत्य करती बहती हैं, मनुष्य आनंदित होता है। सो नदियों के तट पर उत्सव नृत्य और संकीर्तन। प्रकृति जहां-जहां जब-जब आनंदित करती है तब-तब वहां-वहां उत्सव, लेकिन काल सबका नियंता है। अथर्ववेद के ऋषि भृगु ने गाया है कि काल में ही सुख-दुख और आनंद है। काल में ही ऋक् यजुष और सामगान हैं। भारतीय उत्सवों में प्रकृति और काल-मुहूर्त की जुगुलबंदी है। वसंत ऐसी ही मनभावन उपस्थिति है। वसंत में प्रकृति और काल की गलमिलौवल है।

प्रकृति मनमौजी है, तमाम रूपों में सजती है, खिलती है। बड़ी मस्त-मस्त और बिंदास है, लेकिन यह नायिका परम स्वतंत्र नहीं है। प्रकृति में नियमबद्धता है। वैदिक ऋषियों ने सृष्टि के इस संविधान को ऋत कहा, ग्रीष्म, वर्षा, शिशिर, हेमंत, पतझड़ और वसंत इसी ऋत के ऋतु-रूप हैं। वसंत परिपूर्ण प्राकृतिक तरूणाई है। प्रकृति की अंग-अंग उमंग का नाम है वसंत। यों सभी उत्सव मनुष्य का सामाजिक उल्लास हैं, लेकिन वसंत समूची प्रकृति का चरम परम उल्लास धर्म है। हम सब प्रकृति के अंश हैं, प्रकृति के गुणों के प्रभाव में है। प्रकृति गीत गाए, नाचे, महकें और मनुष्य चुप रहे ऐसा हो ही नहीं सकता। प्रकृति के रूप मनुष्य ही नहीं अन्य प्राणियों को भी संवेदित करते हैं। वर्षा ऋतु में मोर नाचते हैं, मेढक गीत गाते हैं। शरद् ऋतु जानकर खंजन पक्षी पुलक में होते हैं पर वसंत के संवेदन की बात ही दूसरी है। वसंती पवन भारतीय काव्य का उत्प्रेरण रही है। आखिरकार क्या हो जाता है? वायु देव को वसंत में, जिसे छूकर आगे बढ़ते हैं, वही मदमस्त हो जाता है। वे कलियों की चोली उड़ा ले जाते हैं, तरूणों को सहलाते हैं, तरूणियों को तब तक गुदगुदाते हैं, जब तक वे खिलखिलाकर पूरी खिल नहीं जाती। तरूण तो तरूण हैं। मनतरंग में झूमना उनकी स्वाभाविकता है, लेकिन बूढ़े-बुजुर्ग भी वासंती पवन में मदमस्त हो जाते हैं। नदी, तालाब और खेत-ऊसर भी वसंत की मौज में होते हैं। हमारे गांव से बहने वाली सई नदी भी आनंदमगन हो जाती है। उसके तट पर खड़े वन बबूल के पेड़ों पर गीत उगते हैं। पक्षी प्रेमगीत गाते हैं, गाएं उछलती हैं। न शीत की जकड़न और न गम की उमस और बेचैनी। वसंत का प्रभाव सब पर एक जैसा। बूढ़े मनुष्य ही नहीं बूढ़े वृक्ष भी फूलों से लद जाते हैं। फागुन सबको लहालोट करता है। मनतरंग के देव 'काम' भीतर से कुलाचें मारते हैं। वसंत इसीलिए ऋतुराज है।



हृदय नारायण दीक्षित

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

पृथ्वी सगंधा है। फूलों से सुगंध उड़ती है, मरूद्गण इस सुगंध को दसों दिशाओं तक पहुंचाते हैं। धरती आकाश गंध आपूरित होते हैं। तिक्त नीम अशोक हो जाती है और बेहया की पौध हो जाती है मौलश्री। तब गुलाब रातरानी जैसी सुगंध देने लगता है और रातरानी कमलगंध में हहराती प्रीति। प्रकृति के सभी रूप रसवंत हो जाते हैं। नदियां नर्तन करती हैं, झीलें गीत गाती हैं, वनस्पतियां झूम उठती हैं। शरद् और ग्रीष्म गलबहियां डालकर मिलते हैं। पक्षी मस्त-मस्त गीत गाते हैं। वे ऋत बंधन में रहते हैं, लेकिन वसंत और होली में शास्त्रीयता का कोई बंधन नहीं। यह वसंत दो दिन के लिए नहीं आता। पूरे तीन-चार माह तक विहंसता है, समूची प्रकृति को रस आपूरित करता है। प्रकृति का हरेक अंश उत्सव मनाता है। हरेक वृक्ष, हरेक फूल, कीट, पतिंग, पशु, पक्षी और मनुष्य मधु उत्सव में होता है। होली इन्हीं मधु उत्सवों का महोत्सव है।

होली आनंद का अतिरेक है और अतिरेक कभी शास्त्रीय नहीं होता। होली का लोक अपने छंद स्वयं गढ़ता है। लोक में अतिरिक्त ऊर्जा है, उफनाती ऊर्जा आनंद का अतिरेक है यहां। ऊर्जा का अतिरेक ही उत्सव बनता है। मनुष्य की तरह समाज का भी मूल-उत्स होता है। समाज का मूल-उत्स संस्कृति है। समाज का आनंदमगन समवेत ही उत्सव हैं। होली भारत का मधुरस है, मधुछंद है, सामगान है, लोकनृत्य है और लोक संस्कृति की चरम अभिव्यक्ति है। होली भारत के मन का उल्लास है। चहुदिश, दिक्काल, लाल गुलाल, सबके गाल। होली का उल्लास प्रायोजित नहीं होता। भारतीय उत्सव प्रकृति का प्रसाद है। होली महाप्रसाद है। होली मधु अनुभूति का मधु प्रसाद है। प्रकृति का यह मधु प्रसाद अखंड है। सूर्य उगते हैं, अस्त होते हैं। मास आते हैं, विदा होते हैं। संवत्सर, युग और मंवंतर आते हैं, पर मधु उत्सवों का मधु प्रसाद कोष रीता नहीं होता। वसंत ऐसा ही मधुकोष लेकर हर साल आता है। होली के अवसर पर बांटता है। होली का यह मधु पूरे साल चलता है। होली भारत का मन मधुमय करती है। इसीलिए यह लोक-महोत्सव है। भारत की भू-सांस्कृतिक आस्था का नर्तन, दर्शन दिग्दर्शन है। यहां लोक अभिव्यक्ति है, राष्ट्रीय एकत्व है और सांस्कृतिक समरसता है। लोक आनंद की अनुभूति है। तमाम असंभवों के संगम है। होली सबकी प्रीति है, राष्ट्र की रीति है। भारत की उमंग और भारत के मन की रंग-तरंग है। देश के उत्तर, दक्षिण और पूरब, पश्चिम होली सबकी प्यारी है। होली विश्ववारा भारतीय संस्कृति का मन आनंद है। होली गीता गाता नृत्य मगन उन्मुक्त अध्यात्म है। धरती, आकाश, वन और संपूर्ण उपवन, का गीत, संगीत है। होली जाति, पंथ उम्र से परे जीवंत महामुक्ति और महाउल्लास है।

कुछ विद्वानों ने होली को मिस्र या यूनान से आयातित बताया है। होली जैसा उत्सव बेशक मिस्र में था, यूनान में भी था। जैमिनि ने होलाका पर्व का उल्लेख (400-200 ईसा पूर्व) किया और लिखा कि होलाका सभी आर्यों का उत्सव था। आचार्य हेमाद्रि (1260-70 ई0) ने पुराण उद्धरणों से होली की प्राचीनता दर्शायी है। वात्स्यायन के कामसूत्र (1.4.42) में यह एक वसंतोल्लास क्रीड़ा पर्व है।

प्राचीनता और आधुनिकता अलग-अलग नहीं होती। वे पृथक दो इकाइयां नहीं हैं। प्रकृति सृष्टि का प्रवाह अविच्छिन्न है। जिसे हम प्राचीनता कहते हैं, वह और भी प्राचीन परंपरा का विकास है। इसी तरह आधुनिकता भी है। 100 बरस पहले जिसे आधुनिकता कहते थे, वह भी प्राचीन होती जा रही है। परंपरा एक सतत् प्रवाह है। परंपरा और उत्सव व्यक्तिगत नहीं होते। उन्हें काल विभाजन के अनुसार नहीं बांटा जा सकता। सामूहिकता हरेक कालखंड में आनंददायी रही है। सामूहिक आनंद और उत्सव पर्यायवाची हैं। प्राचीन भारत का समाज सामूहिकता में आनंदित है इसलिए हर दिन मधुउत्सव है, प्रतिपल मंगल गीत हैं, प्रतिपल मधुवर्षा है। सामूहिकता शोक और दुख को फटकने भी नहीं देती, लेकिन विदेशी सत्ता के प्रभाव में हम भारत के लोग सामूहिकता खोते गये। व्यक्तिगत के भीतर और भी व्यक्तिगत होते गए। सो होली जैसे अंतर्राष्ट्रीय उत्सव भी व्यक्तिगत हो रहे हैं। अब बाजार तय करता है हमारे उत्सव की रूपरेखा। सो भारतीय समाज में विषाद है। उत्सवधर्म विषाद को प्रसाद में बदलते हैं। आइए उत्सवधम हों हम सब। आओ रंग चढ़ा लें देशी कि रंग परदेशी उतर जाए।

## सभ्यता के मानकः शोर में डूबती संवेदनाएं

शादियों और त्योहार का समय है, साथ ही बोर्ड परीक्षाओं का भी। एक तरफ विद्यार्थी अपनी तैयारी में व्यस्त हैं, दूसरी तरफ तड़क-भड़क वाला संगीत जोर-जोर से बजता है। दोनों परिस्थितियों में गजब का विरोधाभास है, लेकिन हम हमेशा से यह सहते आ रहे हैं। आज के समय में परिस्थितियां ज्यादा विकट हो रही है। कानफोड़ू संगीत, जिसमें गीत के बोल पता ही नहीं चलते या मन को नहीं भाते, उस पर भौंडा डांस। शादी वाले परिवार से आप आवाज कम करने को नहीं कह सकते। आपकी बात सुनी ही नहीं जाएगी। दुश्मनी हो जाएगी। कई बार तो रात दस वाले मानक का पालन भी नहीं किया जाता। यूं भी संगीत जितना धीमा हो, जितना मृदुल हो, उतना मधुर लगता है। फिर आपकी स्वतंत्रता भी वहां पर समाप्त हो जाती है, जहां दूसरे की शुरू होती है।



अमृता पांडे

स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

इस संदर्भ में एक दो घटनाएं ध्यान आ रही हैं। एक हमारे बचपन की, जब हम लोग स्कूल में पढ़ते थे। हमारे घर से लगा हुआ मकान था। दरवाजे आपस में आमने-सामने मिलते थे। उस घर में टीवी फुल वॉल्यूम में लगता था। मां जब वॉल्यूम कम करने को कहती थी तो वह आंटी बड़े गर्व से कहती थीं कि दीदी, यह नया टीवी है, इसमें वॉल्यूम ज्यादा ही है। अक्षरशः उन्होंने क्या कहा मुझे याद नहीं है, लेकिन भाव याद हैं। मां और पापा उनकी बुद्धि पर तरस खाकर हंसते थे। फिर एक दिन मां ने खुद जाकर वॉल्यूम कम करके उन्हें दिखाया था कि नए टीवी में भी वॉल्यूम कम की जा सकती है। टेक्नोलॉजी जितनी विकसित होगी, उतनी सुविधा संपन्न होगी।

> एक घटना वर्तमान की है। बेटा जापान में अपने कुछ मित्रों के साथ प्रोजेक्टर में कोई मूवी देख रहा था। जब चार-पांच युवा होते हैं, तो कुछ जोर से बोलना भी हो जाता है। भारतीय यूं भी ऊंची आवाज में ही बोलते हैं। फ्लैट्स की दीवार वहां पर बहुत हल्की कपड़े जैसी। शायद एक घर से दूसरे घर में आवाज पहुंच जाती हो।


एक घटना वर्तमान की है। बेटा जापान में अपने कुछ मित्रों के साथ प्रोजेक्टर में कोई मूवी देख रहा था। जब चार-पांच युवा होते हैं, तो कुछ जोर से बोलना भी हो जाता है। भारतीय यूं भी ऊंची आवाज में ही बोलते हैं। फ्लैट्स की दीवार वहां पर बहुत हल्की कपड़े जैसी। शायद एक घर से दूसरे घर में आवाज पहुंच जाती हो। डिस्टर्बेंस होने पर पड़ोस की आंटी ने पुलिस में कंप्लेंट कर दी। तुरंत पुलिस आई। बताया कि पड़ोस से कंप्लेंट आई है और वॉल्यूम कम करने को कहा। पुलिस का आना वहां पर कोई बड़ी बात नहीं है। यह एक सामान्य घटना है और जाते समय पुलिस वाले असुविधा के लिए खेद जताते हुए सॉरी भी बोल कर गए। क्योंकि यह कोई बहुत बड़ा अपराध नहीं था। अनजाने में की गई गलती थी। ये होते हैं सभ्यता के मानक। जहां पर हर संबंधित पक्ष अपनी गलती मानकर उस पर विचार कर लेता है। हमारे देश में इस तरह के मानक नहीं दिखाई देते। एआई से हम अपनी सुंदर तस्वीरें बना लेते हैं, पर मन को संवारने वाला कोई एआई हमने अभी तक विकसित नहीं किया है। इस तरह की सभ्यता और संस्कार से हम अभी भी कोसों दूर हैं।

## पतझड़ से सबक लेने की जरूरत

मौसम पतझड़ का क्या आया कि साल भर से जिस पेड़ के सहारे पत्ते हरे-हरे दिख रहे थे, उनमें सारे के सारे पत्ते पेड़ से अलग हो गए। अलग होने के पहले ही पत्तों का हरापन गायब हो गया था और जब जमीन पर गिरे तो ज्यादातर पत्ते पीले हो गए, लगता है कि इन पत्तों को पीलिया रोग हो गया। एक भी पत्ता पेड़ से यह नहीं कह रहा कि साल भर के रिश्ते को वह नहीं तोड़ेगा और पेड़ का साथ निभाएगा।

पत्तों के संबंध विच्छेद कर लेने के बावजूद पेड़ जैसे वस्त्रविहीन हो गया हो, लेकिन अपनी डालों के साथ जस का तस खड़ा है। उसे अपनी डालों पर भरोसा है कि जल्द इन डालों पर नए पत्ते आएंगे और उसकी आभा और अच्छे रूप में निखरेगी। पेड़ को यह भरोसा किसी से मिल रहा है, तो पेड़ों की जड़ से मिल रहा है। पत्तों के गिरने के बावजूद पेड़ जड़ के सहारे खड़ा है।

ऐसी ही कुछ स्थिति मनुष्य की होती है। कभी इतना सुखमय और आनंदमय जीवन होता है कि उसकी प्रतिष्ठा समाज में बढ़ जाती है। लोगबाग उसे इर्द-गिर्द मंडराते रहते है। क्योंकि अच्छे दिनों में वह मनुष्य सबकी मदद करता रहता है। किसी ने कुछ मांगा तो इंकार नहीं किया, लेकिन समय किसी को छोड़ता नहीं। समय अनुकूल आता है, तो साधारण व्यक्ति राजसी जीवन जीने लगता है और समय बिगड़ता है, तो राजसी से वह रंक जैसा साधारण एवं निर्धन हो जाता है। जहां मनुष्य साधारण और निर्धन हुआ, तत्काल उसके इर्द-गिर्द रहने वाले किनारा कसने लगते हैं।



सलिल पाण्डेय

मिर्जापुर

जबकि इसी समय अपनों के सहारे की जरूरत पड़ती है, लेकिन मतलबी दुनियां में मतलब निकलते तत्काल मुंह मोड़ने वाले ज्यादा होते हैं। जब अपने लोग विपन्नता की स्थिति आते किनारा कसते हैं तब कमजोर मन वाला व्यक्ति हताश और निराश होने लगता है तथा अवसाद में चला जाता है, लेकिन बुद्धि-विवेक वाला पतझड़ से पत्ते विहीन हुए पेड़ों से सबक लेता है। उसे लगता है कि वह अपने बुद्धि-विवेक की जड़ के बल पर पुनः हरे-भरे पेड़ जैसा हो जाएगा। वह हिम्मत हारता नहीं। कहा भी गया है, 'हारिए न हिम्मत, बिसारिए न राम'। यहां राम का आशय समय के पुनः बलवान होने की उम्मीद से है। जो इन पंक्तियों पर भरोसा करता है तब वह नए सिरे से पुनः अपने को स्थापित करने की कोशिश करता है। कोशिशों का नतीजा प्रायः अनुकूल होता है और पुनः पत्ते विहीन पेड़ जो हो गए, वे समय के अंतराल पर हरे-भरे हो गए, उसी प्रकार सुनियोजित प्रयास से व्यक्ति भी पेड़ों की तरह हरा-भरा जरूर होने लगेगा।

तमाम उदाहरण है कि कल तक फकीरों जैसा जीवन जीने वाला, समय बदलते धन-धान्य तथा यश-कीर्ति से परिपूर्ण हो जाता है। आशय यही है कि समय अच्छा हो या बुरा, जड़ों के सहारे खड़ा व्यक्ति कभी परास्त नहीं हो सकता।

## स्वच्छता का पर्व है होली

होली की पहचान देश की संस्कृति के रूप में होती है। वसंत ऋतु जनजीवन में नई चेतना का संचार कर रही होती है, फागुन की सुरमई हवाएं वातावरण को मस्त बनाती हैं, तभी होली के रंग लोकजीवन में घुल जाते हैं। इन्हीं दिनों नई फसल भी तैयार होती है और किसानों के लिए यह उल्लास का समय होता है। तभी होली के बहाने नए अन्न की पूजा पूरे देश में की जाती है। यही नहीं पूरी दुनिया में होली की ही तरह अलग-अलग समय में त्योहार मनाए जाते हैं, जिनका असल मकसद तनावों से दूर कुछ पल मौज-मस्ती के बिताना और अपने परिवेश के गैरजरूरी सामान से मुक्ति पाना होता है।

> तनिक गौर करें, होली का प्रारंभ घर-खलिहान की सफाई से होता है। कूड़ा-कचरा होली में जलाकर हम नकारात्मकता का अंत करते हैं। रंग लगाकर और रगड़-रगड़ कर स्नान करना तन-मन की शुद्धि का प्रतीक है। पुराने वस्त्र त्यागकर नए धारण करना नवजीवन का संदेश देता है।

वास्तव में होली का अर्थ है- हो ली, यानी जो बीत गई सो बीत गई, अब आगे की सुध है। गिले-शिकवे मिटाओ, गलतियों को माफ करो और एक दूसरे का रंगों में सराबोर कर दो-रंग प्रेम के, अपनत्व के, प्रकृति के। विडंबना है कि भारतीय संस्कृति की पहचान कहलाने वाला यह पर्व पर्यावरण का दुश्मन नशाखोरी, रंग की जगह त्वचा को नुकसान पहुंचाने, आनंद की जगह भोंडे उधम के लिए कुख्यात हो गया है। कहानियां, किवदंतियां कुछ भी कहें, लेकिन इस पर्व का वास्तविक संदेश तो स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण ही है। यह दुखद है कि अब इस त्योहार ने अपना पारंपरिक रूप और उद्देश्य खो दिया है और इसकी छवि पेड़ व हानिकारक पदार्थों को जलाकर पर्यावरण को हानि पहुंचाने और रंगों के माध्यम से जहर बांटने की बनती जा रही है। हालांकि देश के कई शहरों और मुहल्लों में बीते एक दशक के दौरान होली को प्रकृति-मित्र के रूप में मनाने के अभिनव प्रयोग भी हो रहे हैं। हमारा कोई भी संस्कार या उत्सव उल्लास की आड़ में पर्यावरण को क्षति की अनुमति नहीं देता। होलिका दहन के साथ सबसे बड़ी कुरीति हरे पेड़ों को काटकर जलाने की है।



पंकज चतुर्वेदी

वरिष्ठ लेखक

वास्तव में होली भी दीपावली की ही तरह खलिहान से घर के कोठार में फसल आने की ख़ुशी व्यक्त करने का पर्व है। याद करें कि होली में गोबर के बने उपले की माला अवश्य डाली जाती है। असल में ठंड के दिनों में जंगल जा कर जलावन लाने में डर रहता था, सो ऐसे समय के लिए घरों में उपलों को भी एकत्र कर रखते थे। चूंकि अब घर में नया अनाज आने वाला है सो, कंडे-उपले की जरूरत नहीं, तभी उसे होलिका दहन में इस्तेमाल किया जाता है। उपले की आंच धीमी होती है, लपटें ऊंची नहीं जातीं, इसमें नए अन्न- गेहूं की बाली या चने के छोड़ को भूना भी जा सकता है, सो हमारे पूर्वजों ने होली में उपले के प्रयोग किए। एक बात और आदिवासी समाज में प्रत्येक कृषि उत्पाद के लिए "नवा खाई' पर्व होता है, जो भी नई फसल आई, उसके लिए प्रकृति का धन्यवाद। होली भी किसानों के लिए कुछ ऐसा ही पर्व है। होलिका पर्व का वास्तविक समापन शीतला अष्टमी को होता है। पूर्णिमा की होली और उसके आठ दिन बाद अष्टमी का यह अवसर! शक संवत का पहला महीना चैत्र और इसके कृष्ण पक्ष पर बासी खाना खाने का बसौड़ा। इस दिन घर में चूल्हा नहीं जलता और एक दिन पहले ही पक्की रसोई यानी पूड़ी कचौड़ी, चने, दही बड़े आदि बन जाते हैं। सुबह सूरज उगने से पहले होलिका के दहन स्थल पर शीतला मैया को भोग लगाया जाता है। स्कंद पुराण शीतलाष्टक स्त्रोत के अनुसार "वन्देहं शीतलां देवींरासभस्थां दिगम्बराम। मार्जनीकलशोपेतां शूर्पालङ्कृतमस्तकाम।।" अर्थात गर्दभ पर विराजमान दिगंबरा, हाथ में झाड़ू तथा कलश धारण करने वाली, सूप से अलंकृत मस्तकवाली भगवती शीतला की मैं वंदना करता हूं। शीतला माता के इस वंदना मंत्र से स्पष्ट है कि ये स्वच्छता की अधिष्ठात्री देवी हैं। हाथ में मार्जनी (झाड़ू) होने का अर्थ है कि समाज को भी सफाई के प्रति जागरूक होना चाहिए। कलश से तात्पर्य है कि स्वच्छता रहने पर ही स्वास्थ्य रूपी समृद्धि आती है। मान्यता के अनुसार, इस व्रत को रखने से शीतला देवी प्रसन्न होती हैं और व्रती के कुल में चेचक, खसरा, दाह, ज्वर, पीतज्वर, दुर्गंधयुक्त फोड़े और नेत्रों के रोग आदि दूर हो जाते हैं। हकीकत में संदेश यही है कि यदि स्वच्छता रखेंगे, तो ये रोग नहीं हो सकते।

तनिक गौर करें, होली का प्रारंभ घर-खलिहान की सफाई से होता है। कूड़ा-कचरा होली में जलाकर हम नकारात्मकता का अंत करते हैं। रंग लगाकर और रगड़-रगड़ कर स्नान करना तन-मन की शुद्धि का प्रतीक है। पुराने वस्त्र त्यागकर नए धारण करना नवजीवन का संदेश देता है। समापन पर स्वच्छता की देवी की पूजा कर समाज को साफ-सफाई का संदेश दिया जाता है। होली पर बसौड़ा चढ़ावा गरीबों के लिए सहारा बनता है। यही लोग नई उमंग से खेतों में श्रम करते हैं। अतः होली समरसता, पर्यावरण संरक्षण और मनोविनोद का मूल दर्शन प्रस्तुत करती है।

## शिक्षा सुधार या शिक्षक नियंत्रण

सबसे खतरनाक और सुविधाजनक भ्रम है कि शिक्षक की भूमिका केवल आदेशों का पालन करने तक सीमित है। जैसे शिक्षक कोई स्विच हो-ऊपर से निर्देश आए और नीचे क्रियान्वयन हो जाए। समाज और व्यवस्था, दोनों ही अक्सर इसी धारणा में सुकून महसूस करते हैं, क्योंकि इससे जिम्मेदारी का बोझ अपने कंधों से उतर जाता है। अगर परिणाम अच्छे नहीं आए, तो उंगली शिक्षक पर और अगर सब ठीक चला, तो श्रेय व्यवस्था का। यही सबसे बड़ी बौद्धिक बेईमानी है।



प्रवीण त्रिवेदी

शिक्षक

शिक्षक केवल पाठ्यपुस्तक का दूत नहीं होता, वह कक्षा में खड़ा एक जीवित विवेक होता है। वह बच्चों के सवालों से रोज टकराता है, उनकी जिज्ञासाओं, भय और संभावनाओं को अपने सामने खुलते देखता है। आदेश कागज पर लिखे जाते हैं, लेकिन उनका असर जमीन पर बच्चों के दिमाग और भविष्य पर पड़ता है। इस अंतर को समझने की जहमत समाज अक्सर नहीं उठाता। आदेश मानने की अपेक्षा तो रखी जाती है, पर यह नहीं पूछा जाता कि वह आदेश बच्चों के जीवन में क्या बदल रहे हैं। विडंबना यह है कि जब भी शिक्षा व्यवस्था में कोई सुधार की बात होती है, शिक्षक को सबसे पहले "अनुशासन में लाने" का लक्ष्य बनाया जाता है। प्रशिक्षण, निरीक्षण, मूल्यांकन सबका उद्देश्य यही मान लिया जाता है कि शिक्षक को और अधिक नियंत्रित किया जाए। यह मानकर चला जाता है कि शिक्षक सोचने लगे तो व्यवस्था बिगड़ जाएगी। दरअसल डर यह है कि अगर शिक्षक सचमुच सोचने लगा, सवाल पूछने लगा, तो कई खोखले आदेश टिक नहीं पाएंगे। समाज भी इस खेल में बराबर का भागीदार है। वही समाज जो अपने बच्चों की हर कमी का ठीकरा स्कूल पर फोड़ देता है, वही समाज शिक्षक से यह उम्मीद नहीं करता कि वह व्यवस्था से सवाल पूछे। शिक्षक आदर्श बने, त्यागी बने, राष्ट्रनिर्माता बने, लेकिन चुपचाप बने। बोलने वाला शिक्षक असुविधाजनक हो जाता है और असुविधाजनक सच किसी को पसंद नहीं आता।

अब समय है कि शिक्षक को केवल निर्देशों का पालनकर्ता मानने की सुविधा छोड़ दी जाए। अगर शिक्षा को सचमुच सुधारना है, तो शिक्षक को केंद्र में लाना होगा। केवल जिम्मेदारी देने के लिए नहीं, बल्कि अधिकार और विश्वास देने के लिए भी। वरना हम हर साल नई योजनाओं, नए आदेशों और वही पुराने नतीजों के बीच घूमते रहेंगे और दोष हमेशा उसी पर डालेंगे जो सबसे सामने, सबसे ईमानदारी से खड़ा है।

## मेलों पर संकटः सुरक्षा व आजीविका के बीच संतुलन की तलाश

भारत के पारंपरिक मेले केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं, वे हमारे सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक जीवन का जीवंत हिस्सा हैं। गांव-गांव, शहर-शहर लगने वाले ये मेले सदियों से लोगों के मेल-मिलाप, लोक संस्कृति और आजीविका का आधार रहे हैं। यहां झूले लगाने वाले, खिलौने बेचने वाले, बर्तन, चूड़ी, हस्तशिल्प बेचने वाले दुकानदार, बुनकर, लोक कलाकार और छोटे कुटीर उद्योगों से जुड़े हजारों परिवार अपनी रोजी-रोटी कमाते हैं, लेकिन आज यह पारंपरिक कारोबार गंभीर संकट के दौर से गुजर रहा है। विशेष रूप से गुजरात में तो स्थिति ऐसी बन गई है कि मेले लगभग समाप्ति की ओर हैं। अन्य राज्यों में भी कड़े नियमों की आशंका से मेला आयोजकों और झूला संचालकों के बीच असुरक्षा का माहौल है।



राजकोट में एक गेमिंग जोन में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया था। उस हादसे के बाद राज्य सरकार ने सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सख्त नियम लागू किए। जन सुरक्षा सर्वोपरि है, इसमें कोई मतभेद नहीं हो सकता। सरकार का दायित्व है कि वह नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे, लेकिन नियम बनाते समय इस बात पर शायद ध्यान ही नहीं दिया गया कि राजकोट की घटना एक बंद, पक्के और अवैध गेमिंग जोन में हुई थी, जबकि पारंपरिक मेले और झूले खुले वातावरण में अस्थायी ढांचे में लगाए जाते हैं।



जगराम गुर्जर

लेखक

खुले मेलों के झूले न तो पक्के भवनों में होते हैं, न ही उनमें जटिल बिजली व्यवस्था या आग पकड़ने वाली बनावट होती हैं। इसके बावजूद नए नियमों का सबसे अधिक प्रभाव इन्हीं छोटे मेला आयोजकों और झूला संचालकों पर पड़ा है। नए प्रावधानों के तहत महंगे इंजीनियरिंग सर्टिफिकेट, भारी बीमा कवर, जटिल लाइसेंस प्रक्रिया और बार-बार निरीक्षण जैसी शर्तें लागू कर दी गई हैं। छोटे स्तर पर काम करने वाले ये लोग पहले ही भारी कर्ज लेकर अपने झूले खरीदते हैं। उनके लिए महंगे प्रमाण पत्र और बीमा प्रीमियम जुटाना लगभग असंभव है। गौर करने वाली बात है कि कोई भी मेला आयोजक या झूला संचालक सुरक्षा नियमों को हटाने की मांग नहीं कर रहा। बंद गेमिंग जोनों के लिए कठोर नियम आवश्यक हैं और उनका पालन होना चाहिए, लेकिन खुले मेलों के पारंपरिक झूलों के लिए अलग, सरल और व्यावहारिक नियम बनाए जाने चाहिए।

आज देश में अनेक झूला निर्माता कार्यरत हैं। क्या उनके निर्माण मानकों की नियमित जांच होती है? क्या यह सुनिश्चित किया जाता है कि हर झूला तकनीकी कसौटियों पर खरा उतरता है? यदि निर्माण स्तर पर ही त्रुटि रह जाए तो उसका खामियाजा अंतिम संचालक और आम जनता को भुगतना पड़ता है। इसलिए समस्या का समाधान केवल संचालन स्तर पर कठोरता बढ़ाने में नहीं है, बल्कि निर्माण से लेकर संचालन तक एक संतुलित और व्यावहारिक निगरानी व्यवस्था बनाने में है। पारंपरिक मेलों को समाप्त होने देना केवल आर्थिक क्षति नहीं होगी, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक विरासत के लिए भी आघात होगा। आज जब बड़े मॉल और डिजिटल मनोरंजन के साधन तेजी से बढ़ रहे हैं, तब भी मेले लोगों को खुला, सामुदायिक और पारिवारिक मनोरंजन प्रदान करते हैं। ग्रामीण अर्थ व्यवस्था को संबल देने में इनकी भूमिका को नकारा नहीं जा सकता।

आवश्यक है कि सरकार, प्रशासन और मेला आयोजकों के प्रतिनिधि मिलकर एक व्यवहारिक नीति तैयार करें। एक ऐसी नीति जो भले ही सुरक्षा से समझौता न करे, लेकिन छोटे व्यवसायियों को काम करने से भी नहीं रोके। यदि समय रहते संतुलित निर्णय नहीं लिया गया, तो आने वाली पीढ़ियां शायद केवल किताबों में पढ़ेंगी कि कभी हमारे गांव-शहरों में रंग-बिरंगे मेले लगते थे, जिनमें बच्चों की हंसी और लोकगीतों की गूंज होती थी। सुरक्षा और आजीविका के बीच संतुलन ही इस संकट का वास्तविक समाधान है। यही समय की मांग है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

## ब्रीफ न्यूज

### जनसेवा शिविर में 83 शिकायतों का निस्तारण

**बनबसा :** 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' अभियान के तहत नगर पंचायत बनबसा में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता जिलाधिकारी मनीष कुमार ने की। शिविर में लगभग 500 लोगों ने भाग लिया और कुल 83 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। यूसीसी अंतर्गत विवाह पंजीकरण, लंबित पेंशन, राशन कार्ड, निवास प्रमाण पत्र एवं अन्य समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता बरती जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

### पावर स्टेशन यूनिट-1 का सफल सिंक्रोनाइज़ेशन

**बनबसा :** टनकपुर पावर स्टेशन की जनरेटिंग यूनिट-1 का पूंजीगत रख-रखाव कार्य पूर्ण होने के बाद दोपहर में सफलतापूर्वक सिंक्रोनाइज़ेशन किया गया। यह कार्य निर्धारित 110 दिनों की अवधि से दो दिन पूर्व ही पूरा कर लिया गया। पावर स्टेशन प्रबंधन के मार्गदर्शन एवं रणनीतिक पर्यवेक्षण से रख-रखाव कार्य सुचारू रूप से संपन्न हुआ। पावर स्टेशन प्रमुख ऋषि रंजन आर्य ने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए इसे टीम के समर्पण और तकनीकी दक्षता का परिणाम बताया।

### अग्निवीर भर्ती रैली में युवाओं का उत्साह

**बनबसा :** मिलिट्री स्टेशन में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली के दूसरे दिन पिथौरागढ़ जनपद की विभिन्न तहसीलों से आए 700 से अधिक युवाओं ने भाग लिया। जनरल ड्यूटी, ट्रेडमैन एवं तकनीकी पदों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की गई। इसमें 550 से अधिक अभ्यर्थी सफल होकर अगले चरण के लिए चयनित हुए। सभी उम्मीदवारों को मूल प्रमाण पत्र साथ लाने के निर्देश दिए गए हैं। भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाने हेतु प्रशासनिक एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखी गई।


अल्मोड़ा मुख्य बाजार में होली मिलन कार्यक्रम में होली गाते होल्यार। ● अमृत विचार


एसएसपी कार्यालय अल्मोड़ा में आयोजित होली कार्यक्रम में मौजूद बच्चे। ● अमृत विचार

# 'कैसे रही दिन रात सीता वन में अकेली...' गीत पर झूमे होल्यार

## अल्मोड़ा के गांव-गांव में गूंजे होली के राग, खड़ी-बैठकी होली की मची धूम, घरों में आयोजित होली कार्यक्रमों में धमाल मचा रहे होल्यार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** जनपद में इन दिनों होली का रंग पूरे शबाब पर है। नगर से लेकर दूरस्थ ग्रामीण अंचलों तक पारंपरिक खड़ी और बैठकी होली की स्वर लहरियां गूंज रही हैं। शनिवार को सुबह से देर शाम तक विभिन्न स्थानों पर होल्यारों की टोलियां एकत्रित होकर शास्त्रीय रागों में होली गायन करती रहीं।

मुख्यालय के साथ ही द्वाराहाट, चौखुटिया, सल्ट, सोमेश्वर, जैंती, लमगड़ा, स्याल्दे, जागेश्वर, दन्या तथा भिकियासैंण सहित अनेक क्षेत्रों में होली गायन की विशेष धूम रही। इस अवसर पर होल्यारों ने "कैसे रही दिन रात सीता वन में अकेली", "सीता रंगमहल को छोड़ चली हैं वन में कुटिया बनाए" जैसी पारंपरिक खड़ी होलियों का गायन कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। पुरुष मंडलियों ने "होली खेलत रघुवीरा अवध में", "शिव के मन माही बसे काशी" और "रघुवर से बैर न कीजे, पिया लौटा दो उनकी सिया" जैसे भक्तिमय और श्रृंगारिक फागों से वातावरण को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। शास्त्रीय रागों पर आधारित कुमाऊंनी होली की इस परंपरा ने नगर की सांस्कृतिक गरिमा को और भी प्रखर बना दिया। नगर के धारानौला, कर्नाटक खोला, ढूंगाधारा, नृसिंहबाड़ी, मकेड़ी सहित विभिन्न मोहल्लों में महिलाओं ने बैठकी होली का आयोजन किया। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने ताल और लय के साथ फाग गायन कर सामाजिक सौहार्द और सांस्कृतिक एकता का परिचय दिया। बैठकी होली में भक्ति, श्रृंगार और हास्य रस से ओतप्रोत गीतों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बुजुर्गों के साथ युवा पीढ़ी की सहभागिता ने इस आयोजन को और भी जीवंत बना दिया।

### विद्यालयों में भी दिखा होली का उल्लास

**अल्मोड़ा :** विद्यालयों में भी होली का उत्साह देखने को मिला। स्प्रिंग डेल्स स्कूल के छात्र-छात्राओं ने होली गीत गाते हुए रैली निकाली। यह रैली नगर से होते हुए एसएसपी कार्यालय अल्मोड़ा पहुंची, जहां वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर आर घोडके ने बच्चों को होली की शुभकामनाएं दीं और उनके उत्साह की सराहना की। विद्यालयी बच्चों की मधुर आवाज़ और अनुशासित प्रस्तुति ने राहगीरों का ध्यान आकर्षित किया और पर्व की गरिमा को नई ऊर्जा दी।

### व्यापार मंडल ने आयोजित किया होली मिलन कार्यक्रम

**अल्मोड़ा :** सिद्ध नौला से मुख्य बाजार होते हुए नंदा देवी मंदिर परिसर तक व्यापार मंडल द्वारा होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर के व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने आपसी सौहार्द और भाईचारे का संदेश देते हुए एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। इसी क्रम में भाजपा नेता रवि रौतेला के प्रतिष्ठान में पत्रकारों के लिए भी होली मिलन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय पत्रकारों ने भाग लिया। यहां नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट, देवेंद्र भट्ट, शुभम रौतेला समेत अन्य मौजूद रहे।

### संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक बनी होली

**अल्मोड़ा :** कुमाऊं की पारंपरिक होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि शास्त्रीय संगीत, आध्यात्मिकता और सामाजिक एकता का अनूठा संगम है। अल्मोड़ा जनपद में होली के इन आयोजनों ने यह सिद्ध कर दिया कि आधुनिकता के दौर में भी लोक परंपराएं अपनी जीवंतता और प्रभाव बनाए हुए हैं। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रहे होली गायन ने पूरे जनपद को उत्सवमय बना दिया है। आने वाले दिनों में भी विभिन्न स्थानों पर होली मिलन कार्यक्रमों का सिलसिला जारी रहने की संभावना है।


रानीखेत में गांधी चौक पर आयोजित होली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती महिलाएं।

### नगर क्षेत्र में होली की धूम, रंगोत्सव में उमड़ा जनसैलाब

**रानीखेत :** नगर क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों एवं आयोजनों के माध्यम से होली का रंग और उत्साह छाया हुआ है। गांवों से लेकर शहर तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों और होली आयोजनों की धूम मची हुई है। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजकों अध्यक्ष हर्षित रौतेला, नकुल भंडारी, पार्श रौतेला, सुनीता सहित अन्य पदाधिकारियों ने शिक्षकों और छात्रों के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में रंगोत्सव मनाया। चिलियानौला क्षेत्र में कमलेश बोरा के नेतृत्व में महिला होली गायन का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने पारंपरिक गीतों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। नगर पालिका अध्यक्ष अरुण रावत ने विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता कर लोगों का उत्साह बढ़ाया। वहीं शनिवार को रानीखेत नगर में फागोत्सव की विशेष धूम रही। गांधी चौक पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मुख्य आयोजक विमल सती ने बताया कि देर शाम तक फागोत्सव जारी रहेगा तथा सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक करन महरा सहित आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। इसके अलावा दूरदराज क्षेत्रों से आए बड़ी संख्या में लोगों ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर होली के उत्सव का आनंद लिया।

### दृष्टिहीन संघ में भी मनाई गई होली

**अल्मोड़ा :** सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में होली अपने पूरे शवाब में है। शनिवार को राष्ट्रीय दृष्टिहीन संघ उपशाखा अल्मोड़ा में दिव्यांगों एवं अन्य सदस्यों द्वारा होली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान शिव के मन माही बसे काशी..., मथुरा में खेल रहे होली..., रंग बरसे भीगे चुनरिया..., आदि होली गीतों खड़ी होली की शानदार प्रस्तुति दी। यहां हेम चंद्र जोशी, सुनैना मेहरा, स्वाति तिवारी, राजेंद्र, बसंत बल्लभ, डा. जेसी दुर्गापाल, कमल बिष्ट, तनुज भट्ट, अरूण आर्या, विपिन कांडपाल, दिनेश वाल्मीकि, रेखा कश्यप, पुष्पा कश्यप, गिरजा पंत, मनोज चौहान, बसंती, शांति डालाकोटी, भावना, दयाकृष्ण कांडपाल आदि लोग मौजूद रहे।

### होली खेलें, लेकिन जरा संभल कर

**अल्मोड़ा :** रंगों का त्योहार होली की खुशी में थोड़ी सी गलती भारी पड़ सकती है। इसलिए होली खेलें पर जरा संभल कर। कैमिकल रंगों के बदले प्राकृतिक रंगों से ही होली खेलना बेहतर रहेगा। अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीपी भैसोड़ा ने बताया कि कैमिकल रंगों से आंखों में जलन होने लगती है। इसलिए लोगों को प्राकृतिक रंगों से ही होली खेलनी चाहिए। रंगों से एलर्जी है तो सूखी होली खेलें। होली खेलने के दौरान बच्चों का विशेष ध्यान रखें। अधिक भीगने से बच्चे बीमार हो सकते हैं। होली खेलने के दौरान चश्मा जरूर लगाए।

# एचपीवी वैक्सीनेशन ड्राइव के तहत किशोरियों को लगे टीके

- अभियान के पहले दिन नौ बालिकाओं को टीका लगाया

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** जिले में किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान की औपचारिक शुरुआत शनिवार को जिला अस्पताल से की गई। अभियान के पहले दिन 14 वर्ष आयु वर्ग की नौ बालिकाओं को टीका लगाया गया।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार यह टीकाकरण कार्यक्रम आगामी तीन माह तक संचालित किया जाएगा। इस दौरान जिले भर में लगभग पांच हजार किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाने का लक्ष्य रखा गया है। अधिकारियों का कहना है कि यह वैक्सीन ह्यूमन पैपिलोमा वायरस से होने वाले संक्रमण और उससे जुड़े सर्वाइकल कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम करती है। सीएमओ डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि प्रारंभिक चरण के बाद इस टीके को नियमित प्रतिरक्षण कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा, ताकि पात्र आयु वर्ग की बालिकाओं को निरंतर लाभ मिल सके। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी 14 वर्षीय बेटियों का समय पर टीकाकरण अवश्य कराएं। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य अधिकारियों ने उपस्थित बालिकाओं और उनके अभिभावकों को टीकाकरण के महत्व और इससे जुड़े तथ्यों की जानकारी भी दी। यहां मेयर अजय वर्मा, एडीएम युक्ता मिश्र, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. दीपांकर डेनियल आदि मौजूद रहे।


जिला अस्पताल अल्मोड़ा में किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई।

## 6 मार्च से 30 जून तक पूर्णागिरि मेले के लिए दो स्पेशल ट्रेनें

**टनकपुर, अमृत विचारः** मां पूर्णागिरि मेले के दौरान बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए भारतीय रेल के इज्जतनगर मंडल द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु दो जोड़ी अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन 6 मार्च से 30 जून 2026 तक प्रतिदिन किया जाएगा।

इनमें 05307/05308 टनकपुर-बरेली जं.-टनकपुर तथा 05451/05452 कासगंज-टनकपुर-कासगंज शामिल हैं। टनकपुर-बरेली ट्रेन सुबह बरेली से चलकर शाम को टनकपुर पहुंचेगी, जबकि रात में वापसी होगी। कासगंज-टनकपुर ट्रेन सुबह प्रस्थान कर दोपहर में टनकपुर पहुंचेगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इन सेवाओं से श्रद्धालुओं को सुरक्षित व सुगम यात्रा सुविधा मिलेगी। उल्लेखनीय है कि मां पूर्णागिरि धाम का मेला 27 मार्च से 15 जून तक आयोजित होगा।

# अंजलि, हर्षिता, सरिता और गुंजन का प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन

- दर्जा राज्य मंत्री ने किया भारत युवा संसद प्रतियोगिता का शुभारंभ

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचारः** सुमित्रानंदन पंत राजकीय महाविद्यालय, गरुड़ में विकसित भारत युवा संसद-2026 की जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट ने दीप प्रज्वलन कर किया।

प्रतियोगिता में अंजली राणा, हर्षिता पंत, अंजली पांडे, सरिता और गुंजन जोशी का चयन प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। इस वर्ष गरुड़ महाविद्यालय को जनपद का नोडल केंद्र बनाया गया था, जिसमें बागेश्वर जनपद के 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं ने प्रतिभाग किया।

मुख्य अतिथि शिव सिंह बिष्ट ने आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय बताते हुए कहा कि यह सत्ता के प्रति लोलुपता से संवैधानिक अधिकारों के हनन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि युवाओं के बिना भारत के विकसित होने की संकल्पना अधूरी है। भारत विश्व का सबसे अधिक युवा आबादी वाला लोकतांत्रिक देश है और युवा ही देश का भविष्य हैं। जिला पंचायत सदस्य दीपक खुल्बे ने कहा कि युवाओं के विकास के लिए सरकार द्वारा अनेक कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। युवाओं को संसदीय बहस और देश के विकास से जुड़कर जागरूक होना चाहिए। दया किशन जोशी ने युवाओं में कौशल विकास और सकारात्मक परिवर्तन पर प्रकाश डाला। राजकीय महाविद्यालय दुग-नाकुरी की असिस्टेंट प्रोफेसर एवं विषय विशेषज्ञ दिव्या कटियार ने आपातकाल से सीख लेने की बात कही तथा इससे संबंधित संवैधानिक प्रावधानों की जानकारी दी। वहीं राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कपकोट के प्रोफेसर डॉ. दीपक कुमार ने आपातकाल और उत्तराखंड से जुड़े तथ्यों पर प्रकाश डाला। जनपद स्तरीय चयन प्रतियोगिता का विषय "आपातकाल के 50 वर्षः लोकतंत्र के लिए एक सीख" रहा। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता उमेश कुमार (प्रधानमंत्री सड़क योजना), अंग्रेजी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर श्रीमती उर्वशी टम्टा, भूगोल विभाग की डॉ. श्वेता पंत सहित अन्य वक्ताओं ने भी विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी डॉ. अवधेश तिवारी ने की। कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रियंका यादव एवं दीपा पांचपाल ने संयुक्त रूप से किया।

## बुजुर्ग से 2.20 लाख रुपये की साइबर ठगी

**अल्मोड़ाः** लमगड़ा क्षेत्र में एक 65 वर्षीय बुजुर्ग साइबर ठगों के झांसे में आकर 2.20 लाख रुपये गंवा बैठे।

अमोला-वमनस्वाल निवासी बसंत बल्लभ का खाता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में है। 15 फरवरी को उन्हें व्हाट्सएप के माध्यम से एक कॉल प्राप्त हुई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को बैंक कर्मचारी बताते हुए कहा कि उनका मोबाइल बैंकिंग ऐप अपडेट होना है। ठग ने उन्हें एक फर्जी लिंक भेजकर ऐप अपडेट के बहाने जरूरी जानकारी मांगी। पीड़ित ने विश्वास में आकर अपनी गोपनीय जानकारी साझा कर दी। दो दिन बाद जब पीड़ित बैंक शाखा पहुंचे तो उन्हें पता चला कि उनके खाते से 2,20,000 रुपये की निकासी हो चुकी है और केवल 3,557 रुपये शेष हैं। इसके बाद उन्हें साइबर ठगी का अहसास हुआ।

थाना प्रभारी प्रमोद पाठक ने बताया कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# सामूहिक रूप से मनाया 14 बच्चों का जन्मोत्सव



छीनीगोठ विद्यालय में जन्मोत्सव कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व छात्र-छात्राएं।

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचारः** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छीनीगोठ में फरवरी माह में जन्मे 14 बच्चों का सामूहिक जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया।

इनमें माही, अंशिका, खुशी, आदित्य, दिव्यम, आरोही धामी, रिया, सीमा भट्ट, अंश टम्टा, बबिता बोहरा, अनुज बिष्ट, इच्छा, सेजल तथा हर्षित विश्वकर्मा शामिल रहे। शिक्षक पल्लव जोशी ने सभी बच्चों के लिए केक एवं आकर्षक पुरस्कारों की व्यवस्था की। विशेष संयोग यह रहा कि इसी माह उनका भी जन्मदिन था, जिससे समारोह की प्रसन्नता और भी बढ़ गई। बच्चों ने उत्साहपूर्वक केक काटा। शिक्षक त्रिलोचन जोशी ने बताया कि यह परंपरा फरवरी 2019 से लगातार जारी है। इस मौके पर प्रधानाध्यापक दिग्भूषण गोस्वामी, शिक्षक पवन कुमार, उमेश चंद्र भट्ट आदि रहे।

**आक्रोश** टैक्सी यूनियन अध्यक्ष मदन कुमार ने टेंडर प्रक्रिया बंद न होने पर आत्मदाह की चेतावनी दी

# शटल सेवा के विरोध में टैक्सी चालकों का प्रदर्शन

- ठुलीगाड़ से भैरव मंदिर के बीच शटल सेवा के लिए टेंडर प्रक्रिया बंद करने की उठाई मांग

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचारः** पूर्णागिरि मेले में ठुलीगाड़ से भैरव मंदिर के बीच शटल सेवा से टैक्सी संचालन के लिए टेंडर प्रक्रिया का विरोध करते हुए टैक्सी यूनियन ने तहसील में प्रदर्शन कर धरना दिया। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत टैक्सी चालकों व मालिकों की रोजी रोटी छीन रही है।

बाद में बनबसा में जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार शिविर में पहुंचकर टैक्सी स्वामियों ने जिलाधिकारी मनीष कुमार को टेंडर प्रक्रिया निरस्त करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। कहा कि वर्ष 2025 में मां पूर्णागिरि मेले में जिला पंचायत की ओर से शटल सेवा के टेंडर को निरस्त कराने के लिए टैक्सी यूनियन अध्यक्ष ने उच्च न्यायालय की शरण ली थी। न्यायालय ने टैक्सी वाहनों का बिना रोक-टोक संचालन करने और टेंडर के नाम पर टैक्सी वाहनों से अतिरिक्त शुल्क वसूलने पर रोक लगाई थी। इस बार भी जिला पंचायत पूर्णागिरि मेले में शटल सेवा के अंतर्गत टेंडर प्रक्रिया कर रही है, जो कोर्ट के आदेश का उल्लंघन है। यूनियन अध्यक्ष मदन कुमार ने कहा कि जिला पंचायत का यह कार्य टैक्सी वाहन स्वामियों का शोषण है। उन्होंने आत्मदाह की चेतावनी दी।

अध्यक्ष मदन कुमार ने आरोप लगाया कि टैक्सी वाहनों का रोड टैक्स जमा होने के बावजूद जिला पंचायत पूर्णागिरि मेले में ठुलीगाड़ से भैरव मंदिर चलनें वाले वाहनों से टेंडर के नाम पर अवैध वसूली कर रही है। प्रदर्शन करने वालों में अंकुर सिंह, अंशदीप यादव, मुकेश सिंह, विशाल सिंह, शंकर पाल, सूरज, सुनील रस्तोगी, सागर गुप्ता, भारत कश्यप आदि मौजूद रहे।


टनकपुर तहसील में प्रदर्शन करते वाहन स्वामी व चालक। ● अमृत विचार

# नेपाल में चुनाव को लेकर बॉर्डर 72 घंटे रहेगा सील

- निष्पक्ष चुनाव के लिए भारत नेपाल सीमा पर आवागमन बंद
- जिलाधिकारी मनीष कुमार ने दिए सुरक्षा बरतने के निर्देश

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचारः** जनपद चम्पावत से लगे नेपाल के डडेलधुरा जिले में आगामी 5 मार्च को होने वाले प्रतिनिधि सभा सदस्य चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए भारत-नेपाल सीमा पर आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

प्रमुख जिल्लाधिकारी, डडेलधुरा (नेपाल) द्वारा किए गए औपचारिक अनुरोध के क्रम में जिलाधिकारी चम्पावत मनीष कुमार ने सीमा सील करने के आदेश जारी किए हैं। जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, मतदान प्रक्रिया की संवेदनशीलता को देखते हुए जनपद चम्पावत से लगने वाली नेपाल की अंतर्राष्ट्रीय सीमा को मतदान से ठीक 72 घंटे पूर्व सील कर दिया जाएगा। यह प्रतिबंध दिनांक 3 मार्च की मध्यरात्रि से प्रभावी होगा और मतदान की समाप्ति तक यानी 5 मार्च, की रात 12 बजे तक लागू रहेगा। इस अवधि के दौरान सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था अत्यंत कड़ी रहेगी और किसी भी प्रकार के सामान्य आवागमन की अनुमति नहीं होगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह कदम सीमा पार से होने वाली किसी भी अवांछनीय गतिविधि को रोकने और चुनाव प्रक्रिया की शुचिता बनाए रखने के लिए उठाया गया है। जिलाधिकारी ने सुरक्षा एजेंसियों और सीमा पर तैनात सुरक्षा बलों को इन आदेशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं ताकि सीमा पर शांति व्यवस्था बनी रहे और नेपाल में लोकतांत्रिक प्रक्रिया शांति से संपन्न हो सके।

# कम दृश्यता, रनवे के रखरखाव में कमी से क्रैश हुआ था अजीत पवार का विमान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **एएआईबी ने जारी की अपनी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट**

वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) ने बारामती में 28 जनवरी 2026 को हुई विमान दुर्घटना पर अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट शनिवार को जारी की, रिपोर्ट में दुर्घटना के समय दृश्यता न्यूनतम सीमा से कम होने और हवाई पट्टी तथा रनवे के रखरखाव में कमी की बात का खुलासा हुआ है।

इस हादसे में महाराष्ट्र के तत्कालीन उपमुख्यमंत्री अजित पवार समेत विमान में सवार सभी पांच लोगों की मौत हो गई थी। जांच में पता चला है कि विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से ठीक पहले



पायलट ने कहा था - उफ, उफ। वीएसआर वेंचर्स का लीयरजेट 45 एक्सआर विमान (पंजीकरण संख्या वीटी-एसएसके) मुंबई से पवार को लेकर बारामती पहुंचा था। वहां उतरते समय रनवे 11 की बाईं तरफ विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और उसमें आग लग गई थी। रिपोर्ट में बताया गया है कि बारामती हवाई पट्टी पर सिर्फ वीएफआर (वीजुअल फ्लाइट रूल्स) के तहत परिचालन की अनुमति है जिसके लिए न्यूनतम दृश्यता पांच किलोमीटर होनी चाहिए। पायलट और एटीसी के बीच हुए संचार से पता चलता है कि उस समय दृश्यता तीन किमी थी जिसके बारे में एटीसी ने पायलट को सूचना दी थी। उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों के माध्यम से बताया गया है कि उस समय पुणे के आसपास बादल नहीं था, लेकिन 81 किलोमीटर दूर स्थित बारामती में हल्का कोहरा था।

## आखिर क्यों बिगड़ी बात

अमेरिका और ईरान के संबंध कभी दोस्ती तो कभी दुश्मनी के चरम पर रहे हैं, लेकिन फरवरी 2026 की घटनाओं ने दुनिया को तीसरे विश्व युद्ध के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के परमाणु ठिकानों पर किए गए सर्जिकल स्ट्राइक ने उस कूटनीतिक धागे को तोड़ दिया है, जिसे महीनों की मेहनत से मस्कट और जिनेवा में बुना गया था। यह विवाद महज दो देशों की रंजिश नहीं है, बल्कि वर्चस्व, सुरक्षा और परमाणु हथियारों की दौड़ का एक ऐसा जटिल ताना-बाना है जिसने पूरे पश्चिम एशिया को बारूद के ढेर पर बिठा दिया है। विवाद की गहराई को समझने के लिए हमें 2015 के परमाणु समझौते और फिर 2018 में डोनाल्ड ट्रंप द्वारा उससे हटने के फैसले को देखना होगा। ट्रंप का मानना था कि पिछला समझौता ईरान को बम बनाने से नहीं रोकता, बल्कि उसे केवल टालता है।

## अमेरिका-ईरान वार्ता



### ट्रंप की नाराजगी के कारण

- शून्य संवर्धन की मांग : अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप चाहते हैं कि ईरान को एक ग्राम यूरेनियम भी संवर्धित करने की अनुमति न मिले।
- स्थायी क्लॉज : ट्रंप पुराने समझौते के 'सनसेट क्लॉज' (जिसके तहत कुछ प्रतिबंध समय के साथ खत्म हो जाते) के सख्त खिलाफ हैं। वह एक स्थायी प्रतिबंध चाहते हैं।
- ईरान का आक्रामक रुख : बातचीत के दौरान भी हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में अमेरिकी जहाजों पर हमले जारी रहे, जिससे ट्रंप को लगा कि ईरान केवल बातचीत का नाटक कर रहा है।

### विवाद की मुख्य वजह

- परमाणु बम का डर : अमेरिका को संदेह है कि ईरान फतवा (परमाणु हथियारों के खिलाफ धार्मिक आदेश) की आड़ में गुप्त रूप से परमाणु हथियार विकसित कर रहा है।
- मिसाइल प्रोग्राम : ईरान के पास मध्य-पूर्व में सबसे बड़ा बैलिस्टिक मिसाइल शस्त्रागार है। अमेरिका चाहता है कि परमाणु वार्ता में मिसाइलों को भी शामिल किया जाए, जिसे ईरान अपनी संप्रभुता का उल्लंघन मानता है।
- क्षेत्रीय विस्तारवाद : ईरान द्वारा हमास (गाजा), हिजबुल्ला (लेबनान) और हूतियों (यमन) को दिया जाने वाला समर्थन अमेरिका और उसके मित्र देशों (इजरायल, सऊदी अरब) के लिए बड़ा खतरा है।
- आर्थिक प्रतिबंध : अमेरिका ने ईरान की अर्थव्यवस्था की रीढ़ 'तेल निर्यात' पर कड़े प्रतिबंध लगा रखे हैं, जिसे ईरान 'आर्थिक आतंकवाद' कहता है।

वर्तमान स्थिति दिखाती है कि कूटनीति केवल औपचारिकता रह गई है। ईरान पीछे नहीं हटता और अमेरिका हमले जारी रखता है, तो दुनिया ऊर्जा संकट और क्षेत्रीय अस्थिरता की चपेट में आ जाएगी।

### मस्कट से जिनेवा तक

- **सहमति के बिंदु : ईरान इस बात पर राजी हो गया था कि वह 60% संवर्धित यूरेनियम के स्टॉक को फ्रीज कर देगा और अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के निरीक्षकों को अधिक पहुँच प्रदान करेगा।**
- **टकराव के बिंदु : ईरान चाहता था कि अमेरिका पहले सभी प्रतिबंध हटाए और भविष्य में किसी भी राष्ट्रपति द्वारा समझौते से दोबारा न हटने की कानूनी गारंटी दे।**

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में हो सकता है विलंब

**तिरुवनंतपुरम।** तिरुवनंतपुरम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने शनिवार को यात्रियों के लिए एक परामर्श जारी कर आगाह किया कि कुछ अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में देरी हो सकती है या उनके मार्ग में बदलाव किया जा सकता है। हवाई अड्डे ने कहा कि संभावित व्यवधान कई अंतर्राष्ट्रीय हवाई क्षेत्रों के अस्थायी रूप से बंद होने और प्रतिबंधों के कारण हैं। तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने परामर्श में कहा कि यात्रियों को हवाई अड्डे की यात्रा करने से पहले संबंधित एयरलाइनों के साथ उड़ान की नवीनतम स्थिति की जांच करने और उसी के अनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाने की सलाह दी गई है।

### हूती विद्रोही जहाजों पर फिर शुरू करेंगे हमले

**काहिरा।** यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने ईरान के समर्थन में समुद्री मार्गों और इजराइल पर मिसाइल एवं ड्रोन हमले फिर से शुरू करने का फैसला किया है। हूती विद्रोहियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने यह बात नाम उजागर न करने की शर्त पर कही क्योंकि हूती नेतृत्व की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि विद्रोहियों का पहला हमला आज रात ही हो सकता है। ट्रंप प्रशासन के साथ हुए एक समझौते के तहत विद्रोहियों ने लाल सागर के समुद्री मार्ग पर अपने हमले रोक दिए थे।

### सिएरा लियोन के 16 सैनिकों को किया रिहा

**कोनाक्री (गिनी)।** अफ्रीकी देश गिनी ने शुक्रवार को पड़ोसी देश सिएरा लियोन के उन 16 सैनिकों और पुलिस अधिकारियों को रिहा कर दिया जिन्हें इस सप्ताह की शुरुआत में सीमा विवाद में गिरफ्तार किया गया था। सिएरा लियोन के प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। सिएरा लियोन के सूचना मंत्रालय ने एक पोस्ट में कहा, गिनी के अधिकारियों द्वारा गिरफ्तार किए गए सभी सुरक्षा अधिकारियों को सिएरा लियोन को सौंप दिया गया है।

### एएनटीएफ ने अफीम सहित युवक को पकड़ा

**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान में चित्तौड़गढ़ में मादक पदार्थ निरोधी कार्यबल (एएनटीएफ) ने एक युवक को गिरफ्तार करके उससे करीब ढाई किलोग्राम अवैध अफीम बरामद की है। एएनटीएफ के आईजी विकास कुमार ने शनिवार को बताया कि चित्तौड़गढ़ चौकी ने शुक्रवार देर रात चंदेरिया रोलाहेड़ा मार्ग पर नाकेबंदी के दौरान एक मोटर साइकिल पर सवार युवक को रुकने का इशारा किया तो वह बाइक छोड़कर भागने लगा।

# राष्ट्रपति ट्रंप बोले-ईरान परमाणु हथियार हासिल नहीं कर सकता

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरानी लोगों से अपनी सरकार पर नियंत्रण करने की अपील की

- **ईरान को बताया दुनिया का सबसे बड़ा आतंकवाद प्रायोजक देश**

**वेस्ट पाम बीच, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किए गए आठ मिनट के वीडियो में कहा कि अमेरिका ने ईरान में बड़े पैमाने पर युद्ध अभियान शुरू कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि ईरान ने अपने परमाणु कार्यक्रम को विकसित करना जारी रखा है और अमेरिका तक मार करने में सक्षम मिसाइलों को विकसित करने की योजना बना रहा है। ट्रंप ने ईरानी लोगों से अपनी सरकार पर नियंत्रण हासिल करने की अपील की।

ट्रंप ने अपने बयान में कहा कि कुछ समय पहले, अमेरिकी सेना ने ईरान में बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान शुरू किए। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य ईरानी शासन से उत्पन्न होने वाले सभी खतरों को समाप्त करके अमेरिकी जनता की रक्षा करना है। उन्होंने कहा, ईरानी शासन 47 वर्षों से अमेरिका मुर्दाबाद के नारे लगा रहा है और अमेरिका, हमारे सैनिकों और कई देशों में निर्दोष लोगों को निशाना बनाकर रक्तपात और सामूहिक हत्या का एक अंतहीन अभियान चला रहा है। ट्रंप ने कहा, शासन के शुरुआती कृत्यों में से एक तेहरान में अमेरिकी दूतावास पर हिंसक कब्जे का समर्थन करना था, जिसमें दर्जनों अमेरिकी नागरिकों को 444 दिनों तक बंधक बनाकर रखा गया था। ट्रंप ने कहा कि ईरान के सहयोगी हमास ने ही सात अक्टूबर को इजराइल पर हमले किए, जिसमें 46 अमेरिकियों सहित 1,000 से अधिक निर्दोष की हत्या कर दी गई। ईरान दुनिया का सबसे बड़ा आतंकवाद प्रायोजक देश है, और उसने हाल ही में विरोध प्रदर्शन कर रहे अपने हजारों नागरिकों को मार डाला।



ईरानी मिसाइल हमले की आशंका में तेल अवीव में एक आश्रय स्थल में शरण लिए लोग।

### खामनेई के मारे जाने की खबरों का खंडन किया

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि उनके देश के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई जहां तक मुझे पता है जीवित हैं। अराघची ने एनबीसी न्यूज से उन खबरों का खंडन किया जिनमें कहा गया था कि इजराइली हमलों में खामेनेई की मौत हो गई है। उनके मरने का दावा कुछ इजराइली मीडिया घरानों ने किया था। अराघची ने इतना अवश्य कहा कि उनके एक या दो कमांडर मारे गए हैं, लेकिन अधिकांश अधिकारी जीवित हैं। अराघची ने ईरान में सत्ता परिवर्तन को असंभव कार्य करार देते हुए कहा कि फिलहाल अमेरिका के साथ कोई संवाद नहीं हो रहा है, कहा कि बातचीत की किसी संभावना से पहले हमलों को रुकना चाहिए।

### अमेरिका-ईरान वार्ता फिर से शुरू करें

**ब्रुसेल्स।** ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने अमेरिका-ईरान वार्ता फिर से शुरू करने का आह्वान किया और क्षेत्र के देशों पर ईरानी हमलों की निंदा की। इन देशों ने शनिवार को ईरान पर हुए अमेरिकी और इजराइली हमलों पर कोई टिप्पणी नहीं की। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने शनिवार को कहा कि उनके देशों ने ईरान पर हुए हमलों में हिस्सा नहीं लिया, लेकिन वे अमेरिका, इजराइल और क्षेत्र के अन्य साझेदारों के साथ घनिष्ठ संपर्क में हैं। इन तीनों देशों ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत के जरिए समाधान निकालने के प्रयासों का नेतृत्व किया है।

## शांति बहाली में सहयोग करे सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमले की निंदा करते हुए शनिवार को कहा कि वह पश्चिम एशिया में सैन्य संघर्ष खत्म कराने में मदद करे और क्षेत्र में रहने वाले सभी भारतीय नागरिकों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करे। मुख्य विपक्षी दल ने यह सवाल भी किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने इजराइल दौर का उपयोग तनाव कम करने के लिए क्यों नहीं किया या फिर वह इस युद्ध का समर्थन करते हैं? अमेरिका और इजराइल ने शनिवार को ईरान के कई शहरों में हवाई हमले किए। ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए पश्चिम एशिया में अमेरिका और इजराइल से जुड़े कई सामरिक स्थलों को निशाना बनाया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच तेजी से बढ़ती शत्रुता बेहद चिंताजनक है। पूरे पश्चिम एशिया में प्रत्येक भारतीय नागरिक की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा, मैं भारत सरकार से हमारे लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल और सक्रिय कदम उठाने का आग्रह करता हूं। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, हम पूरे पश्चिम एशिया में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के बारे में चिंतित हैं।

# अफगान बलों ने गिराया पाकिस्तानी जंगी विमान

**काबुल/इस्लामाबाद, एजेंसी**

- **पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के दावे को मनगढ़ंत-झूठा बताया**

अफगानिस्तान के सुरक्षा बलों ने शनिवार को पूर्वी नंगरहार प्रांत में एक पाकिस्तानी लड़ाकू विमान को मार गिराया और पायलट को हिरासत में ले लिया। स्थानीय मीडिया में रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। तुलु न्यूज़ के अनुसार, अफगान बलों ने पायलट को हिरासत में ले लिया है।

पाकिस्तान के सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने शनिवार को अफ़गान मीडिया के उस दावे को खारिज कर दिया जिसमें उसने नंगरहार प्रांत में एक पाकिस्तानी लड़ाकू विमान को मार गिराने और उसके पायलट को ज़िंदा पकड़ने का दावा किया था। इस बीच, समाचार एजेंसी खामा प्रेस ने नंगरहार पुलिस कमान के प्रवक्ता सैयद तैयब हम्माद के हवाले से कहा कि नंगरहार हवाई अड्डे पर वायु रक्षा प्रणाली के चालू होने के तुरंत बाद लडाकू विमान को मार गिराया गया। उन्होंने इस घटना को एक बड़ी कामयाबी बताया। उल्लेखनीय है कि तालिबान के प्रवक्ता ज़बीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा था कि पाकिस्तान के हमलों में कई अफगानों की जान जा चुकी है, जबकि अफगानिस्तान आत्म रक्षा में सैन्य कार्रवाई कर रहा है। पाकिस्तान ने सैन्य विमान गिराने को झूठा और मनगढ़ंत वाकया बताया। सूचना मंत्रालय ने इस आरोप को पूरी तरह से नकारते हुए कहा कि पाकिस्तान सैन्य बलों का कोई भी लड़ाकू विमान नहीं गिराया गया है और कोई भी पायलट लापता या पकड़ा नहीं गया है। बयान में कहा गया, पाकिस्तान सैन्य बलों ने किसी भी पाकिस्तानी लड़ाकू विमान के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं दी है। मंत्रालय ने कहा कि आरोप को साबित करने के लिए क्रैश का मलबा, मलबा या पकड़े गए पायलट का कोई भी विजुअल सबूत पेश नहीं किया गया है।

### संरा प्रमुख ने हिंसा पर जताई चिंता

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच हिंसा बढ़ने पर चिंता व्यक्त की और दोनों देशों से शत्रुता को तत्काल समाप्त करने का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने शुक्रवार को कहा कि संयुक्त राष्ट्र प्रमुख अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच हिंसा बढ़ने और नागरिक आबादी पर इसके प्रभाव को लेकर बेहद चिंतित हैं। उन्होंने शत्रुता को तत्काल समाप्त करने का आह्वान किया।

# एसआईआर के बाद बंगाल में 7.04 करोड़ से अधिक वोटर

**कोलकाता, एजेंसी।**

- **राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने दी जानकारी**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल ने शनिवार को बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान हटाए गए और जोड़े गए नामों के बाद पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची में मतदाताओं की संख्या 7.04 करोड़ से अधिक है।

अग्रवाल ने पत्रकारों को बताया कि मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया के परिणामस्वरूप फॉर्म-7 के माध्यम से 5.46 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम हटाए गए और फॉर्म-6 एवं फॉर्म-6ए के माध्यम से 1.82 लाख से अधिक मतदाताओं का नाम शामिल किया गया। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान 58 लाख से अधिक गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हुए, जिनमें मृत, स्थानांतरित और दोहराव वाले मतदाताओं के मामले शामिल हैं। अग्रवाल ने यह भी कहा कि 60 लाख से अधिक मतदाता अभी भी विचाराधीन श्रेणी में हैं, लेकिन उन्हें एसआईआर के बाद की मतदाता सूची में शामिल कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि यह संशोधन प्रक्रिया निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार की गई है। वहीं, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्वाचन क्षेत्र भवानीपुर में नए सिरे से राजनीतिक हलचल पैदा कर दी, जहां 47,000 से अधिक नाम हटाए गए हैं और 14,000 से अधिक नामों को विचाराधीन श्रेणी में रखा गया।

## बोलीविया में विमान क्रैश, 15 लोगों की मौत

**ला पाज।** बोलीविया की राजधानी के पास नकदी ले जा रहा एक मालवाहक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे राजमार्ग पर लगभग एक दर्जन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बोलीविया की वायु सेना से संबंधित हरक्यूलिस विमान देश के 'सेंट्रल बैंक' से अन्य शहरों में नए नोट पहुंचाने जा रहा था। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर जमीन पर बड़ी संख्या में नोट बिखरे हुए थे। दमकल विभाग के प्रमुख पावेल टोवर ने यह स्पष्ट नहीं किया कि घटना में मारे गए लोग विमान में थे या ला पाज हवाई अड्डे के पास राजमार्ग पर खड़ी कारों में सवार थे। उन्होंने बताया कि कुछ लोग घायल भी हुए हैं।

# पंजाब में आतंकी गिरोह का भंडाफोड़, आईईडी बरामद

**चंडीगढ़, एजेंसी**

- **खुफिया जानकारी पर पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार**

पंजाब पुलिस ने शनिवार को कहा कि उसने विदेश स्थित एक आतंकी गिरोह का भंडाफोड़ करके दो लोगों को गिरफ्तार करने के साथ आरडीएक्स से भरा और पूरी तरह से तैयार एक परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद किया है। इसके साथ ही पुलिस ने एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम करने का दावा किया है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि एसएएस नगर पुलिस की राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठ (एसएसओसी) ने खुफिया जानकारी के आधार पर एक अभियान चलाया और एक विदेशी आतंकी गिरोह का भंडाफोड़ किया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान लगभग 2.5 किलोग्राम वजन का एक पूरी तरह से तैयार किया गया आरडीएक्स से भरा आईईडी, जिसमें दोहरे विस्फोट तंत्र (रिमोट और टाइमर) लगे थे, एक ग्लॉक पिस्तौल और गोला-बारूद बरामद किया गया। डीजीपी ने बताया कि विदेशी एजेंटों के निर्देशों पर काम कर रहे दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि लक्षित लक्ष्य के संबंध में आगे के निर्देशों के लिए उन्होंने आईईडी को एसबीएस नगर बाईपास के पास छिपा दिया था। यादव ने कहा कि उपकरण पूरी तरह उपयोग के लिए तैयार था।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज पहले की गई मेहनत सुखद परिणाम दे सकती है। व्यापार में नई योजना बना सकते हैं। प्रेम संबंधों में थोड़ी परेशानी रहेगी।

**तुला** – आज समय का बेहतरीन सदुपयोग कर पाएंगे। प्रेम-प्रसंग में नजदीकियां बढ़ेंगी। बच्चों के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

**वृष** – आज आपका दिन बहुत ही शुभ रहने वाला है। सरकारी कार्यों से लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र के लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर लेंगे।

**वृश्चिक** – आज उच्चाधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। आपमें सकारात्मक ऊर्जा की अधिकता रहेगी। अपने लक्ष्य पर पूरा फोकस बनाए रखें।

**मिथुन** – आज नौकरी को बदलने का विचार बना सकते हैं। धर्म के प्रति मन में आस्था कम हो सकती है। आपके व्यवहार की प्रशंसा होगी।

**धनु** – आज आवश्यक कार्यों को दोपहर से पहले पूर्ण कर लें। संपत्ति के क्रय-विक्रय से धन लाभ होगा। वैवाहिक संबंधों का तनाव दूर होगा।

**कर्क** – आज रुके निर्माण कार्यों को दोबारा शुरू कर सकते हैं। फालतू में अपना समय बर्बाद न करें। अधिकारियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**मकर** – आज परोपकार के कार्यों में मन लगाएंगे। विद्यार्थी पढ़ाई में शानदार प्रदर्शन करेंगे। जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा।

**सिंह** – आज अजनबी लोगों से दोस्ती करने से बचें। आपकी दिनचर्या अच्छी नहीं रहेगी। व्यवसाय में धन का नुकसान होगा।


**कुंभ** – आज किसी समारोह में सम्मिलित होने का विचार बनाएंगे। आपको नए अनुभवों के लिए तैयार रहना चाहिए। त्वरित प्रतिक्रिया देने से बचें।

**कन्या** – आज आपको जिम्मेदार व्यक्तियों का मार्गदर्शन मिलेगा। दोपहर बाद शुभ समाचार मिलेंगे। अपना मनोबल व आत्मविश्वास बनाए रखें।

**मीन** – आज किसी से करियर को लेकर सलाह लेना उचित रहेगा। सभी कार्यों को समय से पूर्ण कर लेंगे। प्रेमी के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 1 मार्च, रविवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी 19.09 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- पुष्य 20.34 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

### सुडोकू - 75 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 1 | 8 | 6 | 9 | 4 | 5 | 3 |
| 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 | 7 | 1 | 6 |
| 5 | 6 | 3 | 4 | 1 | 7 | 9 | 8 | 2 |
| 9 | 2 | 6 | 5 | 3 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 7 | 5 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 8 | 9 | 7 | 6 | 2 | 4 | 5 |
| 6 | 9 | 7 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 5 | 8 | 6 | 4 |
| 8 | 4 | 5 | 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 7 |

### सुडोकू -76

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 7 | | | | | 2 | |
| | 3 | 6 | | | 5 | 8 | | |
| 9 | | | 7 | | 2 | | | 6 |
| | | 4 | | | | | | |
| | 5 | 1 | | | | 7 | 9 | |
| | | | 1 | | | 2 | | 8 |
| 5 | | | 3 | | 7 | | | 1 |
| | | 8 | | | | 6 | 5 | |
| | 6 | | | | | 3 | 4 | |

# शिक्षक भर्ती घोटाला: कोर्ट ने बंगाल सरकार को फटकारा

**कोलकाता, एजेंसी**

- **विद्यालय सेवा आयोग के पूर्व सलाहकार सिन्हा को दी बेल**

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने अभियोजन की मंजूरी देने में लंबे समय तक देरी करने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार की आलोचना करते हुए स्कूल शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में विद्यालय सेवा आयोग के पूर्व सलाहकार एस पी सिन्हा को जमानत दे दी है।

न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने शुक्रवार को सशर्त जमानत देते हुए सिन्हा को एक लाख रुपये के मुचलके के साथ इतनी ही राशि के दो जमानतदार पेश करने और विशेष पीएमएलए अदालत के समक्ष अपना पासपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। अदालत ने सरकारी सहायक शिक्षक का पद दिलाने का वादा करके विद्यालयों में नौकरी के इच्छुक अभ्यर्थियों से बड़ी रकम वसूले जाने का उल्लेख करते हुए कहा, ये आरोप शायद चिटफंड संचालकों द्वारा किए गए अपराधों से भी कहीं अधिक जघन्य हैं। जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने कहा कि अदालत अभियोजन की स्वीकृति से जुड़े आंतरिक रूप से संबद्ध मुद्दे का उल्लेख किए बिना नहीं रह सकती। अदालत ने कहा, न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध होगा यदि सभी आरोपियों को लंबी हिरासत के कारण धीरे-धीरे जमानत मिल जाए, लेकिन राज्य द्वारा मंजूरी नहीं मिलने के कारण मुकदमा रुक जाए।

## डीयू दीक्षांत समारोह

### उपराष्ट्रपति ने कहा-अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा दें विश्वविद्यालय

# भारत के विकास में स्नातकों की भूमिका अहम

- **वैश्विक रैंकिंग पाने के लिए ऊंचा लक्ष्य रखना जरूरी**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने स्नातकों को 'विकसित भारत' के सपने का वास्तुकार बताते हुए शनिवार को कहा कि विश्वविद्यालयों को ऐसे अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना चाहिए, जो भारतीय परिस्थितियों से जुड़े हों और साथ ही वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी भी हों। वह यहां दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के 102वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने उच्च शिक्षा में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का उल्लेख करते हुए कहा कि इस वर्ष 70 प्रतिशत से अधिक स्वर्ण पदक विजेता महिलाएं हैं। समारोह में 1.2 लाख से अधिक छात्रों को डिग्रियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम में राधाकृष्णन मुख्य अतिथि थे, जबकि समारोह की अध्यक्षता डीयू के कुलपति योगेश सिंह ने की।



राधाकृष्णन ने कहा कि डीयू की शुरुआत तीन कॉलेज, दो संकाय और आठ विभागों से हुई थी। उन्होंने कहा कि आज विश्वविद्यालय 16 संकायों, 86 विभागों, 90 कॉलेजों, 20 हॉल और छात्रावासों, 30 से अधिक केंद्रों व संस्थानों, 34 पुस्तकालयों और छह लाख से अधिक छात्रों के साथ एक विशाल संस्थान बन चुका है। इस उपलब्धि का श्रेय शिक्षकों, प्रशासकों और छात्रों के सामूहिक प्रयासों का है। विवि में प्रवेश के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि कुलपति योगेश सिंह ने उन्हें बताया कि सीट बिना देरी के भर जाती है और कट-ऑफ 98 प्रतिशत तक पहुंच जाती है। कहा कि डीयू देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में है, फिर भी वैश्विक रैंकिंग में ऊंचा स्थान पाने को ऊंचा लक्ष्य रखना चाहिए।

### डिग्रियां प्रमाणपत्र ही नहीं राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता

कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जलवायु चुनौतियों और लोकतंत्र पर बढ़ते दबावों के दौर में उन्होंने कहा कि आपकी डिग्री केवल प्रमाण पत्र नहीं बल्कि मानवता और राष्ट्र के प्रति एक प्रतिबद्धता है। उन्होंने छात्रों से आजीवन सीखने की भावना बनाए रखने, नशीले पदार्थों से दूर रहने और अपनी उपलब्धियों से परिवार, विश्वविद्यालय और देश का नाम रोशन करने का आग्रह किया। कहा कि 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में स्नातक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। विश्वविद्यालयों को अनुसंधान, उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा देना चाहिए।



कशमीरी 'विलो' (बल्ला) कई चैंपियनों की किट का हिस्सा रही है। जम्मू-कश्मीर का चैंपियनों को सक्षम बनाने से लेकर खुद चैंपियन बनने तक का सफर देखना बेहद खूबसूरत है। यह सत्र निरंतरता, जुझारूपन और उत्कृष्ट प्रदर्शन पर आधारित था।

–सचिन तेंदुलकर

## सुपर-8 में आज

| टीम | समय |
|---|---|
| जिम्बाब्वे-द. अफ्रीका | दोपहर 3 बजे |
| भारत-वेस्टइंडीज | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट

### अपने अभियान का सकारात्मक अंत चाहेगा जिम्बाब्वे

**नई दिल्ली।** सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो जाने के बावजूद जोश से भरी जिम्बाब्वे की टीम को अगर टी20 विश्व कप में अपने अभियान का शानदार अंत करना है तो उसे बेहतरीन फॉर्म में चल रहे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले सुपर आठ के मैच में अपनी गेंदबाजी की कमजोरियों को दूर करना होगा। जिम्बाब्वे ने लीग चरण में अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहकर सुपर आठ में जगह बनाई थी लेकिन इस चरण में उसे वेस्टइंडीज और भारत के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद सिकंदर रजा की अगुवाई वाली यह टीम दक्षिण अफ्रीका को कड़ी टक्कर देने के लिए प्रतिबद्ध होगी। आईसीसी के इस टूर्नामेंट में दक्षिण अफ्रीका को हराना मुश्किल है और अगर जिम्बाब्वे को उसे चुनौती देनी है तो उसके गेंदबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा जिन्होंने वेस्टइंडीज और भारत के खिलाफ पिछले दो मैच में 250 से अधिक रन लुटाए।

### वरुण अब भी टी-20 के नंबर गेंदबाज हैं: डारेन सैमी

**कोलकाता।** वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डारेन सैमी ने रविवार को यहां ईडन गार्डन्स में टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ अपने 'वर्चुअल क्वार्टरफाइनल' से पहले कहा कि पिछले दो मैच में रन लुटाने के बावजूद वरुण चक्रवर्ती टी20 क्रिकेट में दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बने हुए हैं। चक्रवर्ती ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने चार ओवर में 47 रन दिए। भारत के पिछले सुपर आठ मैच में जिम्बाब्वे जैसी कमजोर टीम के खिलाफ भी उन्हें संघर्ष करना पड़ा। लेकिन सैमी ने साफ किया कि कुछ खराब प्रदर्शन से चक्रवर्ती का नंबर एक गेंदबाज होने का रुतबा कम नहीं होता। सैमी ने शनिवार को मैच से पहले मीडिया से बातचीत में कहा पिछली बार जब मैंने देखा था तो मुझे लगता है कि वह टी20 क्रिकेट में नंबर एक गेंदबाज थे। हम हर प्रतिद्वंद्वी टीम का सम्मान करते हैं।

### मिशेल ने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार जीता

दुबई, 28 फरवरी (वार्ता) न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज डेरिल मिशेल ने जनवरी 2026 के लिए आईसीसी पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार जीता है। उन्होंने लगातार दो शतक लगाकर न्यूजीलैंड को भारत के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में जीत दिलाई थी। न्यूजीलैंड के मिशेल ने भारत के टी-20 कैप्टन सूर्यकुमार यादव और इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट को पीछे छोड़कर यह पुरस्कार जीता। जनवरी में भारत में तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में, न्यूजीलैंड ने 0-1 से पिछड़ने के बाद 2-1 से जीत हासिल की। मिशेल ने दूसरे मैच में नाबाद 131 रन बनाकर अपनी टीम की वापसी कराई और तीसरे मैच में 137 रन बनाकर अपनी टीम को 337/8 के मैच जिताने वाले स्कोर तक पहुंचाया।

# जो जीतेगा, वही खेलेगा सेमीफाइनल

## वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत का मुकाबला आज, गेंदबाजी में करना होगा बेहतर प्रदर्शन



**टी-20 विश्व कप**

कोलकाता, एजेंसी

भारतीय बल्लेबाज अब अपने पुराने रंग में दिख रहे हैं, लेकिन गेंदबाज अब भी प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। ऐसी परिस्थितियों में वेस्टइंडीज के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले टी-20 विश्व कप के क्वार्टर फाइनल जैसे सुपर आठ के मैच में उसे इस विभाग में अपना बेहतर प्रदर्शन करना होगा। वेस्टइंडीज की दक्षिण अफ्रीका से हार और भारत की जिम्बाब्वे पर जीत ने ग्रुप एक के सुपर आठ के इस मैच को दोनों टीम के लिए करो या मरो जैसा बना दिया है। इसलिए अब दोनों टीम कोई कसर नहीं छोड़ेंगी और ऐसे में ईडन गार्डन्स में एक रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है।

इस मैच के विजेता को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मार्च को दूसरे सेमीफाइनल में खेलने का मौका मिलेगा। जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत ने बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया। उसके बल्लेबाज सही समय पर लय में लौट आए हैं और अब गेंदबाजों की बारी है। पिछले मैच में शीर्ष क्रम में वापसी करने वाले संजू सैमसन सहित चोटी के सभी छह बल्लेबाजों ने उपयोगी योगदान दिया। संजू ने केवल 24 रन बनाए, लेकिन उन्होंने शुरू में ही रन गति तेज कर दी जिसका बाकी बल्लेबाजों पर सकारात्मक असर पड़ा। उनके आक्रामक रवैये ने अभिषेक शर्मा के हौसले को बुलंद किया, जिनका इस टूर्नामेंट में पिछला सर्वश्रेष्ठ स्कोर 15 था, जो उन्होंने लगातार तीन मैचों में शून्य पर आउट होने के बाद बनाया था। अभिषेक ने अर्धशतक लगाकर शानदार वापसी की तो तिलक वर्मा ने नंबर छह की अपनी नई भूमिका में नए इरादे के साथ बल्लेबाजी करते हुए 16 गेंदों में 44 रन बनाए। भारत ने चार विकेट पर 256 रन बनाए जो इस टी20 विश्व कप का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वे बिना किसी चिंता के ईडन गार्डन्स पहुंचे हैं। जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या ने भी शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन स्पिन गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती अपने पुराने फॉर्म में नहीं नजर आ रहे हैं। यह रहस्यमयी स्पिनर अपनी लेंथ को सही ढंग से नियंत्रित करने में विफल रहा है और ऐसा लगता है कि वह बहुत ज्यादा प्रयोग कर रहे हैं। चक्रवर्ती के नहीं चल पाने के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत को नुकसान हुआ। चक्रवर्ती ने उस मैच में चार ओवर में 47 रन लुटा दिए थे। वरुण ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ज्यादातर शॉर्ट पिच गेंदें की और जब उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ फुल लेंथ गेंद करने की कोशिश की तब भी उन्हें खास सफलता नहीं मिली। इस मैच में अनुभवी सिकंदर रजा ने उन्हें निशाने पर रखा। वरुण ने इस मैच में चार ओवरों में 35 रन दिए। यह देखना बाकी है कि टीम प्रबंधन चक्रवर्ती को अंतिम एकादश में बनाए रखता है या बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को टीम में शामिल करता है। कुलदीप ने वर्तमान टूर्नामेंट में अभी तक केवल एक मैच खेला है।




अभ्यास सत्र के दौरान पिच का निरीक्षण करते वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप (दाएं)। एजेंसी

### टीम

**भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, इशान किशन, हार्दिक पंड्या, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रिंकू सिंह।

**वेस्टइंडीज:** शाई होप (कप्तान), जॉनसन चार्ल्स, शिमरोन हेटमायर, ब्रैंडन किंग, रोवमैन पॉवेल, शेरफेन रदरफोर्ड, क्वेंटिन सैम्पसन, रोस्टन चेस, जेसन होल्डर, रोमारियो शेफर्ड, मैथ्यू फोर्डे, अकील हुसैन, शमर जोसेफ, गुडाकेश मोती और जेडन सील्स।



कुलदीप यादव। एजेंसी

### सुपर-8 ग्रुप 1

| टीम | मैच | जीत | हार | रद | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. साउथ अफ्रीका | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 2.890 |
| 2. वेस्टइंडीज़ | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | 1.791 |
| 3. भारत | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -0.100 |
| 4. ज़िम्बाब्वे | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -4.475 |

### सुपर-8 ग्रुप 2

| टीम | मैच | जीत | हार | रद | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. इंग्लैंड | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | 1.096 |
| 2. न्यूज़ीलैंड | 3 | 1 | 1 | 1 | 3 | 1.390 |
| 3. पाकिस्तान | 3 | 1 | 1 | 1 | 3 | -0.123 |
| 4. श्रीलंका | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -1.950 |

### तिलक वर्मा छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आदर्श दिख रहे: सहायक कोच रेयान डोएशे

**कोलकाता।** भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे का मानना है कि तिलक वर्मा छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए आदर्श हैं जिससे मेजबान टीम को पारी के आखिर में जरूरी आक्रामकता मिलेगी। लेकिन रविवार को यहां टी20 विश्व कप में वेस्टइंडीज के खिलाफ 'वर्चुअल क्वार्टर-फाइनल में ऐसा जरूरी नहीं है। टूर्नामेंट के पहले पांच मैच में खराब प्रदर्शन के बाद टीम ने मुंबई इंडियंस के इस स्टाइलिश बल्लेबाज को जिम्बाब्वे के खिलाफ छठे नंबर पर भेजने का फैसला किया। उन्होंने अपनी नयी भूमिका में 16 गेंदों में 44 रन बनाए जिसमें चार छक्के और तीन चौके शामिल थे और उनका स्ट्राइक-रेट 275 का था। डोएशे ने कहा नहीं, यह पहले से तय नहीं है कि वह कल पांचवें या छठे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। मुझे लगा कि उस रात वह छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाला बल्लेबाज दिख रहा था। वह ऐसे लग रहा था कि वह सच में सहज है।

# भारतीय महिला टीम को दूर करनी होगी बल्लेबाजी की कमजोरी

होबार्ट, एजेंसी

- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरा व अंतिम वनडे आज
- दो मुकाबले हारकर भारत पहले ही गवां चुका है सीरीज

पहले दो मैचों में बुरी तरह हारने के बाद बैकफुट पर खड़ी मौजूदा विश्व चैंपियन भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अगर जीत हासिल करके अपनी प्रतिष्ठा कुछ हद तक बचानी है तो उसको अपनी बल्लेबाजी की कमजोरियों को दूर करना होगा।

भारतीय टीम पहले दोनों मैच में चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने में नाकाम रही और ऑस्ट्रेलिया ने बिना किसी परेशानी के लक्ष्य हासिल करके श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई। यह लगातार 12वां अवसर है जबकि भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया से वनडे श्रृंखला गंवाई। असल में भारत अभी तक अपने इस प्रतिद्वंदी से द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला नहीं जीत पाया है।

पहले मैच में भारत ने पावरप्ले के अंदर ही तीन विकेट गंवा दिए थे और फिर वापसी नहीं कर पाया। भारतीय टीम ने दूसरे वनडे में पहले विकेट के लिए 78 रन की साझेदारी करके अच्छी शुरुआत की थी, लेकिन मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाज इसका फायदा उठाने में नाकाम रहे। भारत ने 17वें और 31वें ओवर के बीच सिर्फ 52 रन पर पांच विकेट गंवा दिए। यह एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर उन्हें ध्यान देने की जरूरत है।

पहले वनडे में भारत 214 रन पर आउट हो गया और दूसरे वनडे में नौ विकेट पर 251 रन ही बना पाया। ऑस्ट्रेलिया ने इन दोनों मैच में आसानी से लक्ष्य हासिल किया। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम को अगर क्लीन स्वीप से बचना है तो उसके बल्लेबाजों को अपने खेल में आमूलचूल सुधार करना होगा। युवा सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल ने पहले मैच में शून्य पर आउट होने के बाद शानदार वापसी करते हुए अर्धशतक बनाया, वहीं स्मृति मंधाना ने दोनों मैचों में क्रमशः 31 और 58 रन बनाए। हरमनप्रीत ने भी दो अर्धशतक जड़े। लेकिन जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा जैसी सीनियर बल्लेबाज अभी तक कोई खास योगदान नहीं दे पाए हैं जिससे टीम को नुकसान पहुंचा है।




भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर।

# पाकिस्तान टी-20 विश्व कप से बाहर

पल्लेकल, एजेंसी

- श्रीलंका पर जीत के बावजूद वांक्षित नेट रन रेट नहीं पा सका
- साहिबजादा का शतक और फखर जमां की पारियां गईं बेकार

श्रीलंका के कप्तान दसून शानका ने आखिरी ओवरों में जबर्दस्त बल्लेबाजी करते हुए अपनी टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया। लेकिन आखिरी दो गेंदो पर वह बड़ा शॉट नहीं खेल पाये और पाकिस्तान ये मुकाबला पांच रनों से जीत लिया। दसून शानका ने 31 गेंदों में आठ छक्के और दो चौके लगाते हुए (नाबाद 76 रनों की पारी खेली।

पाकिस्तान रनरेट के आधार पर मैच जीतने के बावजूद टूर्नामेंट से बाहर हो गया है, वहीं न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। 213 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत खराब रही और उसने 33 रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये। पथुम निसंका (तीन) और कामिल मिशारा (26) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद चरित असलंका ने पवन रत्नायके के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिय 42 रन जोड़े। नौवें ओवर में अबरार अहमद ने चरित असलंका 18 गेंदों में (25) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। कामिंडु मेंडिस (तीन) और जनित लियानगे (पांच) रन बनाकर आउट हुये। 18वें ओवर में शाहीन शाह अफरीदी ने पवन रत्नायके को बाउंड्री पर कैच आउट कराया। पवन रत्नायके ने 37 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 58 रनों की पारी खेली। श्रीलंका की टीम निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 207 रन हीं बना सकी। इससे पहले आज यहां साहिबजादा फरहान (100) और फखर जमां (82) विस्फोटक बल्लेबाजी के अबरार अहमद (तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने टी-20विश्वकप के सुपर आठ में आठ विकेट पर 212 रनों विशाल स्कोर बनाया। श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान के लिए साहिबजादा फरहान और फखर जमां की सलामी जोड़ी ने विस्फोटक शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 176 रन जोड़े। 16वें ओवर में दुशमंता चमीरा ने फखर जमां को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। फखर जमां ने 42 गेंदों में नौ चौके और चार छक्के लगाते हुए 82 रनों की पारी खेली। अगले ही ओवर में दिलशान मदुशंका ने ख्वाजा नफे (दो) को अपना शिकार बना लिया। 18वें ओवर में शादाब खान (नौ) रनआउट हुये।




शॉट लगाते श्रीलंका के दसून शानका। एजेंसी

**सफलता** | 67 साल का लंबा इंतजार खत्म, आठ बार के पूर्व चैंपियन कर्नाटक को हराया, फाइनल के पहले ही प्रवेश में जीती रणजी ट्रॉफी

# जम्मू-कश्मीर ने 10 दिनों में दूसरी बार रचा इतिहास

खेल डेस्क

**अमृत विचार।** जम्मू-कश्मीर ने युवा खिलाड़ियों के दृढ़प्रतिज्ञ प्रदर्शन से 10 दिनों के भीतर दूसरी बार इतिहास रचा और राष्ट्रीय क्रिकेट की श्रेष्ठता की प्रतीक रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता में फाइनल के पहले ही प्रयास में आठ बार के पूर्व चैम्पियन कर्नाटक को उसके घर में हराकर ऐतिहासिक खिताबी जीत भी हासिल कर ली।

गत 18 फरवरी की ही बात है, जब कल्याणी स्थित बंगाल क्रिकेट अकादमी ग्राउंड पर जम्मू-कश्मीर ने इतिहास रचते हुए दूसरे सेमीफाइनल के चौथे दिन मेजबान पश्चिम बंगाल को छह विकेट से हराकर रणजी ट्रॉफी में अपने पदार्पण के बाद 67 वर्षों में पहली बार फाइनल का सफर तय किया था। पारस डोगरा की अगुआई वाली मेहमान टीम ने यहां केएससीए हुबली क्रिकेट ग्राउंड पर भी अपना वही जोश व जज्बा कायम रखा और शनिवार को ड्रॉ छूटे मैच में पहली पारी की बढ़त के आधार पर चैम्पियन का श्रेय अर्जित कर लिया। जम्मू-कश्मीर टीम के लिए इससे अधिक गर्व का क्षण और क्या हो सकता था कि मैच के पांचवें और अंतिम दिन जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी अपने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने और इस ऐतिहासिक उपलब्धि का साक्षी बनने के लिए स्टेडियम में मौजूद थे। उमर अब्दुल्ला शुक्रवार की शाम ही यहां आ गए थे।

वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा क्रिकेट जगत व अन्य क्षेत्रों के लोगों ने पहली बार चैम्पियन बनने पर जम्मू-कश्मीर को बधाई दी है। पीएम मोदी ने अपने बधाई संदेश में लिखा, 'जम्मू और कश्मीर टीम को पहली बार रणजी ट्रॉफी जीतने पर बधाई! यह ऐतिहासिक जीत टीम के जबर्दस्त धैर्य, अनुशासन और जुनून को दिखाती है। यह जम्मू और कश्मीर के लोगों के लिए गर्व का पल है।



ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते जम्मू-कश्मीर की टीम। एजेंसी

### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

| | |
|---|---|
| जम्मू-कश्मीर | 584, 342 |
| कर्नाटक | 293 |

### एक समय कमजोर टीम माना जाता था जम्मू-कश्मीर को

रणजी ट्रॉफी का इतिहास 92 साल पुराना है लेकिन जम्मू कश्मीर की टीम ने 67 साल पहले पहली बार इस राष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था। एक समय उसे कमजोर टीम माना जाता था लेकिन अब उसने अपने कौशल और दृढ़ संकल्प से खुद को मजबूत टीम साबित कर दिया। जम्मू-कश्मीर 2013-14, 2019-20 और 2024-25 के सत्र में क्वार्टर फाइनल में पहुंचा था, लेकिन लेकिन वह इससे आगे बढ़ने में नाकाम रहा था।

### यह मेरे जीवन का सबसे बड़ा क्षण: कप्तान डोगरा

**हुबली।** जम्मू कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा ने शनिवार को कहा कि उनकी टीम की रणजी ट्रॉफी में ऐतिहासिक जीत को बयां करने के लिए उनके पास शब्द नहीं है और यह उनके जीवन का सबसे बड़ा क्षण है। जम्मू कश्मीर ने कर्नाटक के खिलाफ फाइनल मैच ड्रॉ होने के बाद पहली पारी में बढ़त के आधार पर अपना पहला रणजी ट्रॉफी खिताब जीतकर इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया।

डोगरा ने मैच के बाद कहा सच कहूं तो मैं इसे शब्दों में बयान नहीं कर सकता, मेरे पास शब्द नहीं हैं। इस समय यह मेरे जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। विदा होने से पहले यह मेरे जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि होगी। सच कहूं तो जेकेसीए (जम्मू कश्मीर क्रिकेट संघ) के साथ रहना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

### उमर अब्दुल्ला ने दो करोड़ रुपये की घोषणा की

**श्रीनगर।** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक रणजी ट्रॉफी जीत पर खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए दो करोड़ रुपये की नकद पुरस्कार राशि की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने इसे जम्मू-कश्मीर क्रिकेट के लिए बड़ी उपलब्धि करार देते हुए कहा कि इस उपलब्धि ने पूरे क्षेत्र को गर्व और प्रेरणा से भर दिया है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को हुबली (कर्नाटक) पहुंचे थे, जहां उन्होंने जम्मू-कश्मीर टीम का उत्साहवर्धन किया।

